CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 22°C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 7 अगस्त 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 206 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 12 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद नहीं कर रही है: अखिलेश यादव पेज 2



करियर की बेस्ट रैंकिंग पर पहुंचे सिराज और कृष्णा खेल टाइम्स



हमें सिर्फ कश्मीर चाहिए, कश्मीरी नहीं सम्पादकीय



नेतन्याहू ने गाजा पर कब्जे का बनाया प्लान आर्मी चीफ ने जताया विरोध पेज 12

# RBI ने रेपो रेट में नहीं किया बदलाव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस बार रेपो रेट में बदलाव नहीं किया है। इसे 5.5 प्रतिशत पर जस का तस रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी।

आरबीआई ने जून में ब्याज दर 0.50 फीसदी घटाकर 5.5 फीसदी की थीं। यह फैसला मानेटरी पॉलिसी कमेटी की 4 से 6 अगस्त तक चली मीटिंग में लिया गया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि कमेटी के



**■ 5.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा, लोन महंगे नहीं होंगे, ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी**

सभी मेंबर्स ब्याज दरों में स्थिर रखने के पक्ष में थे। टैरिफ अनिश्चितता के कारण ये फैसला लिया गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी आरबीआई जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है, उसे रेपो रेट कहते हैं। इसमें बदलाव नहीं होने का मतलब है कि ब्याज दरें न तो बढ़ेंगी न घटेंगी। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि मानसून सीजन अच्छा चल रहा है। साथ ही, त्योहारों का सीजन भी नजदीक आ रहा है, जो आमतौर पर आर्थिक गतिविधियों में उत्साह और तेजी लाता है। ये अनुकूल माहौल, सरकार और रिजर्व बैंक की सहायक नीतियों के साथ, भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए निकट भविष्य में अच्छा संकेत देता है। भले -शेष पृष्ठ दो पर

# धराली त्रासदी: 5 की मौत, 9 जवान सहित 100 लापता

## दो शव बरामद, 400 का रेस्क्यू, केरल के 28 टूरिस्ट का अभी तक सुराग नहीं, सर्च ऑपरेशन जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून/ उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में बादल फटने से प्रभावित इलाकों धराली, हर्षिल और सुखी टॉप में सर्च ऑपरेशन जारी है। त्रासदी में अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। 100 से ज्यादा लोग लापता हैं। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ ,आईटीबीपी और आर्मी बचाव कार्य में जुटी हैं। आईटीबीपी के प्रवक्ता कमलेश कमल ने बताया कि 400 से ज्यादा लोगों का रेस्क्यू किया गया है। 100 से ज्यादा



**■ पीएम ने दिल्ली में उत्तराखंड के सांसदों से मुलाकात की**

**■ वायुसेना के विमान राहत सामग्री लेकर पहुंचे**

अभी भी फंसे हैं। शाम तक उन्हें भी बचा लिया जाएगा। एनडीआरएफ डीआईजी शहीदी ने कहा कि सेना के 9 जवान लापता हैं। बुधवार सुबह पीएम मोदी ने उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बात की। इसके बाद धामी ने धराली और दूसरी जगहों का एरियल सर्वे किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन को लेकर मीटिंग भी -शेष पृष्ठ दो पर

### पौड़ी जिले में बादल फटा

**देहरादून।** उत्तराखंड में बुधवार को भी भारी बारिश जारी है। पौड़ी जिले में बादल फटा है। यहां के बुरांसी गांव में मलबा गिरने से दो महिलाएं दब गईं। इनमें से एक महिला का शव बरामद हो चुका है, जबकि दूसरी की तलाश जारी है। वहीं, बाकुंडा गांव में भी बादल फटा, जहां 5 नेपाली मजदूरों के बहने की सूचना है।

### अनाथ बच्चों को मुफ्त शिक्षा के लिए राज्य सरकारें 4 हफ्ते में अधिसूचनाएं जारी करें

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** उच्चतम न्यायालय ने राज्यों को निर्देश दिया कि वे अनाथ, कमजोर वर्गों और वंचित समूहों के बच्चों के लिए निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत कोटे के तहत मुफ्त शिक्षा देने की अनुमति संबंधी अधिसूचनाएं चार सप्ताह के अंदर जारी करें। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने अधिवक्ता पौलोमी पाविनी शुक्ला की ओर से दायर याचिका पर यह आदेश पारित किया। पीठ ने कहा कि दिल्ली, मेघालय, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात ने पहले ही अनाथ बच्चों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 12 (1)(सी) की परिभाषा में शामिल करने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। बाकी राज्य भी इस संबंध में प्रक्रिया चार सप्ताह के भीतर पूरी कर लें।

### बिहार मतदाता सूची से गायब 65 लाख लोगों का शनिवार तक विवरण दे ईसी: SC

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को चुनाव आयोग से कहा कि वह विशेष पुनरीक्षण के दौरान बिहार मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख लोगों (मृत और स्थायी पलायन करने वाले) का विवरण शनिवार तक दे। न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति उज्ज्ल भुयान और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण की गुहार पर यह निर्देश दिया।

### महिला अफसरों को सेना में परमानेंट जॉब क्यों नहीं: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने महिलाओं को सीडीएस (कम्बाइंड डिफेंस सर्विसेज) परीक्षा के जरिए भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) नौसेना अकादमी (आईएनए) और वायुसेना अकादमी (एएफए) में शामिल न करने को लेकर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार उपाध्याय की बेंच ने बुधवार को कहा महिला अफसरों को सेना में परमानेंट जॉब नहीं मिल रही। यह मामला गंभीर है।

# ट्रम्प का भारत पर रंजिशन वार: 25 % एक्स्ट्रा टैरिफ थोपा

## 21 दिन बाद होगा लागू, अब कुल 50% टैरिफ, रूसी तेल खरीदने की बताया वजह

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** ट्रम्प ने भारत पर 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने बुधवार को इससे जुड़े एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए। यह आदेश 27 अगस्त से लागू होगा।

इससे पहले उन्होंने 30 जुलाई को 25 फीसदी टैरिफ का ऐलान किया था। अब तक अमेरिका की तरफ से भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। ट्रम्प ने रूसी तेल खरीद की वजह से भारत पर यह एक्शन लिया है। मंगलवार को उन्होंने कहा था कि भारत रूस के साथ व्यापार करके यूक्रेन के खिलाफ रूसी वॉर मशीन को ईंधन देने का काम कर रहा है। इस वजह से अमेरिका को सख्त कदम उठाने की जरूरत है। ट्रम्प ने बुधवार के एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में लिखा है कि भारत सरकार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से रूस से तेल आयात कर रही है। ऐसे में अमेरिका में दाखिल होने वाले भारत के सामानों पर 25 फीसदी का एक्स्ट्रा टैरिफ लागू होगा। यह शुल्क 21 दिन बाद से लागू होगा। हालांकि कुछ खास परिस्थितियों में इस टैरिफ से छूट भी दी जाएगी जैसे कि यदि कोई सामान पहले ही समुद्र में लद चुका है और रास्ते में है, या यदि वह कुछ खास तारीख से पहले अमेरिका में पहुंच चुका है। इससे पहले मार्च 2022 में -शेष पृष्ठ दो पर



**■ कुछ भारतीय सामानों पर टैरिफ लागू नहीं होगा**

### अडानी के खिलाफ अमेरिका में जांच से ट्रम्प की धमकियों से बच रहे हैं मोदी : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि अमेरिका में पीएम मोदी के चहेते उद्योगपति अडानी के खिलाफ जांच चल रही है इसलिए श्री मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिल रही धमकियों का जवाब नहीं दे पा रहे हैं। श्री ट्रम्प की बार-बार की धमकियों पर श्री मोदी की चुप्पी अमेरिका, अडानी और रूस के बीच वित्तीय संबंधों का खुलासा भी करता है। उनका कहना था कि यही वजह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के सामने श्री मोदी खड़े नहीं हो पा रहे हैं। राहुल गांधी 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत, कृपया समझे। पीएम मोदी, राष्ट्रपति ट्रम्प की बार-बार की धमकियों के बावजूद, उनके सामने खड़े नहीं हो पा रहे हैं, इसका कारण अडानी के खिलाफ चल रही अमेरिकी जांच है।

# सपा नेताओं की बुद्धि गधे जैसी: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सपा नेताओं की बुद्धि गधे जैसी हो गई है। सपा नेताओं ने ग से गणेश को ग से गधा पढ़वाया, इन्होंने ग से गधा पढ़ाकर गणपति की अवमानना करने का काम किया है। वे बुधवार को मुरादाबाद पहुंचे और उन्होंने बिलारी के पीपली गांव में अटल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया। इसके साथ ही बटन दबाकर विकास की कई परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

सीएम योगी ने कहा कि सपा के जीवन का हिस्सा था नकल कराना। उन्होंने नकल कराकर युवाओं और पीढ़ी को खोखला किया। सपा को शिक्षा का मॉडल देखना है तो अटल आवासीय स्कूल देखें। हमने एक लाख 54 हजार विद्यालयों की काया बदली। सपा ने हमें एक लाख 54 हजार जर्जर स्कूल दिए, भवन कब गिर जाए, पता नहीं था। स्कूल में बच्चों के लिए टॉयलेट तक की व्यवस्था नहीं थी। हमने कायाकल्प के -शेष पृष्ठ दो पर

**ग से गधा पढ़ाकर गणपति का अपमान किया**

**यूपी के सीएम ने मुरादाबाद में कई परियोजनाओं का किया लोकार्पण**



### सुरक्षा में सेंध लगाने वालों का सम्मान करती थी पिछली सरकारें: योगी

**बरेली (ब्यूरो)।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली पिछली सरकारें सुरक्षा में सेंध लगाने वालों का सम्मान करती थीं।

बरेली में 2264 करोड़ रुपये की 545 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के अवसर पर उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व कांवड़ यात्रा को बदनाम करने की साजिश रचते हैं, लेकिन समाज की जागरूकता और प्रशासन की तत्परता से ऐसे तत्व विफल हो जाते हैं। यह यात्रा अब सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुकी है। बरेली में लाखों श्रद्धालुओं ने नाथ गलियारे में जलाभिषेक कर अपनी आस्था प्रकट की, जो शहर की नई पहचान बन रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रोजगार मेले के माध्यम से चयनित 6000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व टैबलेट प्रदान किए।

# यूट्यूबर एल्विश को सुप्रीम राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने रेव पार्टियों में कथित तौर पर 'सांप के जहर' का इस्तेमाल के आरोपी यूट्यूबर एल्विश यादव उर्फ सिद्धार्थ के खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमे पर बुधवार रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन के सिंह की पीठ ने इस इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली एल्विश यादव की याचिका पर यह आदेश पारित किया। उन्होंने वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम और एनडीपीएस अधिनियम के तहत उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक कार्रवाई को चुनौती दी है। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद याचिकाकर्ता को राहत दी और उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया।

**■ 'सांप के जहर' विवाद मामले में शीर्ष अदालत ने लगाई रोक**

### पीएम ने कर्तव्य भवन का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने दिल्ली में कर्तव्य पथ पर कर्तव्य भवन-03 बिल्डिंग का उद्घाटन किया। यह 2019 में शुरू हुई सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट का हिस्सा है और सीएसएस की 10 में से पहली बिल्डिंग है। कर्तव्य भवन-03 का उद्घाटन सबसे पहले किया गया है। इसे दिल्ली के अलग-अलग जगहों पर स्थित विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को एक साथ लाकर उनके बीच बेहतर कोआर्डिनेशन और कामों में तेजी लाने के लिए डिजाइन किया गया है।

# शाह पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को राहत

रांची/चाईबासा, वार्ता

**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी को झारखंड के चाईबासा की एक एमपी-एमएलए अदालत ने 2018 में एक रैली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी से जुड़े एक मामले में बुधवार को जमानत दे दी।

राहुल गांधी सुबह करीब 10.55 बजे अदालत में पेश हुए। इस दौरान कांग्रेस सांसद के वकील ने कहा कि राहुल गांधी झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार अदालत में पेश हुए। उन्होंने जमानत मांगी थी, जो मंजूर हो गई। अब हम प्रक्रिया को आगे बढ़ाएंगे। यह मामला 2018 में चाईबासा में एक चुनावी रैली के दौरान दिए गए भाषण से जुड़ा है, जिसमें राहुल गांधी ने अमित शाह पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसी को लेकर प्रताप कुमार नाम के एक शख्स ने चाईबासा के मजिस्ट्रेट कोर्ट में उनके खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया था। प्रताप कुमार का आरोप है कि राहुल गांधी ने जानबूझकर यह बयान दिया था।



**■ झारखंड की चाईबासा कोर्ट से मिली जमानत**

### राज्यमंत्री से अभद्रता करने वाला कनिष्ठ अभियंता निलंबित

**लखनऊ (ब्यूरो)।** उप्र के सीतापुर के कोरैया गांव में पिछले 20 दिनों से बिजली गुल होने से कारागार राज्य मंत्री और हरगांव (सीतापुर) विधायक सुरेश राही नाराज़ होकर मंगलवार देर शाम को धरने पर बैठ गए। कनिष्ठ अभियंता के व्यवहार से दुखी मंत्री के विरोध के बाद उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री ने मंगलवार देर रात एक कनिष्ठ अभियंता को निलंबित कर दिया।

# सूरत के तीन स्टूडेंट्स ने बनाई एआई सुपर बाइक

सूरत, वार्ता

**गुजरात के** सूरत में तीन स्टूडेंड्स ने एआई आपरेटेड बाइक बनाई है। इस बाइक के 50 फीसदी पुर्जे कबाड़ से और बाकी 50 फीसदी खुद स्टूडेंट्स ने ही तैयार किए हैं। बाइक तैयार करने में 1.80 लाख रुपये की लागत आई है।

भगवान महावीर यूनिवर्सिटी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के शिवम मौर्य, गुरप्रीत अरोड़ा और गणेश पाटिल ने इस बाइक को 'गरुड़' नाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसे डिजाइन करने में उन्हें करीब एक साल का समय लगा है। शिवम मौर्य ने बताया कि बाइक वाईफाई और सेल्फ-ड्रिवन सिस्टम पर काम करेगी। इसमें दो अत्याधुनिक सेंसर लगाए गए हैं। इन सेंसर की मदद से बाइक खुद ही सड़क पर स्थिति का आकलन कर लेती है। अगर कोई दूसरा वाहन इसके 12 फीट के दायरे में आता है, तो बाइक की स्पीड अपने आप स्लो हो जाती है। अगर कोई वाहन 3 फीट के दायरे में आता है, तो बाइक पूरी तरह रुक जाती है। बाइक सवार को बस 3 फीट दूर रुकें कमांड देना होगा और बाइक बिना ब्रेक लगाए रुक जाएगी। यह फीचर हादसों जैसी स्थिति से बचने में काफी मददगार साबित होगा। इस बाइक के दिमाग को रासबेरीपाय के नाम से जाना जाता है, जो एक छोटा कंप्यूटर है। यह सिस्टम कमांड मिलने के बाद अपना काम करना शुरू कर देता है। वायरलेस मोबाइल चार्जिंग सिस्टम भी उपलब्ध बाइक के दूसरे फंक्शन भी पूरी -शेष पृष्ठ दो पर



**■ 50 प्रतिशत पुर्जे कबाड़ से और बाकी के खुद ही तैयार किए, 1.80 लाख रुपये आई लागत**

**■ छात्रों ने बाइक को 'गरुड़' नाम दिया**

# 11 अगस्त से मेरी अदालत में अर्जेंट सुनवाई नहीं: सीजेआई

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा कि 11 अगस्त से उनकी अदालत में सीनियर वकील अर्जेंट सुनवाई की मांग नहीं कर सकते। हालांकि जूनियर वकीलों को इससे छूट दी गई है।

गवई ने कहा कि कम से कम मेरी अदालत में तो इसका पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के बाकी जस्टिस को भी इस प्रथा को अपनाना चाहिए। आमतौर पर वकील दिन की कार्यवाही की शुरुआत में एजेंसी का हवाला देकर जस्टिस के सामने केस की तत्काल सुनवाई की मांग करते हैं। इससे पहले से लिस्टेड मामले छूट जाते हैं।

**■ कहा: 'सीनियर वकीलों को मनाही, जूनियर वकील अर्जी दाखिल कर सकते हैं**

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य का दर्जा बहाल करने को उमर ने दलों को लिखा पत्र

**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने संसद में महत्वपूर्ण उपस्थिति रखने वाले राजनीतिक दलों को पत्र लिखकर उनसे जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाली का प्रयास करने का आग्रह किया है। अब्दुल्ला ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने औपचारिक तौर पर कई दलों से संपर्क किया है और संसद के चालू सत्र में विधेयक पेश करने के लिए उनके समर्थन का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि मैंने संसद में बड़ी संख्या में सांसदों वाले सभी दलों को पत्र लिखकर उनसे जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के वादे को पूरा करने में मदद करने का अनुरोध किया है। यह वादा जनसभाओं, संसद और यहां तक कि उच्चतम न्यायालय में भी किया गया था।

### इण्टर व हाईस्कूल कम्पार्टमेंट परीक्षा का परिणाम जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने वर्ष 2025 की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा का परिणाम बुधवार को जारी कर दिया जिसमें हाईस्कूल का रिजल्ट 100 फीसद व इण्टर मीडिएट का परिणाम 91 फीसद से ऊपर है। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि इस बार हाईस्कूल कम्पार्टमेन्ट/ इम्प्रूवमेन्ट परीक्षा में 15985 बालक तथा 4783 बालिका कुल 20768 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें 14685 बालक तथा 4460 बालिका कुल 19145 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इसी तरह इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा में 12495 बालक तथा 13128 बालिका कुल 25623 परीक्षार्थी पंजीकृत थे।

# यूपी के 13 जिलों के मेडिकल कॉलेजों को मान्यता देने के मामले में जवाब तलब

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मनीष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की याचिका पर दिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के 13 जिलों के राज्य मेडिकल कालेजों को पर्याप्त संसाधन, स्टाफ समेत मान्यता प्रदान करने के आग्रह वाली एक जनहित याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने अगली सुनवाई तीन हफ्ते बाद नियत कर इस बीच मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया के वकील को मामले में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है।

न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मनीष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की याचिका पर दिया। याची ने प्रदेश के 13 जिलों के राज्य मेडिकल कालेजों को पर्याप्त संसाधन, स्टाफ मुहैया कराने समेत मान्यता देने का मुद्दा उठाया है। एक अखबार में प्रकाशित खबरों के आधार पर याची ने कहा कि प्रदेश के 13 जिलों में स्थित राज्य मेडिकल कालेजों को 70 फीसदी संसाधन, स्टाफ आदि की कमी की वजह से मान्यता नहीं मिल सकी और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की रिव्यू कमेटी ने इनको मान्यता प्रमाणपत्र देने की अर्जी खारिज कर दी।

ये मेडिकल कालेज कुशीनगर, कौशांबी, सुल्तानपुर, कानपुर देहात, ललितपुर, पीलीभीत, औरैया, सोनभद्र, बुलंदशहर, गोंडा, बिजनौर, चंदौली और लखीमपुर खीरी के हैं। याची का कहना है कि जनहित में राज्य सरकार को इन मेडिकल कालेजों में पर्याप्त संसाधन, स्टाफ आदि की व्यवस्था तत्काल करनी चाहिए, जिससे इन्हें केंद्रीय आयोग से मान्यता प्रमाणपत्र मिल सके। और इन जिलों के लोगों को बड़े शहरों में इलाज के लिए भागदौड़ न करनी पड़े। मामले की सुनवाई के समय मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया वकील ने याचिका में उठाए गए मुद्दों का जवाब पेश करने के लिए समय देने का आग्रह किया। जिसे कोर्ट ने मंजूर कर मामले को अगली सुनवाई के लिए तीन हफ्ते बाद सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है।

# यूपी के किसानों को आज से मिलेगी सब्सिडी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** योगी सरकार यूपी के किसानों को अनुदान पर कृषि यंत्रों का लाभ दे रही है। किसानों का पारदर्शिता से इसका लाभ मिले, इसके लिए सभी 75 जनपद में जिलाधिक. ारी की अध्यक्षता में कृषि विभाग ई-लॉटरी के माध्यम से किसानों को चुनेगा। यह प्रक्रिया सभी जनपदों में गुरुवार और शुक्रवार को होगी। प्रमोशन आफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट आफ क्रॉप रेज्ड्यू एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के अंतर्गत कृषि यंत्रों की बुकिंग तथा नेशनल मिशन ऑन एडिबल (ऑयलसीड) योजना के अंतर्गत मिनी ऑयल मिल एक्स्ट्रैक्शन यूनिट एवं तिरपाल की बुकिंग किसानों द्वारा विभागीय पोर्टल पर की गई है।



## 75 जिलों में ई-लॉटरी से किया जाएगा चयन

इसका पारदर्शी पूर्ण चयन ई-लॉटरी के माध्यम से कृषि विभाग द्वारा कराया जाएगा। कृषि विभाग के मुताबिक सभी 75 जनपदों में सात और आठ अगस्त को स्थानीय स्तर पर ई-लॉटरी प्रक्रिया संपन्न होगी। इसके लिए जनपदीय उप कृषि निदेशक द्वारा संबंधित किसानों और जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के सदस्यों को सूचित किया गया है। ई-लाटरी के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति जिला स्तरीय समन्वय समिति के सदस्यों का विवरण विभागीय पोर्टल पर बुधवार तक अनिवार्य रूप से फीड कर लिया गया।समिति के कार्यालय ज्ञाप की पीडीएफ फाइल भी विभागीय पोर्टल पर अपलोड रहेगी। कृषि विभाग ने निर्देश जारी किया है कि ई-लाटरी की प्रक्रिया के लिए ऐसे स्थान का चयन किया जाए, जहां इसे अधिक से अधिक किसान देख सकें। सीएम योगी की मंशानुरूप पारदर्शिता के साथ यह प्रक्रिया कराई जाए। इसके लिए बड़ी स्क्रीन लगाकर भी व्यवस्था की जाए। ई-लॉटरी में चयनित किसानों को मोबाइल पर एसएमएस भेजा जाएगा। सूचना एवं बिल अपलोड की अंतिम तिथि की सूचना के साथ-साथ प्रतीक्षा सूची में चयनित कृषकों को भी सूचित किया जाएगा। ई लॉटरी में चयनित न होने वाले किसानों की जमानत धनराशि अधिकतम छह महीने में वापस कर दी जाएगी।

### अधिकारियों की कार्यशैली पर बिफरे राधामोहन दास

**लखनऊ।** भाजपा के राज्यसभा सांसद राधामोहन दास अग्रवाल ने अधिकारियों को उनकी कार्यशैली को लेकर जमकर फटकार लगाई है। अग्रवाल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि इसी को थूक कर चाटना कहते हैं, लेकिन अभी भी अधूरा चाटा जा रहा है असुरन से लेकर खजांची चौराहे तक नाला तोड़ना होगा। मेरा कोई निजी झगड़ा नहीं था। मजबूरी थी कि मैं शहर का विधायक था और देख रहा था कि अधिकारी मूर्खतापूर्ण काम कर रहे थे।

## अयोध्या के 48 गांवों पर खतरा, पीपा पुल बहकर बनारस पहुंचा

# 24 जिलों के 1,245 गांव बाढ़ के पानी में डूबे

लखनऊ, वार्ता

यूपी में बाढ़ विकराल रूप धारण कर चुकी है। एक दिन पहले सीएम योगी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई निरीक्षण किया था। बाढ़-बारिश से 40 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रयागराज, वाराणसी, उन्नाव, गाजीपुर, मिर्जापुर, चित्रकूट, बुलंदशहर समेत 24 जिलों के 1,245 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। नदी-नालों का पानी घरों में घुस चुका है, सड़कें डूब चुकी हैं और कई जिलों में स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है।

लगातार हो रही बारिश भी मुश्किल खड़ी कर रही है। ग्रामीण इलाकों में 360 से अधिक मकान भरभराकर ढह चुके हैं। प्रयागराज के सलोरी,



छोटा बघाड़ा में लोग बाढ़ के कारण पलायन कर रहे हैं।

मिर्जापुर में मंगलवार की रात करीब 7 बजे चुनार तहसील के रैयपुरिया गांव के पास रखे गए पीपे बह गए। इसमें 30 से 35 पीपे कैनाल नारायनपुर के पास रुके हैं। नारायनपुर चौकी इंचार्ज अजय कुमार मिश्रा ने पीपा बहने की जानकारी दी। उधर, अयोध्या में सरयू नदी कहर बरपा रही है। 48 गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। मिर्जापुर जनपद के कछवां थाना क्षेत्र के बजहा गांव में उस समय कोहराम मच गया, जब एक किसान गाय चराते समय बाढ़ के पानी में डूब गया। गांव वालों ने किसान राजेंद्र को डूबते देख तत्काल बाहर निकालकर पहले सीपीआर दिया, इसके बाद कछवां सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### उप्र में बाढ़ से दो दर्जन जिले प्रभावित राहत कार्य में जुटी योगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बाढ़ से 24 जिलों के 913 गांव प्रभावित हुए हैं। लगभग 83,091 लोग बाढ़ का खामियाजा भुगत रहे हैं, जिनमें से 19 हजार 167 लोग सरकारी बाढ़ आश्रय स्थलों में जाने को मजबूर हैं। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने कहा, दो लाख से अधिक व्यक्तियों को राहत सहायता मिली है। सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि अब तक 517 घर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और 360 लोगों को आर्थिक सहायता मिल रही है। 33,252 हेक्टेयर से ज्यादा ज़मीन जलमग्न हो गई है। 1,640 नावों और मोटरबोटों के ज़रिए राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। अब तक 17,924 खाने के पैकेट और 2,47,277 लंच पैकेट बांटे जा चुके हैं। 40 से ज्यादा सामुदायिक रसोई में बाढ़ प्रभावित लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। मंगलवार सुबह तक, राज्य में 24 घंटों में 22.7 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि सामान्य बारिश 6.4 मिमी होती है, जो सामान्य से 255 प्रतिशत कम है। पिछले 24 घंटों में अधिकांश क्षेत्रों में वर्षा की तीव्रता में मामूली कमी देखी गई। इस बीच, राहत और बचाव कार्यों की निगरानी के लिए 11 मंत्रियों का एक दल बाढ़ प्रभावित जिलों का दौरा करता रहा। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज का हवाई सर्वेक्षण किया और बाद में एक राहत शिविर का दौरा किया, जहां उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात की।

# सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद नहीं कर रही: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता



समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद नहीं कर रही है। यादव ने बुधवार को जारी बयान में कहा प्रदेश के कई जिले बाढ़ से जूझ रहे है। लाखों की आबादी के सामने खाने-रहने, दवा, इलाज का संकट है। सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद नहीं कर रही है। बाढ़ से खेती-बाड़ी, जानवर और फसलों का बड़े पैमाने पर नुकसान हो रहा है।

सरकार नुकसान भरपाई के लिए तैयार नहीं है। बाढ़ पीड़ितों की न प्रयागराज, फतेहपुर, बलिया में मदद हो पा रही है और न तो वाराणसी, हमीरपुर से लेकर अन्य जिलों में कोई मदद हो रही है। 20-20 हजार करोड़ रुपए बजट खर्च हुए उसके बाद भी जलभराव है, सड़कों में गड्ढे है। बाढ़ पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। उन्होने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र में अराजकता, लूट और भ्रष्टाचार है। सरकार की अकर्मण्यता से आम जनता के साथ सत्तारूढ़ दल के विधायक, मंत्री भी धरना और प्रदर्शन करने पर मजबूर है। किसी की कोई सुनवाई नहीं है। भ्रष्टाचारियों और अराजक तत्वों से प्रदेश का हर वर्ग परेशान है। भाजपा सरकार ने नौ साल के कार्यकाल में किसानों, नौजवानों, महिलाओं, आम जनता सभी को धोखा दिया है। सरकारी बजट को लुटाने के सिवा कोई काम नहीं किया।



सेंसेक्स 80583.99
निफ्टी 24574.20



सोना रु. 100672
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 113576
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट

मुंबई, वार्ता

भारतीय रिजर्व बैंक की नीतिगत दरों को स्थिर रखने की घोषणा के बाद बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही।

बीएसई का सेंसेक्स 166.26 अंक यानी 0.21 प्रतिशत टूटकर 80,543.99 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 75.35 अंक (0.31 प्रतिशत) फिसलकर 24,574.20 अंक पर बंद हुआ। आज बैंकिंग को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में निवेशक बिकवाल रहे। फार्मा, आईटी, स्वास्थ्य, तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रियलिटी क्षेत्रों में ज्यादा गिरावट रही। जहां आईटी और फार्मा में गिरावट का कारण अमेरिकी आयात शुल्क और बढ़ाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी को माना जा रहा है, वहीं रेपो दर में कटौती न होने की वजह से रियलिटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक गिर गए। प्रमुख सूचकांकों में सुबह उतार-चढ़ाव देखा गया।



सेंसेक्स 15.27 अंक की मामूली गिरावट में 80,694.98 अंक पर खुला और मंगलवार की तुलना में 100 अंक से अधिक की बढ़त बनाता हुआ ऊपर 80,834.43 अंक तक गया। लेकिन रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत दरों में घोषणा के बाद अचानक 80,448.82 अंक तक उतर गया। सेंसेक्स की 30 में से 18 कंपनियां लाल निशान में रहीं। सन फार्मा का शेयर 2.33 प्रतिशत, टेक महिंद्रा का 1.97 और बजाज फाइनेंस का 1.67 प्रतिशत टूट गया। इंफोसिस में 1.64 फीसदी, एचसीएल टेक में 1.38 फीसदी और इटरनल में 1.04 प्रतिशत की गिरावट रही। टीसीएस, बजाज फिनसर्व और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी लाल निशान में रहे। एशियन पेंट्स का शेयर सबसे अधिक 2.19 प्रतिशत की बढ़त में रहा। बीईएल में 0.80 प्रतिशत और ट्रेंट में 0.79 प्रतिशत की तेजी रही। अडानी पोर्ट्स, स्टेट बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए।

# सोना 1,00,672 प्रति 10 ग्राम के ऑलटाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोने के दाम अपने ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 596 रुपए बढ़कर 1,00,672 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने का भाव 1,00,076 रुपए पर था। चांदी की कीमत भी 1,154 रुपए बढ़कर 1,13,576 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,12,422 रुपए पर थी।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,480 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,950 थी, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 रही। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 थी। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 थी, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,270 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,850 थी। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 4 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है।

# चावल, गेहूं महंगे, दालों-खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव, चीनी का भाव बढ़ा

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल और गेहूं की औसत कीमतों में तेजी रही। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा, जबकि चीनी महंगी हो गई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा 23 रिंगिट गिरकर 4,267 रिंगिट प्रति टन बोला गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.80 प्रतिशत मजबूत होकर 53.85 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब तीन रुपए की तेजी के साथ 3,832.51 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं भी तीन रुपए प्रति क्विंटल से ज्यादा महंगा हुआ और 2,840.93 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी आठ रुपए बढ़कर 3,296.13 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। सरसों तेल औसतन 74 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल करीब 16 रुपए प्रति क्विंटल टूटा। पाम ऑयल तकरीबन 12 रुपए की तेजी में रहा। सूरजमुखी तेल भी 12 रुपए प्रति



क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल 14 रुपए और वनस्पति 29 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। दाल-दलहनों में मसूर दाल औसतन चार रुपए प्रति क्विंटल नरम हुई। चना दाल 12 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल करीब पांच रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल में तीन रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, दाल मूंग पांच रुपए प्रति क्विंटल से अधिक सस्ती हुई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव लगभग स्थिर रहे, जबकि चीनी तीन रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7962.33 रुपए, मसूर काली 8134.81 रुपए, मूंग दाल 10123.90 रुपए, उड़द दाल 10493.52 रुपए, अरहर दाल 10929.83 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आरबीआई ने...** ही ग्लोबल ट्रेड की चुनौतियां बनी हुई हैं, लेकिन भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं कुछ हद तक कम हुई हैं। आरबीआई ने फरवरी में हुई मीटिंग में ब्याज दरों को 6.5 फीसदी से घटाकर 6.25 फीसदी कर दिया था। मानेटरी पॉलिसी कमेटी की ओर से ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई थी। दूसरी बार अप्रैल में हुई मीटिंग में भी ब्याज दर 0.25 फीसदी घटाई गई। जून में तीसरी बार दरों में 0.50 फीसदी कटौती हुई। यानी, मानेटरी पॉलिसी कमेटी ने तीन बार में ब्याज दरें एक फीसदी घटाई। किसी भी सेंट्रल बैंक के पास पॉलिसी रेट के रूप में महंगाई से लड़ने का एक शक्तिशाली टूल है। जब महंगाई बहुत ज्यादा होती है, तो सेंट्रल बैंक पॉलिसी रेट बढ़ाकर इकोनॉमी में मनी फ्लो को कम करने की को. शिश करता है।

**धराली त्रासदी....** की। इधर, केरल के 28 टूरिस्ट्स का ग्रुप धराली की घटना के बाद से लापता है। परिवार के सदस्यों ने कहा कि एक दिन पहले सभी ने गंगोत्री की यात्रा पर जाने की बात कही थी, लेकिन लैंडस्लाइड के बाद से उनसे कोई संपर्क नहीं हो सका है। धराली गांव में 1864, 2013 और 2014 में भी पहाड़ पर बादल फटे थे। इससे खीर नाले ने तबाही मचाई। भूगर्भ वैज्ञानिकों ने तीनों ही आपदाओं के बाद धराली गांव को कहीं और बसाने की सलाह राज्य सरकार को दी। यह भी बताया कि आपदा के लिहाज से धराली टाइम बम पर बैठा है, लेकिन इसे शिफ्ट नहीं किया गया। आपदा में धराली में स्थित प्राचीन कल्प केदार महादेव मंदिर भी मलबे में दफन हो गया। भागीरथी नदी किनारे स्थित 1500 साल पुराना यह मंदिर पंच केदार परंपरा से जुड़ा है। स्थानीय लोगों की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र था। उत्तराखंड की त्रासदी को लेकर पीएम मोदी ने दिल्ली में उत्तराखंड के चार सासंदों से मुलाकात की। इसमें अजय भट्ट, माला राज्यलक्ष्मी शाह, त्रिवेंद्र सिंह रावत और अनिल बलूनी शामिल रहे। बरेली स्थित एमआई-17 और एएलएच एमके-3 हाई अलर्ट पर हैं। आगरा से एएन-32 और सी-295 विमान प्रभावित क्षेत्रों में मिशन के लिए देहरादून पहुंच चुके हैं।

**ट्रम्प का...** अमेरिका ने एक आदेश जारी कर रूसी तेल और उससे जुड़े उत्पादों के अपने देश में आयात पर पूरी तरह रोक लगा दी थी। अब ट्रम्प प्रशासन ने यह पाया कि भारत उस रूसी तेल को खरीद रहा है, जिससे रूस को आर्थिक मदद मिल रही है। इस वजह से अब अमे. रिका ने भारत पर यह नया टैरिफ लगाने का फैसला किया है। अप्रैल 2025 में जारी एक और आदेश में कुछ खास उत्पादों को पहले ही टैरिफ से छूट दे दी गई थी वे छूट अब भी जारी रहेंगी। इन सामानों में सेमीकंडक्टर्स, स्मार्टफोन, कंप्यूटर, फार्मास्युटिकल्स, ऑटोमोटिव पार्ट्स, तांबा और अन्य धातु व खनिज शामिल हैं। इसका मतलब है कि भारत से होने वाले इन सामानों के भेजे जाने पर अब भी एक्सट्रा टैरिफ लागू नहीं होगा। इस आदेश में यह भी बताया गया है कि अगर भविष्य में जरूरत पड़ी, तो राष्ट्रपति इसमें संशोधन कर सकते हैं, यानी टैरिफ की दर बदल सकते हैं या और नए प्रावधान जोड़ सकते हैं। ट्रम्प ने मंगलवार को कहा था कि भारत अच्छा बिजनेस पार्टनर नहीं है। ट्रम्प के मुताबिक, भारत के टैरिफ दुनिया में सबसे ज्यादा हैं और यह बात लोग खुलकर नहीं कहते हैं। ट्रम्प ने मंगलवार को ही भारत के फार्मास्युटिकल प्रोडक्ट्स पर 250 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रम्प ने सीएनबीसी को दिए इंटरव्यू में कहा था कि वे शुरू में फार्मास्युटिकल्स पर छोटा टैरिफ लगाएंगे, लेकिन फिर इसे एक से डेढ़ साल में बढ़ाकर 150 फीसदी और फिर 250 फीसदी कर देंगे। ट्रम्प ने कहा था कि हम चाहते हैं कि दवाइयां हमारे देश में ही बनाई जाएं। उनका मानना है कि अमेरिका फार्मा प्रोडक्ट्स के लिए बहुत ज्यादा विदेशों पर निर्भर है, खासकर भारत और चीन पर। इस टैरिफ से भारतीय फार्मा सेक्टर पर बुरा असर पड़ सकता है। अमेरिका भारत से जेनेरिक दवाइयां, वैक्सीन और एक्टिव इंग्रेडिएंट्स खरीदता है। 2025 में अमेरिका को भारत का फार्मास्युटिकल निर्यात 7.5 अरब डॉलर (करीब 65 हजार करोड़ रुपये) से ज्यादा रहा। अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली सभी जेनेरिक दवाओं की लगभग 40 फीसदी भारत से आती हैं।

**सपा नेताओं...** माध्यम से स्कूलों की काया बदली। सीएम योगी ने कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी, लैब्स, स्मार्ट क्लास हमने स्कूलों को दिए. जो विद्यालय बचे हैं हम वहां भी आधुनिक शिक्षा के लिए प्रयासरत हैं। हमने कल्याण सिंह की बीजेपी सरकार में ग से गणेश पढ़ाया तो विरोध किया। तब सपा ने कहा कि ग से गणेश नहीं, ग गधा होता है। समाजवादी पार्टी ने गणपति की अवमानना की, इसीलिए उनकी बुद्धि गधे जैसी हो गई है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह समेत बीजेपी के कई नेता और जनप्रतिनिधि मंच पर मौजूद रहे। पीपली गांव के बाद मुख्यमंत्री मुरादाबाद सर्किट हाउस पहुंचे और इसके बाद सीएम का 24 बटालियन पीएसी ग्राउंड पर कार्यक्रम प्रस्तावित है। रात को मुख्यमंत्री मुरादाबाद में ही रुकेंगे और कल गुरुवार को संभल जाएंगे।

**सूरत के तीन...** तरह से टचस्क्रीन डिस्प्ले पर आधारित है। इसमें डिस्प्ले पर जीपीएस, फोन कालिंग और म्यूजिक जैसे फीचर्स भी इस्तेमाल किए गए हैं। राइडर को आगे-पीछे की गाड़ियों को देखने के लिए कैमरे भी लगाए गए हैं। इसके अलावा, इसमें वायरलेस मोबाइल चार्जिंग सिस्टम भी उपलब्ध है। इको मोड पर 220 किलोमीटर की रेंज यह बाइक इको मोड पर 220 किलोमीटर और स्पोर्ट मोड पर 160 किलोमीटर की रेंज देती है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस बाइक की लिथियम बैटरी सिर्फ दो घंटे में पूरी तरह चार्ज हो जाती है, जो कि एक सामान्य बाइक से कहीं ज्यादा फास्ट है। बाइक वाईफाई और सेल्फ ड्राइव सिस्टम पर काम करेगी शिवम मौर्य ने बताया कि हमें बाइक बनाने में एक साल का समय लगा। हमारी टीम में तीन छात्र हैं। बाइक में आगे और पीछे कैमरे लगे हैं, जिससे डिस्प्ले पर आगे और पीछे के वाहन दिख सकते हैं। जीपीएस, ब्लूटूथ कूलिंग, म्यूजिक सुनने जैसी सुविधाएं हैं। डिस्प्ले को राइडर कंट्रोल कर सकता है। बाइक में आगे और पीछे सेंसर लगे हैं, इसलिए बाइक अपने आप रुक जाएगी। राइडर जो कमांड देगा, उतनी दूरी तय करने के बाद बाइक अपने आप रुक जाएगी, उदाहरण के लिए अगर आगे वाला वाहन बाइक से तीन फीट दूर है और कमांड दिया जाए कि बाइक रुकनी चाहिए, तो ब्रेक लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे हादसों से बचा जा सकेगा। इस बाइक को ड्राइवरलेस बनाने की भी तैयारी की जा रही है। भविष्य में इसे ड्राइवरलेस बनाना भी संभव इस बारे में आटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े विनोद देसाई ने बताया कि भविष्य को ध्यान में रखकर इस तरह की बाइक बनना संभव है। इस बाइक की बात करें, तो इसकी बैटरी हल्की है, जिससे ये जल्दी चार्ज हो जाती है। भविष्य की डिमांड भी यही है। साथ ही इसके फंक्शंस को देखते हुए भविष्य में इसे ड्राइवरलेस बाइक में कन्वर्ट करना भी संभव है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# शाहबुद्दीनपुर में विधवा एएनएम की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर कोतवाली क्षेत्र के समीपवर्ती गांव शाहबुद्दीनपुर में रेलवे कर्मचारी की विधवा पत्नी ऐनम बबीता की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। जिसके बाद गांव में भारी आक्रोश फैल गया। सूचना के कुछ देर बाद ही पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और घटना की छानबन की। पुलिस आस-पडौस के लोगो ने जानकारी लेते हुए घर के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। घटना के समय मृतका अकेली थी और इस हत्याकांड से गांव में पूरी तरह आक्रोश बना हुआ है।

नगर कोतवालीक्षेत्र के समीपवर्ती गांव शाहबुद्दीनपुर निवासी चन्द्रपाल रेलवे में कर्मचारी थे। करोना के दौरान चन्द्रपाल की मौत हो गई थी और उनकी नौकरी उनके इकलौते बेटे 25 वर्षीय बेटे गौरव को मिल गई थी। चन्द्रपाल ने अपनी बेटी शालू की पहले ही शादी कर दी थी और उनकी 50 वर्षीय पत्नी बबीता चरथावल में ऐनम है। घटना बुधवार शाम की है बबीता घर में अकेली थी इसी बीच कुछ लोग घर में घुस आए और उन्होने ऐनम बबीता की गला रेतकर उनके बैड पर ही कत्ल कर दिया। बताया जाता है कि कत्ल से पहले पडौसन कल्लो के बेटे बबीता के घर पर थे जहां हत्यारों ने बच्चों को वारदात से पहले घर के बाहर निकाल दिया था। इसके बाद उन्होने बेरहमी से बबीता का कत्ल किया और फरार हो गए। जैसे ही गांव में कत्ल की खबर फैली तो यहां भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साए ग्रामीण लाठी डंडे लेकर गांव के चारो ओर फैल गए, लेकिन बदमाश मौके से फरार हो चुके थे सूचना के कुछ देर बाद ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।

सूचना मिलते ही सीओ सिटी भी घटना स्थल पर पहुंच गए और उन्होने बारिकी से जांच पडताल करते हुए आस-पास के लोगों से घटना की जानकारी ली। इस समय पुलिस ने आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली, हालांकि बबीता की हत्या को लेकर गांव में तरह-तरह के सवाल उठ रहे है, लेकिन कत्ल के पीछे क्या कारण है इस पर ग्रामीण कुछ बोलने को तैयार नहीं है। फिलहाल पुलिस का दावा है कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर कातिल पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

> महिला की हत्या के मामले की जानकारी मिली थी मौके पर जाकर देखा, मौके पर गए तो ग्रामीणों ने बताया कि तीन चार लोग घटना में शामील थे, छानबीन चल रही है आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज लेकर हत्यारोपियों तक पहुंचने की कार्यवाही चल रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा, घटना का कारण अभी सामने नहीं आ सका।.....
>
> **उमेश रोरिया**
> **थाना प्रभारी**
> **शहर कोतवाली**





# दगाबाज नौकर ने चाकू से गोदकर अपने ही मालिक का किया कत्ल

■ **सरधना में हुई सनसनीखेज वारदात, मुठभेड़ में बदमाश घायल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दगाबाज कार चालक ने विश्वासीघात करते हुए अपने मालिक की जनपद मेरठ के सरधना क्षेत्र में गला रेतकर हत्या कर दी। चालक ने योजना के तहत अपने मालिक को नई मंडी क्षेत्र के मौहल्ला बचन सिंह कॉलौनी से लेकर गाजियाबाद के लिए रवाना हुआ था मालिक कंस्ट्रक्शन का काम करता था और जब वह अपना काम करने के बाद वापस लौट रहा था तो वह नहर के निकट गाडी रूकवाकर चाकू से उसकी गर्दन रेत डाली और पुलिस के सामने ड्रमा करते हुए स्वयं ही उसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस खून से लथपथ कार व मालिक का कटा हुआ गला देखकर सन रह गई, हालांकि चालक ने पुलिस को काफी गुमराह किया, लेकिन सख्ताई के बाद सारा राज पुलिस के सामने रख दिया

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के बचन सिंह कॉलौनी गली नम्बर चार के रहने वाले अंशुल उर्फ शुभम कंस्ट्रक्शन का काम करता था उन्होने कुछ दिन पूर्व ही सावन नाम के युवक को अपनी कार चलाने के नाम पर रखा था।

पांच अगस्त को कंस्ट्रक्शन के मालिक अंशुल उर्फ शुभम सिंघल अपने चालक सावन के साथ ब्लैनो कार में सवार होकर गाजियाबाद के लिए चले थे। पांच अगस्त की रात सरधना पुलिस को सूचना मिली कि नहर के निकट खून से लथपथ खडी कार में एक गला कटा शव पड़ा हुआ है यह सूचना अंशुल के चालक सावन ने ही पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन की तो मौके से एक बैग व कुछ नगदी तथा मोबाइल तथा कारोबार से संबंधित दस्तावेज बरामद किए गए। सूचना देने वाला अंशुल का कार चालक सावन शुरू में संदेह के घेरे में आ गया था पुलिस ने इस मौके को नहीं खोया और न ही कुछ देरी की तुरंत ही सख्ताई से सावन से पूछताछ से शुरू की गई, काफी देर पुलिस को सावन ने इधर उधर घुमाया, लेकिन पुलिस की सख्ताई के आगे सावन टूट गया और उसने सारा राज खोलकर रख दिया। पुलिस ने सावन से हुई पूछताछ के बाद अंशुल के कत्ल में शामिल सावन के दूसरे साथी सनोज उर्फ काला को गिरफ्तार किया। पुलिस मुठभेड में सावन व सनोज घायल हो गए।

चालक सावन को अंशुल के लेनदेन व व्यवसाय की पूर्ण जानकारी थी और उसने सनोज के साथ मिलकर अपने मालिक अंशुल की हत्या की योजना बना डाली और सनोज के साथ मिलकर कार में ही अंशुल का छूरे से कत्ल कर उसका सारा जेवर लूट लिया। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से सात लाख से अधिक की नगदी व मोबाइल, अंगूठी, चैन बरामद की है। वहीं पुलिस अपराधियों पर शिकंजा कसती नजर आ रही है।

# विधवा ने तीन बच्चों के साथ किया आत्मदाह का प्रयास

## कलेक्ट्रेट में मची अफरा-तफरी, सिविल लाइन पुलिस ने किया परिजनों के सुपुर्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पति की मौत के बाद परेशानी व तंग हाली की जिन्दगी जी रही तीन बच्चों की मां ने ससुराल के लोगों से प्रताड़ित होकर अपने तीन बच्चों सहित जान देने की ठानी और बुधवार को वह अपने तीनों बच्चों व अपनी मां के साथ कलेक्ट्रेट पहुंची और पेट्रोल डलकर जान देने का प्रयास किया। इस बीच पुलिसकर्मियों व पीड़ित के बीच तेल की कैन को लेकर काफी देर छिना झपटी हुई पुलिस समझा बुझाकर उसको सिविल लाइन थाने ले गई और विवाहिता व तीनों बच्चों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। सवाल यह है कि क्या अब विवाहिता को चैन सुकून मिलेगा, क्या ससुराल वाले उसको रखने पर राजी हो जाएगे?

पीड़िता का आरोप था कि वह जानसठ कोतवाली कंवाल चौकी से लेकर पुलिस के उच्च अधिकारी तक अपनी पीड़ा सुनाकर न्याय की गुहार लगा चुकी है, लेकिन जब कोई सुनवाई नहीं हुई और वह अपने बच्चों के साथ दरदर की ठोकरे खाने लगी तो उसने अपनी जान देना ही उचित समझा। बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक विवाहिता अपने तीन मासूम बच्चों को लेकरयहां पहुंची और उसने पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। इस समय विवाहिता की मां भी साथ थी और वह भी अपनी बेटी के साथ ही अपनी जान देना चाहती थी। पेट्रोल की कैन हाथों में देख यहां तैनात पुलिसकर्मी तुरंत ही मौके पर दौड पडे और महिला पुलिसकर्मी व सिपाहियों ने महिला के हाथों से तेल की कैन छिनने का प्रयास किया, काफी देर तक पेट्रोल की कैन को लेकर छिना झपटी चलती रही विवाहिता व उसकी मां रो रोक कर कह रही थी कि उनका ना तो रहने का ठिकाना है और न ही खाने-पीने की कोई सुविधा है। इतना ही नहीं ससुराल के लोगों ने भी उसको घर से निकाल दिया है और वह थाने चौकी से लेकर उच्च अधिकारियों तक अपनी पीडा सुना चुकी है, लेकिन उसकी कही सुनवाई नहीं हुई। पीड़िता ने बताया कि उसका मां शालू पुत्री बाबू राम निवासी जानसठ है। और उसकी शादी 2013 को अमित पुत्र कंवर पाल निवासी ग्राम कंवाल से हुई थी। वह अपने पति अमित के साथ आटे की चक्की चलाकर परिवार का पालन पोषण करती है, लेकिन पांच जुलाई 2024 को बीमारी के चलते उसके पति की मौत हो गई थी। और ससुराल के लोगों ने उसको और ग्यारह वर्षीय बेटे दक्ष, नौ वर्षीय देव व पांच वर्ष की बेटी प्रज्ञा सहित दस जुलाई को घर से निकाल दिया। वह सिलारपुर स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करती है, लेकिन उक्त मजदूरी से उसके परिवार का पालन पोषण नहीं हो रहा है। कुल मिलाकर यहां तैनात पुलिसकर्मियों ने महिला को समझाया और उसको सिविल लाइन पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने इस मामले में कानूनी कार्यवाही करते हुए शांतिभंग में उनका चालन किया और इसके बाद दोनो को परिवार के सुपुर्द कर दिया।



# 21 से जनपद में होगी अग्निवीर भर्ती शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में अग्निवीर भर्ती की तैयारियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों एवं सेना के अधिकारियों के साथ बैठक हुई।

जनपद में अग्निवीर भर्ती के तहत भारतीय सेना की ओर से 21 अगस्त से 08 सितम्बर तक रैली का आयोजन किया जाना है। यह रैली चौधरी चरण सिंह स्टेडियम, मुजफ्फरनगर में होगी। रैली में प्रदेश के 13 जनपदों के अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। रैली में सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, रामपुर, मुरादाबाद, बिजनौर, अमरोहा, गौतमबुद्धनगर, हापुड, गाजियाबाद, बागपत, मेरठ और बुलंदशहर के अभ्यर्थी आएंगे। बैठक में सेना के भर्ती अधिकारी कर्नल सत्यजीत बेबले ने अधिकारियों को रैली के मद्देनजर की जाने वाली व्यवस्थाओं एवं आवश्यकताओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भर्ती रैली में 17 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। जनपद में प्रतिदिन लगभग 1200 अभ्यर्थी आएंगे। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को उचित व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को पेयजल, साफ-सफाई, बेरीकेटिंग, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, लाइट, शौचालय, एम्बुलेंस एवं चिकित्सा आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों के ठहरने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। परिवहन विभाग को पर्याप्त मात्र में बसों को संचालन करने एवं अग्निशमन विभाग को रैली स्थल पर किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार, नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौड, पुलिस अधीक्षक अपराध मती इंदु सिद्धार्थ, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण एवं सेना भर्ती के अधिकारी मौजूद रहे।



## एक नजर...

### लगातार हो रही बारिश के कारण गिरी दीवार, बच्चे सहित कई घायल

**चरथावल।** थानाक्षेत्र के ग्राम खुसरोपुर में कई दिनों से हो रही लगातार वर्षा के चलते एक ग्रामीण की दीवार गिरने से राह चलते एक बालक सहित तीन व्यक्ति घायल हो गये। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। सूचना पर सीओ सदर व राजस्व टीम ने पहुंचकर जानकारी ली। वही सूचना पर भाकियू अराजनीतिक के ब्लॉक अध्यक्ष काला प्रधान व समाजसेवी अहतशाम राणा मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मामले की जानकारी ली।

चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम खुसरोपुर निवासी बुन्दू पुत्र गय्यूर की घेर की दीवार कई दिनों से लगातार हो रही बरसात के कारण अचानक रास्ते की ओर गिर गयी। अचानक दीवार गिरने से रास्ते से जा रहे पांच वर्षीय शहबान पुत्रनुरकान,बाइस वर्षीय अरमान व अरहम 18 वर्ष मलबे में दब गये।चीख पुकार होने पर ग्रामीण दौड़े और तीनों को मलबे से निकाला। तीनो घायलों को चरथावल सीएचसी में भर्ती कराया गया। बच्चे की हालत गम्भीर देखते हुए उसे हायर सेंटर भेज दिया गया। सूचना पर राजस्व टीम के हिंडन चौकी प्रभारी राजेश शर्मा, मिलन चौधरी आदि पहुंचे साथ ही मौके पर पहुंचे सीओ सदर देवव्रत वाजपेई ने बताया कि उन्होंने मौके पर जाकर जानकारी ली और घायलों का हाल जाना।वही ग्रामीणों को सहयोग का आश्वासन दिया।वही सूचना पर भाकियू अराजनीतिक के ब्लॉक अध्यक्ष काला प्रधान व समाजसेवी अहतशाम राणा मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मामले की जानकारी ली।

### घर की कच्ची छत गिरी, परिजन व मेहमान बचे बाल-बाल

**बुढ़ाना।** लगातार दस दिन से हो रही हल्की-फुल्की बारिश के कारण एक मकान की कच्ची छत का सारा मलबा कडियां टूटकर नीचे आ गिरा। जिसमें बैठे मेहमान और परिवार बाल बाल बच गया।

मिली जानकारी के अनुसार विधवा महिला दूली पत्नि जीजू अंसारी के मकान की कडियों की कच्ची छत पिछले लगातार दस दिनों से हो रही हल्की फुल्की बारिश होने के खिल गयी। जो आज बुधवार की सुबह गिर गयी। जिस वक्त छत का मलबा नीचे गिरा उस वक्त मकान में मेहमान और दूली की पुत्रियां बैठी हुई थी। यह तो गनीमत रही कि कच्ची छत का मलबा किसी के उपर नहीं गिरा क्योंकि मलबा गिरते ही सभी तेजी से बाहर निकल आए थे।

शोर शराबा सुनकर मौके पर मौहल्ले के लोग आए और छत के गिरे हुए मलबे को देखकर अफसोस जाहिर किया। इस मलबे में हजारों रुपये की कीमत का घरेलू सामान भी दबकर नष्ट हो गया। विधवा दूली बहुत ज्यादा गरीब बताई गयी है। कई ग्रामीणों ने एसडीएम बुढ़ाना से पीडिता महिला दूली को मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है ताकि उक्त महिला अपनी पुत्रियों के साथ मकान में रहकर अपना जीवन बसर कर सके। इस घटना की सूचना अधिकारियों को भी मिल गयी थी पर समाचार लिखे जाने तक कोई मौके पर नहीं पहुंचा था।

# चोरों ने लाखों रुपये की संपत्ति पर किया हाथ साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** अज्ञात चोरों ने एक मकान से 01 लाख 60 हजार रुपये की नगदी और 04 लाख रुपये के सोने चांदी के आभूषण चोरी करके पूरे गांव में सनसनी फैला दी। इस घटना की सूचना पर पुलिस में भी हडकंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अस्त व्यस्त हुए सभी सामान को उठवाकर गृह स्वामी को शीघ्र ही उक्त चोरी के खुलासे का आश्वासन दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। घटना के दौरान मकान में कोई नहीं था सब दूसरे मकान में सोए हुए थे। बुढाना कोतवाली क्षेत्र के मंदवाडा गांव में कबाडी का काम करने वाले आजाद राना पुत्र हाजी हनीफ का मकान सरकारी स्कूल के पास है। पूरे दिन आजाद का परिवार मकान में रहता है और रात होते ही पास में स्थित दूसरे मकान में सोने चला जाता है। बीते मंगलवार को ऐसे ही हुआ। परिजन दूसरे मकान में सोने चले गये और उधर अज्ञात चोरों ने आज बुधवार की अर्धरात्रि 2 बजे घर में रखी 01 लाख 60 हजार रुपये की नगदी व 04 लाख रूपये की कीमत के सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिये। चोर मकान की दीवार फांदकर मकान के अंदर घुसे और कमरे के बाहर लगा हुआ ताला तोडकर नगदी व जेवरात चोरी की।

घटना का पता आज बुधवार की सुबह तब लगा जब आजाद की पत्नि साहिबा बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करने के लिए मकान के अंदर आई और कमरे का सामान अस्त व्यस्त देखा तो उसने चीख मारी। चीख पुकार सुनकर आजाद और मौहल्ले के अन्य लोग मौके पर आए और सामान को अस्त व्यस्त देखा तो उन्हें समझते हुए देर नहीं लगी।

आजाद राना ने घटना की सूचना फोन पर पुलिस को दी तो मौके पर गढी सखावतपुर पुलिस चौकी इंचार्ज ललित कुमार कसाना आए और घटनास्थल का मुआयना कर गृहस्वामी आजाद से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने अस्त व्यस्त सामान हटवाकर आजाद को शीघ्र ही घटना के खुलासे का आश्वासन दिया। घटना को लेकर पूरा गांव डरा हुआ है।

### 3 दिन पहले ही खरीदकर लाए थे सोने के कुंडल

**बुढ़ाना।** इन आभूषणों में सोने के कुंडल भी चोरी हुए हैं उनको गृहस्वामी आजाद राना तीन दिन पूर्व ही किसी सुनार से बनवाकर लाया था। जो कि सात ग्राम के वजन के थे। कुंडलों के चोरी होने पर आजाद की पत्नि का रो रोकर बुरा हाल है।

### कस्बे में चोरों ने कई जगह पर किया हाथ साफ

**बुढ़ाना।** चोरी होने की इस घटना से ठीक एक दिन पूर्व भी गांव में चोर आ गये थे तो डर के मारे ग्रामीणों ने पहरा देना शुरु कर दिया था और ग्राम प्रधान के माध्यम से बुढाना पुलिस को तुरंत चोरों के आने की सूचना दी थी। कुछ देर बाद जब तब पुलिस गांव में पहुंची तो आरोप है कि पुलिस ने चोरों को तलाश करने के बजाए उल्टे गांव वालों को ये कहकर डांटना शुरु कर दिया था कि तुम लोग अफवाहें फैला रहे हो। अगर अगली बार किसी चोरों के आने की अफवाह फैलाई तो सभी पर एनएसए लगेगी। पुलिस की इस गंदी कार्यशैली की ग्रामीणों ने कडे शब्दों में निंदा की है। अज्ञात चोर गांव सफीपुर के समीप स्थित पत्रकार नसीम कुरैशी के खेत में बने कमरे का लोहे का दरवाजा ही उखाडकर ले गये। कमरे में कृषि संबंधी लोहे का पुराना सामान भी पडा था वह भी कमरे से गायब मिला।

### महिला की रहस्मय मौत, नहीं कराई कार्यवाही

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र निवासी एक महिला की रहस्मय मौत हो गई। महिला काफी समय से बीमार थी। दोपहर बाद पुलिस को सूचना मिली कि एक कॉलोनी में किराए के मकान में चालीस वर्षीय महिला की रहस्मय मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि घटना के समय महिला घर में अकेली थी। उसका पति डयूटी पर व दो बच्चे स्कूल गए थे। दोपहर में दोनों बच्चे स्कूल से घर पहुंचे तो उन्हें कमरा बंद मिला। उन्होंने अपने पिता को सूचना दी। आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। पति भी कुछ देर बाद मौके पर पहुंचा। किसी तरह कमरा खोला गया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया।

# 6 से 10 तक आपत्तियों की सूचना प्रकाशित करने के आदेश

■ **ग्राम, क्षेत्र, जिला पंचायत व अंतिम सूचना जारी किए जाने के संबंध में**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने आदेश जारी करते हुए कहा कि शासनादेश संख्या 33-3099/172/2025- पंचायती राज अनुभाग-3 1/1026437/2025 लखनक दिनांक 15-07-2025 तथा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्र संख्या 986/पं. आशिक परिसीमन/2026-26 16 जुलाई 2025 के द्वारा नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद/नगर निगम के राजन/सीमा विस्तार के कारण प्रभावित विकास खण्ड-विकारा खण्डो की प्रभावित ग्राम पंचायतो, क्षेत्र पंचायतो और जिला पंचायतो के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रो (वाडी) के निर्धारण के सम्बंध में आपत्तियां प्राप्त करने तथा उसके निस्तारण और प्रकाशन आदि के लिये शासन स्तर से समय सारिणी निर्धारित की गयी थी।

03 अगस्त से 05 अगस्त तक प्रस्तावित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रो पर प्राप्त आपत्तियां का निस्तारण की कार्यवाही पूर्ण कर 06 अगस्त 2025 से 10 अगस्त 2025 तक प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रो की अन्तिम सूची का प्रकाशन किये जाने हेतु आंशिक परिसीमन की अन्तिम सूची को सम्बन्धित ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत कार्यालय तथा जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में सूचना पट पर चस्पा कर प्रकाशित किया जायेगा। उक्त आदेश तत्काल प्रभावी होगा।

# शिकायतकर्ता संतुष्ट हो जाए तो शिकायत का निस्तारण मानें :डीएम

## आईजीआरएस पोर्टल पर आई शिकायतों को महत्वपूर्ण मानें अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को आइजीआरएस शिकायतों के निस्तारण के संबंध में जिला पंचायत सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत-नगरीय, पीडी डीआरडीए, तहसीलदार जानसठ व बुढाना, अधिशासी अभियन्ता लो.नि.वि.प्रान्तीय खण्ड, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, जिला कमांडेंट होमगार्ड, उपनिदेशक मंडी, खंड विकास अधिकारी मोरना, उप जिलाधिकारी सदर, अधिशासी अभियंता सिंचाई, तहसीलदार, खतौली, तहसीलदार बुढाना, तहसीलदार सदर, उपजिलाधिकारी खतौली, उपजिलाधिकारी-सदर, जिला कृषि अधिकारी, आदि सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण समय अंतर्गत किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कोई भी शिकायत डिफाल्टर की श्रेणी में ना हो पाए उससे पूर्व उसका निस्तारण सही ढंग से किया जाए, जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट हो, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना की जाए, यदि किसी विभाग द्वारा शिकायतों के निस्तारण मे लापरवाही बरती जाती है, तो उस विभाग के अधिकारी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कि जाएगी। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देश दिए यदि किसी विभाग द्वारा ईस पोर्टल की शिकायतों में लापरवाही बरती जाती है, संबंधित के विरुध आवश्यक कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह, सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।



शिवा ग्रुप ऑफ कॉलेज
COURSE OFFERED
D. PHARMA (डी. फार्मा) C.C.-1491
POLYTECHNIC (ELECTRICAL, CIVIL, MECHANICAL, FASHION DESIGNING) (डिप्लोमा) C.C.-1183
ITI (आई0टी0आई) C.C.-3978 (ELECTRICIAN, FITTER, COPA, FASHION DESIGING)
इण्टर कॉलेज (PCM, PCB, COMM., ART) C.C. 1339
पता:- NEAR NH-58, जौली रोड, बिलासपुर, मुजफ्फरनगर
Ph. 9690731170, 9411449915, 9927075234, 8077158717

# खादर क्षेत्र में बारिश का पानी घरों में घुसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** लगातार हो रही बारिश के चलते खादर क्षेत्र के निचले स्थानों पर पानी भर गया है। खेतो के पानी मे डूब जाने के बाद अब पानी ने आबादी का रुख किया है।कुछ मकानों के अंदर पानी जाने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। शुकतीर्थ में भी गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। वहीं पुलिस तथा प्रशासन स्थिति पर नज़र बनाये हुए हैं।

मोरना ब्लॉक् क्षेत्र के गांव मजलिसपुर तौफीर, खैर नगर,महाराज नगर,सिताबपुरी मे बुधवार को बारिश का पानी खेतो मे घुस गया है। ग्राम प्रधान योगेश चौहान ने बताया कि गांव मजलिसपुर तौफीर मे ग्रामीण बिष्मबर सैनी, रोहित सैनी, शेखर चौहान, सो. हनवीर चौहान,शेरसिंह चौहान के घरों मे पानी घुस आया है। जिससे इन ग्रामीणों को घर का सामान अन्य स्थान पर ले जाना पड़ा है।सोलानी नदी किनारो से बाहर हो गयी है। गांव के पहले तीन स्थानों पर मुख्य मार्ग जलमग्न हो गया।पंचायत सहायक कुलदीप कुमार ने बताया कि मनोज सैनी, शीश पाल सिंह पाल के घरों मे भी पानी घुस आया है। इन ग्रामीणों को पशुओं को दूसरे स्थानों पर ले जाना पड़ा है। ग्रामीण ज्ञानेंद्र सिंह,महेन्द्र सिंह चौहान,मदन सैनी,मोनू,अमित, दीपक सैनी,राहुल आदि ने बताया कि अगर और बरसात हुई तो बाढ़ के हालात पैदा हो सकते हैं।थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि गांव मजलिसपुर तौफीर,महाराज नगर, खैर नगर, सिताबपुरी सहित उत्तराखंड सीमा तक चौकसी जारी है। बाढ़ कि किसी भी आशंका को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है।



## शुकतीर्थ मे बढ़ा गंगा का जलस्तर

**मोरना।** क्षेत्र सहित पहाड़ी क्षेत्रो मे हो रही बारिश के चलते शुकतीर्थ मे गंगा का जल स्तर बढ़ गया है। साथ ही पानी के बहाव के साथ आई जलकुम्भी पुल पर फंस गयी जिससे पुल को खतरा उत्पन्न हो गया।प्रशासन ने जेसीबी मशीन द्वारा जलकुम्भी को हटाया गया है। तीर्थ नगरी शुकतीर्थ मे बुधवार को गंगा का जल स्तर बढ़ने से पानी घाट पर फैल गया। तथा ऊपर से पानी के बहाव के साथ भारी मात्रा मे आई जलकुम्भी पुल पर फंस गयी। भारी मात्रा मे सेंकड़ो मीटर तक फैली जलकुम्भी का दबाव पुल पर बढ़ता देख ग्रामीणों ने प्रशासन को सूचना दी। मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी जयेंन्द्र सिंह,नायब तहसीलदार ब्रजेश कुमार,राजस्व निरीक्षक सुनील शर्मा, प्रवीण कुमार लेखपाल द्वारा जेसीबी मशीन द्वारा वहां फंसी जल कुंभी निकलवाकर जल प्रवाह को सामान्य किया गया। वहीं प्रशासन द्वारा गंगा घाट पर स्नान करने वालों को गहरे पानी मे स्नान न करने कि सलाह दी गयी है। गंगा सेवा समिति के डॉ. महकार सिंह ने बताया कि स्थिति पर नज़र बनी हुई है श्रद्धालुओं को पैडियो के निकट स्नान करने कि सलाह लगातार माईक द्वारा दी जा रही है।

### 20 घंटे में खतौली पुलिस का बड़ा खुलासा:

# चोरी हुई फॉर्च्यूनर और 13.63 लाख नकद समेत आरोपी गिरफ्तार

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** बीते सोमवार को फॉर्च्यूनर कार और नकदी चोरी की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने महज 20 घंटे में पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने दिल्ली से एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर कार व नकदी बरामद की है। घटना में चौंकाने वाला मोड़ तब आया जब यह खुलासा हुआ कि चोरी किसी और ने नहीं, बल्कि पीड़ित का ही ड्राइवर ने ही कि थी।

**फॉर्च्यूनर समेत कुल 63.63 लाख की बरामदगी**

पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उससे फॉर्च्यूनर कार और 13.63 लाख नकद बरामद कर कुल 63.63 लाख की संपत्ति बरामद की है। दिल्ली निवासी आयुष जैन, पुत्र विनय जैन, 5 अगस्त को अपने चाचा के साथ हरिद्वार से दिल्ली लौट रहे थे। वे अपनी फॉर्च्यूनर कार (क्स07 ब्ै 9600) में थे, जिसमें 13,65,000 की नकदी भी रखी थी। कार को उनका ड्राइवर प्रेम उर्फ परमेश्वर यादव चला रहा था। रास्ते में खतौली बाईपास पर स्थित एसवी पंजाबी ढाबे पर सभी ने भोजन के लिए रुकने का निर्णय लिया। जब वादी और उनके चाचा खाना खाने लगे तो ड्राइवर को भी बुलाया गया, लेकिन वह बहाना बनाकर नहीं आया और मौके से फॉर्च्यूनर व नकदी लेकर फरार हो गया।

**एफआईआर दर्ज होते ही सक्रिय हुई पुलिस मशीनरी**

वारदात की जानकारी मिलते ही थाना खतौली में तत्काल मुक. दमा पंजीकृत किया गया दृ

मु0अ0सं0 301/2025, धारा 316(2) बीएनएस के तहत। पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी खतौली के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शर्मा की अगुवाई में पुलिस टीमों का गठन हुआ और जांच-पड़ताल तेज़ी से आगे बढ़ी।

पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस तकनीक का बखूबी इस्तेमाल किया। साथ ही स्थानीय सूचना तंत्र की मदद से आरोपी की लोकेशन का पता लगाकर उसे दिल्ली से दबोच लिया गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और उसके पूर्व आपराधिक इतिहास की गहराई से जांच की जा रही है।

**जांच टीम में शामिल रहे ये अधिकारी**

इस सफल अनावरण में थाना खतौली की टीम में प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शर्मा, उप निरीक्षक अमित चौधरी, विनय शर्मा, कांस्टेबल सूरज (1610) रोबिन कुमार (2135), मुनीश शर्मा, शीतल देव,हैड कांस्टेबल उमेश मावी, कांस्टेबल शोबीर,,कांस्टेबल विवेक, कांस्टेबल प्रदीप कुमार, हैड कांस्टेबल राहुल सिरोही (सर्विलांस सेल अधिकारी शामिल रहे।

**एसएसपी ने जताई संतुष्टि, दी टीम को बधाई**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री संजय कुमार वर्मा ने इस तेज़ व कुशल कार्रवाई पर पुलिस टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर पुलिस अपराध पर लगाम कसने के लिए तत्पर है और अपराधियों के लिए जनपद में कोई स्थान नहीं है।

# आउटसोर्सिंग महिला कर्मचारी ने कथित पत्रकार पर लगाए गंभीर आरोप

### जातिसूचक गालियां और अश्लील बातें, इंसाफ नहीं मिला तो करूंगी आत्महत्या

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली तहसील की एक आउटसोर्सिंग महिला कंप्यूटर ऑपरेटर ने स्थानीय एक कथित पत्रकार पर अवैध वसूली, जातिसूचक गालियां देने और अश्लील हरकतें करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।

महिला ने कोतवाली में तहरीर देते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर उसे न्याय नहीं मिला तो वह आत्महत्या करने को मजबूर होगी।

पीड़िता तहसील में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। उसका आरोप है कि खतौली होली चौक निवासी रिंकू गुप्ता, जो खुद को 'रीडिंग टुडे' समाचार पत्र का संपादक बताता है, लगातार उससे अवैध वसूली करने का दबाव बना रहा है। महिला ने बताया कि वह पहले भी तीन हजार रुपये की जबरन वसूली कर चुका है और अब उसे बार-बार धमकाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है।

**व्हाट्सएप पर अश्लील बाते, झूठे मुकदमे में फंसाने की दी धमकी**

महिला ने आरोप लगाया कि उक्त कथित पत्रकार व्हाट्सएप पर उसे आपत्तिजनक व अश्लील बातें करता है, और बार-बार धमकाता है कि यदि उसकी मांग पूरी नहीं की गई तो वह झूठे केस में फंसा देगा। इतना ही नहीं, महिला का यह भी कहना है कि वह डीएम, एसडीएम, कप्तान और अन्य उच्चाधिकारियों का तबादला कराने की धमकी देता है और इसी नाम पर तहसील के अन्य कर्मचारियों पर भी वसूली का दबाव बनाता है।

**तहसील कर्मचारियों और पालिका सफाई संघ में आक्रोश**

इस घटना की जानकारी जब तहसील के अन्य कर्मचारियों को मिली तो आक्रोश फैल गया। कर्मचारियों ने एक स्वर में कथित पत्रकार के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही प्रशासन ने कठोर कदम नहीं उठाए तो वे धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। वहीं पालिका सफाई संघ के पदाधिकारी सुधीर गामा ने भी आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है और चेतावनी दी है कि लापरवाही बरती गई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

**पूर्व में भी रहा है विवादों में, वायरल हुई थी अवैध वसूली की वीडियो**

पीड़ित महिला और उसके परिजनों का आरोप है कि आरोपी रिंकू गुप्ता पूर्व में भी अवैध गतिविधियों में संलिप्त रहा है। कुछ समय पहले एक शराब ठेकेदार से अवैध वसूली करने के प्रयास की उसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। इतना ही नहीं, वह पहले तैनात एसडीएम अपूर्वा यादव के ट्रांसफर और चार्ज न लेने तक का श्रेय भी खुद को देता रहा है, जिससे तहसील प्रशासन पर दबाव बनाने की कोशिशें होती रही हैं।

**पुलिस ने कहा- जांच के बाद होगी कार्रवाई**

कोतवाली प्रभारी ब्रजेश कुमार शर्मा ने बताया कि महिला की ओर से तहरीर प्राप्त हो चुकी है और मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच-पड़ताल की जा रही है। जल्द ही साक्ष्यों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं आरोपी ने अपने ऊपर लगे आरोपों को नकारते हुए झूठा बताया है।

# 13 अगस्त की तैयारियों को लेकर गांव बवाना में हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बुधवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव बवाना में आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी की एक आवश्यक बैठक पार्टी के गांव बवाना के ग्राम अध्यक्ष यामीन अहमद के आवास पर आयोजित की गयी।

जिसमें पार्टी के जिला महासि. चव आजम फारुकी ने बैठक में उपस्थित सब कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 13 अगस्त को कस्बा बुढ़ाना के फै़ज़ गार्डन में पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष मेहताब चौहान शिरकत करेंगे।

इसलिए सभी कार्यकर्ता सम्मेलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और सम्मेलन को कामयाब बनाएं। दूसरी मीटिंग वाजिद कुरैशी के यहां पर की गयी। यहां भी सभी को ये ही जानकारी दी गयी और पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

मीटिंग में मुख्य रूप से पार्टी के ज़िला महासचिव माजिद राना जोला, ज़िला महासचिव आज़म फारुकी, बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष अब्दुल रहीम, काजिम हुसैनपुरी, सेय्यद बाबर बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के महासचिव, अब्दुल वहाब और फरमान सिद्दीकी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्कूल की दीवार और बोर्ड को तिरंगे से सजाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** शासनादेश अनुसार आज बुधवार के दिन खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में हर घर तिरंगा कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत प्रथम चरण का कार्यक्रम किया गया।

जिसमें स्कूल की दीवार और बोर्ड को तिरंगा प्रेरित कला से सजाया गया। देवेंद्र कुमार सहायक अध्यापक ने तिरंगा झंडा के सम्मान को लेकर झंडा रोहण और लपेटने के नियम बताए। अंत में स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार इस वर्ष हर घर तिरंगा



अभियान 2025 को जन आंदोलन के रूप में स्थापित करने की दिशा में जुटी हुई है। स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाले व्यापक स्तर पर सफल बनाने के लिए प्रशास. निक स्तर से लेकर आमजन की भागीदारी तक प्रत्येक पहलू पर जोर दिया जा रहा है। यह अभियान तीन चरणों में संचालित होगा। पहले चरण में सजावट और जागरूकता, दूसरे चरण में जन सहभागिता तथा मेले का आयोजन और अंतिम चरण में ध्वजारोहण और तिरंगा लाइटिंग होगी।

# छड़ियान मेले की बोली एक बार फिर हुई निरस्त

### 11 अगस्त को दोबारा आमंत्रित होंगी निविदाएं

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** गोगा जहावीर की ऐतिहासिक माड़ी पर लगने वाला छड़ियांन मेला एक बार फिर बोली विवाद के चलते चर्चा में है।

बुधवार को नगर पालिका परिषद खतौली द्वारा आयोजित ठेकेदारी प्रक्रिया की बैठक में मेले की बोली अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच सकी, जिसके चलते पालिका प्रशासन ने पूरी प्रक्रिया को निरस्त कर दिया।

अब 11 अगस्त को दोबारा बोली आमंत्रित की जाएगी। नायब तहसीलदार अमित रस्तोगी और पालिका अधिशासी अधिक. ारी राजीव कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मेले की आरंभिक बोली राशि 46 लाख 50 हजार रुपये (जीएसटी सहित) तय की गई थी, जो पिछली बार की अंतिम स्वीकृत बोली से मात्र 50 हजार रुपये अधिक थी। हालांकि इस बार कई ठेकेदारों ने भागीदारी की, लेकिन शुरुआती बोली केवल 18 लाख रुपये से शुरू हुई और अंत तक निर्धारित सरकारी दर से नीचे ही रही।

पालिका अधिशासी अधिक. ारी राजीव कुमार ने जानकारी दी कि पूर्व में स्वीकृत दर से कम राशि मिलने के चलते यह बोली प्रक्रिया रद्द की गई है। अब 11 अगस्त को फिर से नियमानुसार ठेकेदारी के माध्यम से मेले की बोली कराई जाएगी।

इस दौरान पालिका के कर्मचारी श्रवण कुमार, संदीप कुमार समेत अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। लगातार बोली प्रक्रिया के निरस्त होने से इस बार मेले के आयोजन पर संशय गहराता जा रहा है।

# लाइटों को ठीक कराने को दिया शिकायती पत्र

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के वार्ड नंबर 09 के दर्जनों वासियों ने बुढ़ाना नगर पंचायत कार्यालय में तैनात वरिष्ठ लिपिक सतीश पंवार को अधिशासी अधिकारी के नाम आज बुधवार के दिन एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वे कस्बे के मौहल्ला दक्षिणी भटवाड़ा के निवासी हैं। उनके मोहल्ले की गलियों में स्ट्रीट लाईटें लगनी है। जो बल्ब खराब हो गये हैं उनको भी पुन: लगवाना है। ये स्ट्रीट लाईटें हासिम पुत्र गबरू शेख के मकान के बराबर में, शाहिद पुत्र शाकिर शेख वाली गली में तथा कामिल पुत्र मेहन्दी हसन के मकान के पास में लगनी हैं। इन तीनों जगहों की स्ट्रीट लाईटें खराब हैं। डाक्टर लाखन वाली गली में भी लाईट खराब है। ये सभी गलियां करबला के नजदीक हैं। लाइटें चालू नही होने की वजह से अंधेरा रहने के कारण चोरों के आने की जो अफवाहें उड़ रही हैं उसकी वजह से लोग घबराये हुये हैं और लोग जाग जागकर पहरा दे रहे हैं जिससे कि कोई घटना घटित न हो जाए।

इसलिए जनहित मे ये सभी लाईट ठीक कराई जायें। जिस पोल पर स्ट्रीट लाईट की जरूरत है वहीं पर ही स्ट्रीट लाई लगवाई जायें। लाइटों को चालू करने की मांग करने वालों में मुख्य रुप से शाहिद सिद्दीकी, क"यूम अहमद, इंशाद अहमद, हासिम अहमद, इकबाल अहमद, फारुख अहमद, नफीस अहमद, कामिल अहमद, नसीम अहमद, डॉक्टर मोमीन, शकील अहमद, लियाकत अहमद, अनीस अहमद, सद्दाम अहमद, महबूब अहमद आदि लोग हैं

## सदस्यता सम्मेलन में नहीं जुटी भीड़

**बुढ़ाना।** कस्बे के एक बैंकट हाल में बुधवार के दिन आयोजित आजाद समाज पार्टी कांशीराम का सदस्यता अभियान और कार्यकर्ता सम्मेलन भीड़ नहीं जुटने के कारण टायं टायं फिस्स हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक सुनील कुमार चित्तौड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और उत्तर प्रदेश की सरकारें अपने झूठे वादों से केवल भारत की जनता को छलने का काम कर रही है। जिसके चलते देश में हर वर्ग भाजपा की जन विरोधी नीतियों के चलते त्रस्त दिखाई पड़ रहा है। भाजपा सरकार में देश व प्रदेशों में गरीब, मजलूमों पर हो रहे अत्याचारों का विरोध देश में केवल भीम आर्मी चीफ एवं आसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद कर रहे हैं अन्य और कोई भी नेता भाजपा का विरोध नहीं कर रहा। उन्होंने कहा कि हम जगह जगह इसी तरह के प्रोग्राम करके इस तानाशाही भाजपा सरकार को देश और प्रदेशों से उखाड़ने का आह्वान देश की जनता से कर रहे है। उन्होंने ये भी साफ किया कि हमारी इस पार्टी में अनुशासनहीनता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पार्टी पदा. धिकारी और कार्यकर्ता पूरी निष्ठा व ईमानदारी से पार्टी हित में कार्य करें। उन्होंने आसपा कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत कर बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस दौरान भसाना गांव के पूर्व प्रधान अनवर चौधरी के आवास पर भी पूर्व विधायक सुनील चित्तोड गये और आजाद समाज पार्टी कांशीराम के उद्देश्यों के बारे में ग्रामीणों को बताया। उधर कार्यक्रम में ज्यादा भीड़ नहीं जुट पाने के कारण कार्यक्रम टायं टायं फिस्स रहा।

# ' श्री हनुमंत महाराज की दिव्य आरती में गूंजे संस्कार और सनातन संस्कृति के स्वर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अमित विहार स्थित शिव मंदिर में श्री हनुमंत महाराज की दिव्य आरती और हनुमान चालीसा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सामा. जिक संस्था के अध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अपने ओजस्वी उद्बोधन में उन्होंने युवाओं से संस्कार और सनातन संस्कृति की ओर लौटने का आ]वान किया। इस दौरान क्षेत्र के पिछड़ेपन को लेकर लोगों ने उनके सामने अपनी शिकायत रखी और क्षेत्र का विकास कराने के लिए सहयोग मांगा।

कार्यक्रम में मनीष चौधरी ने कहा कि युवाओं को अपने जीवन में नैतिक मूल्यों और संस्कृति को स्थान देना होगा। यही समाज, देश और धर्म की रक्षा के साथ-साथ इनके उत्थान में भी अहम भूमिका निभाएगा।

उन्होंने उपस्थित जनसमूह को नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया और कहा कि युवा अगर सही दिशा में कदम बढ़ाएं, तो हर परिवर्तन संभव है। कार्यक्रम का माहौल भक्तिमय रहा, जहां भक्तों ने भजन-कीर्तन के माध्यम से श्री हनुमंत महाराज का गुणगान किया और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, इनमें छोटे-छोटे बच्चोंने कंठस्ट हनुमान चालीसा सुनाकर प्रभावित किया। उन्होंने बच्चों को संस्कृति और धर्म से जोड़ने के लिए ऐसे आयोजन कर पर पुजारी के प्रयास की सराहना की। यहां मुख्य अतिथि मनीष चौधरी के समक्ष मंदिर के मुख्य पुजारी संजय तिवारी और क्षेत्र के लोगों ने पिछड़ेपन और समस्याओं को रखा। मंदिर तक जाने वाले कच्चे रास्ते के निर्माण, जल निकासी पर चर्चा हुई। मनीष चौधरी ने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि प्रशासन के साथ ही जनप्रति. निधियों ने इस क्षेत्र की समस्याओं को अनदेखा किया है। उन्होंने डीएम से क्षेत्र का निरीक्षण कराकर जनसमस्याओं का निस्तारण करने की मांग करते हुए कहा कि कच्ची गली होने के आवागमन दूभर रहता है। बारिश के दिनों में हाल ज्यादा खराब हैं। मंदिर प्रांगण में मुख्य पुजारी पंडित संजय तिवारी एवं अवध नारायण तिवारी ने विधिवत रूप से आरती का आयोजन संपन्न कराया। आयोजन के अंत में प्रसाद वितरण के साथ सभा का समापन हुआ। आयोजन में दीपक प्रजा. पति, नीतू कुमार प्रजापति, राज. कुमार प्रिंसिपल समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे

# शिखर शिक्षा सदन में क्राइम टीम ने दिए साइबर क्राइम से बचाव के टिप्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मीरापुर में बुधवार को एक विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मीरापुर थाने की क्राइम टीम ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताए और उन्हें डिजिटल सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में इंस्पेक्टर क्राइम सुनील मिश्रा, उपनिरीक्षक सपन, उपनिरीक्षक विवेक, तथा कंप्यूटर ऑपरेटर टिंकू ने विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार डिजिटल अरेस्ट, फेक कॉल्स, ओटीपी फॉड, और सोशल मीडिया हैकिंग जैसे साइबर अपराधों के जाल में लोग फंस जाते हैं। इंस्पेक्टर सुनील मिश्रा ने छात्रों को समझाया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने, ओटीपी साझा करने, और बैंक या पर्सनल डिटेल्स सोशल मीडिया पर डालने से कैसे बड़ा खतरा पैदा हो



सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हडिजिटल अरेस्टह एक नया साइबर फॉड है जिसमें अपराधी खुद को पुलिस या सरकारी अधिकारी बताकर डराते हैं और पैसे की मांग करते हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत ने क्राइम टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रकार की जानकारी वर्तमान डिजिटल युग में अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्रों से सतर्क और सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डायरेक्टर राजेश शर्मा और चेयरमैन सुशील कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि विद्यालय न केवल शिक्षा बल्कि सुरक्षा और जागरूकता के क्षेत्र में भी विद्यार्थियों को पूर्ण सहयोग देता रहेगा। कार्यक्रम की विशेष कड़ी में क्राइम टीम की ममता अत्री और पूनम सैनी ने महिला सुरक्षा पर भी छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने वुमन हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, और 'रोमन सेफ्टी एप' की जानकारी दी तथा बताया कि किसी भी खतरे की स्थिति में लड़कियाँ किस प्रकार तुरंत सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

**Name Change**

I, MANOJ KR. JAIN S/0 VIRENDRA KUMAR JAIN R/O - H.N.397/2, Kambal Wala Bagh, Jansath Road, P/S Nai Mandi, Distt. MUZAFFARNAGAR (U.P.) Have Changed my name to MANOJ JAIN.

**सूचना**

मैंने अपना नाम कालू शाह KALU SHAH से बदलकर मो. कालू MO KALU रख लिया है। भविष्य में मुझे नये नाम से जाना व पहचाना जाये।

**मो. कालू पुत्र शब्बीर**
**निवासी 1791 रामपुरी**
**मुजफ्फरनगर**

# होली चाईल्ड में जिला कराटे प्रतियोगिता सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर।** नेशनल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया के अन्तर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जडौदा, मुजफ्फरनगर में डिस्ट्रिक कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि यातायात प्रभारी इन्द्रजीत सिंह, प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया, कराटे रेफरी राकेश कौशिक, नीरज सैनी, जनपद क्रीडा क्लब के शारीरिक शिक्षक सत्यकाम तोमर, राहुल कुशवाह, अक्षय कुमार, यशपाल सिंह, बबीता राणा, नितिन बालियान, मनोज कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

यातायत प्रभारी इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को खेलों के प्रति अधिक सजग होकर प्रतिभाग करना चाहिए। मार्शल आर्ट में मैं स्वयं भी ब्लैक बेल्ट चैम्पियन रहा हूं। कराटे एक जापानी मार्शल आर्ट है जो आत्मरक्षा एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए उपयोगी है, यह कला हाथ और पैर की तकनीकों पर केन्द्रित है, जिसमें विभिन्न प्रकार के प्रहार, ब्लॉक, मुद्राए शमिल होती है। इस खेल में हमें मान. सिक स्तर से भी स्वस्थ एवं मजबूत होना पडता है। जनपद स्तर कराटे प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 86 बालाक एवं बालिकाओं ने प्रतिभाग किया जिसमें जनपद स्तर पर अन्डर 14 में युग दहिया होली चाइल्ड पब्लिक इ0का0, जडौदा, रजी, हमदान, अफसा, रिजा यूनिक इ0का0, मु0नगर। कृष्णा, विदित, देव गुप्ता, प्रिन्स, देव, मिनहा सनसाईन एकेडमी। अभय कुमार, महेश ज्ञानदीप बाल शिक्षा केन्द्र जू0हा0 स्कूल, मु0नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया।जनपद स्तर पर अन्डर-17 होली चाइल्ड पब्लिक इ0का0 जडौदा,



मु0नगर से सत्यम, एन्जी शागवान, परी दहिया, डी0ए0वी0 इ0का0 जानसठ, मु0नगर से आयुष्मान, अक्षत, आर्यन, सनसाईन एकेडमी से अरहम, दर्श, जैनब, जैन कन्या इ0का0मु0नगर से सबरीन, आसमा, राजकीय इ0का0 मु0नगर से अक्षरा चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जनपद स्तर पर अन्डर-19 डी0ए0वी0 कॉलेज, जानसठ, मु0नगर से मनीष, एम0डी0 इस्लामिया इ0का0, मु0नगर शरद सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शारीरिक शिक्षक नितिन बालियान, राखी सूर्यदेव, योगाचार्य सतकुमार, सचिन कश्यप, आदित्य कौशिक, फूलकुमार आदि का सहयोग रहा।

# द एसडी स्कूल में स्टैंडर्ड क्लब के अंतर्गत मानक लेखन प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** द एसडी पब्लिक स्कूल, द्वारिका सिटी में भारतीय मानक ब्यूरो, देहरादून शाखा कार्यालय के तत्वावधान में स्टैंडर्ड क्लब के अंतर्गत हमानक लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय हेलमेट रखा गया, जिसमें स्टैंडर्ड क्लब के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम माहना जी ने मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम की रिसोर्स पर्सन पूनम कपिल जी का स्वागत पौधा भेंट करके किया। इसके बाद पूनम कपिल जी ने विद्यार्थियों को भारतीय मानक ब्यूरो की भूमिका और कार्यप्रणाली से अवगत कराया। उन्होंने हॉलमार्क, अनिवार्य पंजीकरण, इको मार्क, मैनेजमेंट सर्टिफिकेशन स्कीम, आईएसआई मार्क तथा विभिन्न प्रकार के लिंक एवं मोबाइल एप्प्स के बारे में




विस्तार से जानकारी दी। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल ने मानक लेखों का मूल्यांकन मौलिकता, प्रस्तुति, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और भाषा की स्पष्टता के आधार पर किया। विज. ेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम माहना जी ने भारतीय मानक ब्यूरो का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा गुणवत्तापूर्ण सोच विकसित करती हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में देशभक्ति की भावना के साथ-साथ गुणवत्ता के प्रति जागरूकता भी बढ़ाते हैं। कार्यक्रम का संचालन स्टैंडर्ड क्लब प्रभारी श्री नीरज गोयल एवं प्रणव तायल के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं स्टैंडर्ड क्लब के सदस्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# अंडरपास बना मुसीबत, जलभराव और गड्ढों से बढ़ी परेशानी

## कई हादसेः ट्रक और ई-रिक्शा पलटे, लोग घायल

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** नगर क्षेत्र के बुढाना मार्ग पर स्थित अंडरपास इन दिनों नगरवासियों और वाहन चालकों के लिए बड़ी मुसीबत बन चुका है। बरसात के मौसम में अंडरपास के नीचे जलभराव और सड़क पर बने गहरे गड्ढे लोगों की जान पर भारी पड़ रहे हैं। मंगलवार को अंडरपास में हुए दो अलग-अलग हादसों ने प्रशासनिक लापरवाही की पोल खोल दी।

मंगलवार को बुढाना अंडरपास के नीचे पानी भरा हुआ था। इसी दौरान एक ट्रक जलभराव के बीच बने गड्ढे में फंसकर अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत रही कि ट्रक चालक की जान बच गई और बड़ा हादसा होते-होते टल गया। इसी जगह पर कुछ देर बाद लोगों से भरी एक ई-रिक्शा भी जलभराव के कारण असंतुलित होकर पलट गई, जिससे कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अंडरपास निर्माण के दौरान संबंधित विभाग ने निकासी व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया, जिससे हर बारिश के बाद अंडरपास में जलभराव की स्थिति बन जाती है। जलभराव के नीचे छिपे गड्ढे वाहन चालकों को दिखाई नहीं देते, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। नगरवासियों ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार स्थानीय प्रशासन को अवगत कराया, शिकायती पत्र भी दिए, लेकिन समस्या का आज तक कोई समाधान नहीं निकाला गया। उल्टा हालात दिन-ब-दिन और भी खराब होते जा रहे हैं। मंगलवार को भी लोगों ने तहसील अधिकारियों को ज्ञापन भेजते हुए अंडरपास की मरम्मत, सड़क निर्माण और जलभराव से स्थायी समाधान की मांग की।

जनता में आक्रोश, प्रशासन बेपरवाह

नगरवासियों का कहना है कि अगर जल्द ही अंडरपास की स्थिति सुधारी नहीं गई, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने चेता. वनी दी है कि यदि समस्याओं का समाधान जल्द नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे।

**नगरपालिका और पीडब्ल्यूडी की खामोशी पर उठे सवाल**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि न तो नगरपालिका और न ही पीडब्ल्यूडी विभाग अंडरपास की स्थिति को लेकर गंभीर है। नालियों की सफाई, गड्ढों की मरम्मत और जल निकासी की व्यवस्था के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

## आफिस में शराब पीते हुए चकबंदी एसीओ का वीडियो हुआ वायरल

**बुढाना।** चकबंदी विभाग में एक सहायक चकबंदी अधिकारी का कार्यालय में बैठकर शराब पीने का वीडियो वायरल होने से हड़कंप मच गया है। वीडियो में एसीओ सतीश शर्मा अपनी मेज पर शराब की बोतल और गिलास रखकर जाम छलकाते नजर आ रहे हैं।



मिली जानकारी के अनुसार गत दिवस विधायक राजपाल बालियान ने प्रेसवार्ता कर चकबंदी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों पर किसानों का उत्पीड़न करने और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए थे। इस आरोप-प्रत्यारोप के बीच ही एसीओ सतीश शर्मा का 25 सैकेंड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो में वह अपनी कुर्सी पर बैठे हैं और सामने मेज पर शराब की बोतल, पानी और गिलास रखा है। वीडियो में वह शराब पीते हुए स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। जिससे विभाग की कार्यशैली पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस संबंध में जब आरोपी एसीओ सतीश शर्मा से बात की गई तो उन्होंने वीडियो को चार-पांच महीने पुराना और अपने घर का बताया। उनका कहना है कि 30 जुलाई को एक दुर्घटना में घायल हो गया था। तब से मेडिकल लीव पर घर पर ही हूं। यह मुझे बदनाम करने की साजिश है। उधर मामले के तूल पकड़ने पर चकबंदी विभाग के जिला बंदोबस्त अधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि सीओ चकबंदी को जांच सौंपी गई है। उसकी रिपोर्ट आने पर ही कार्रवाई की जाएगी।

## एस.डी. पब्लिक में राखी प्रतियोगिता का आयोजन, सैनिकों के लिए भेजी राखियां

**मुजफ्फरनगर।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा 2025 अभियान के अन्तर्गत दिनांक 2 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक विभिन्न देशभक्ति गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। विद्यालय में इस अभियान की शुरुआत जोश और उत्साह के साथ हुई। विद्यालय द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



रक्षाबंधन के पावन अवसर पर एस.डी. पब्लिक स्कूल में राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने रचनात्मक कौशल से सुंदर-सुंदर राखियां तैयार कीं, जिनमें प्रेम, सम्मान और समर्पण की झलक स्पष्ट थी। सोशल क्लब के अध्यापकों के साथ कक्षा पांच की अविका गर्ग, पहल तथा रूही तायल राखी एवं मिठाई के साथ जिला. धिकारी उमेश मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा तथा पुलिस अधीक्षक आदित्य बंसल के कार्यालय पहुंचे और उन्हें राखी बांधी। इस आयोजन की विशेष बात यह रही कि छात्र-छात्राओं ने देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिक भाइयों के लिए भी राखियां तैयार कीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोशल क्लब इंचार्ज विकेश गुप्ता एवं मती सहाना जैन का सराहनीय योगदान रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या मती भारती तिवारी ने इस प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा बताया कि यह प्रयास देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को दर्शाता है। इस अवसर पर स्कूल की डायरेक्टर मती चंचल सक्सैना ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों में रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि उनमें देश और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को जगाते हैं।

### विवाहिता की हत्या में 14 माह से फरार पति व सास गिरफ्तार

**चरथावल।** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की हत्या करने के आरोप में करीब चौदह माह से फरार चल रहे पति व सास को पुलिस ने गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पकड़े गए पति व सास को जेल भेज दिया है। जनपद मेरठ थाना सरधना के गांव खेड़ा निवासी सत्यप्रकाश ने 28 मई 2024 को दर्ज कराये मुकदमें में बताया था कि उसकी पुत्री मोनिका की शादी ग्राम दूधली निवासी मोहित के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ हुई थी। आरोप था कि मोनिका से उसके ससुराल वाले दिये गये दान दहेज के कारण खुश नहीं थे और अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने से नाराज ससुरालियों ने 24 मई2024 को सुनियोजित ढंग से मोनिका की हत्या कर दी थी। मृतका के पिता ने पति मोहित, सास कुसुम, ससुर कुलभूषण व ननद वंदना के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था तभी से सभी आरोपित फरार चल रहे थे। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि आरोपित पति मोहित व सास कुसुम ग्राम पचायरा थाना ट्रोनिका सिटी जनपद गाजियाबाद में मौजूद है। सूचना पर उपनिरीक्षक विशाल राठी ने कांस्टेबल राहुल कुमार, महिला कांस्टेबल नीरज के साथ दोनों को बताये गये स्थान से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पकड़े गए अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

## चारा काट रहे युवा किसान की पिटाई

**छपार।** खेत में चारा काटने गये किसान के पुत्र की तीन अज्ञात बदमाशों ने लाठी डंडों से पिटाई की ओर मौके से भाग गये। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। गांव जय भगवानपुर निवासी किसान गोपी का पुत्र जितेंद्र उर्फ जीतू बुधवार को दोपहर के समय अपने खेत में चारा काट रहा था उसी वक्त तीन बदमाश हाथों में लाठी डंडे लेकर आये ओर जमकर पिटाई की शोर मचाने पर बदमाश फरार हो गये। पीड़ित ने घर आकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन व ग्रामीण खेतों में पहुंचे लेकिन वहां कोई नहीं मिला। पीड़ित ने थाने में अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि मौके पर गये थे मुआयन किया तो ऐसा कुछ नहीं लगा कि मारपीट हुई हो।

## हैड कांस्टेबल राजेंद्र को दी भावभीनी विदाई

**बुढाना।** काफी दिनों से बुढाना कस्बा चौकी पर तैनात हैड कांस्टेबल राजेंद्र सिंह का तबादला बीते दिन समीपवर्ती थाना शाहपुर में हो जाने पर आज बुधवार के दिन उन्हें अन्य पुलिसकर्मियों के द्वारा फूल मालाओं से भावभीनी विदाई दी गयी। इस दौरान सभी पुलिसकर्मी भावुक हो गये। इस मौके पर विदाई समारोह के दौरान बुढाना कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार ने कहा कि हेड कांस्टेबल राजेंद्र सिंह की कमी हमेशा खलती रहेगी। राज.द्र सिंह लंबे समय से कस्बा चौकी पर तैनात थे और बहुत ही मिलनसार व्यक्ति हैं। इस मौके पर यहां मुख्य रूप से सब इंस्पेक्टर आदेश कुमार, सब इंस्पेक्टर आशीष चौधरी, सब इंस्पेक्टर छविकांत चौहान, हैड कांस्टेबल हरीश कुमार, कांस्टेबल ज्ञानवीर सिंह, कांस्टेबल अशफाक अहमद, कांस्टेबल देवांश यादव, कांस्टेबल गजेंद्र सिंह, शिव कुमार त्यागी और कांस्टेबल विजय कुमार के अलावा भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट बुढाना के नगर अध्यक्ष इसरार अहमद, भारतीय किसान यूनियन के जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी प्रधान और किसान सेवा के जिला प्रभारी मुरसलीन कस्सार हुसैनपुरी सहित अन्य कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति देखने को मिली।

## खाद्य विभाग की छापेमारी से भोकरहेड़ी में हड़कंप

### खाद्य विभाग ने दूध और मावे के लिए सैंपल

**मोरना।** खाद्य पदार्थों मे मिलावट खोरी पर लगाम लगाने के उद्देश्य से खाद्य विभाग की टीम ने भोकरहेड़ी में छापेमारी की। खाद्य विभाग की कार्यवाही से हड़कंप मच गया है। टीम द्वारा कुछ व्यक्तियों के दूध मावे के सेम्पल लिये गये हैं।



भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला लोकुपुरा दक्षिणी आदि मे बुधवार को कई स्थानों पर खाद्य विभाग की टीम द्वारा छापेमारी की गयी। टीम द्वारा दिलशाद, मेहरबान व इरफान के प्रतिष्ठानों से दूध और मावे के नमूने लिए गए। टीम ने मौके पर मौजूद दुकानदारों को साफ-सफाई और गुणवत्ता को लेकर सख्त हिदायत भी दी छापेमारी के दौरान असिस्टेंट कमिश्नर खाद्य अर्चना धीरान, डी. फूड सेफ्टी अधिकारी शिवकुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुनील कुमार, मनोज कुमार, कुलदीप सिंह, विशाल चौधरी आदि मौजूद रहे। अर्चना धीरान ने बताया की सभी सैंपल को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। विभाग ने मिलावट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## निर्विरोध चुने गए छपार सहकारी संघ के 6 संचालक

**छपार।** छपार सहकारी संघ का छह संचालक पद का चुनाव होना था लेकिन दूसरे पक्ष की ओर से कोई नामांकन न होने के कारण छह संचालक निर्विरोध चुने गये। बुधवार को संच.ालक पद पर छह का चुनाव होना था उसके लिए 30 जुलाई को नामांकन किये गये थे। 14 डेलीगेट में सिर्फ 6 ने ही नामांकन किया था जिसका बुधवार को



चुनाव होना था लेकिन दूसरे पक्ष की ओर से कोई नामांकन न होने के कारण डाक्टर कनक सिंह, पदम त्यागी, राजेन्द्र सिंह, सत्यप्रिय त्यागी, इकबाल अहमद, सुखपाल सिंह को चुनाव अधिकारी शिवकुमार ने निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया ओर सभी को जीत के प्रमाणपत्र वितरित किये। चुनाव अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार को सभापति व उपसभापति का चुनाव होगा ओर डेलीगेशन भी बृहस्पतिवार को ही किया जायेगा। अरुण त्यागी जिप सदस्य, संजय त्यागी, अरशद त्यागी, जोगेंद्र सिंह गुर्जर, अशोक सिंह, राजकुमार त्यागी, बबलू त्यागी आदि समर्थक मौजूद रहे।

# अड्डे पर हुई मारपीट के बाद बस हैल्पर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** कस्बे के बस अड्डे पर सोमवार को रात 8 बजे एक दर्दनाक हादसे के बाद मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुए बस चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। इस मामले में मृतक के पुत्र ने छह नामजद सहित 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी है।

मीरापुर-मुजफ्फरनगर रूट की एक प्राइवेट बस सोमवार को रात लगभग 8 बजे मीरापुर बस अड्डे पर पहुंची थी। बस चालक मुकेश पुत्र सोमपाल निवासी ग्राम भूम्मा, बस को पार्किंग में लगा रहा था कि तभी उसका नियंत्रण बस से हट गया और बस पहले एक खड़ी कार से जा टकराई जिसमें कार क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद अनियंत्रित बस ने बस अड्डे पर खड़े दो युवकों शावेज पुत्र इसराइल व शाह आलम पुत्र साबिर, निवासी मोहल्ला कमलियान को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुर्घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। आक्रोशित लोगों ने बस चालक मुकेश को बस से उतारकर बेरहमी से पीट दिया। पिटाई में उसे गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उसे मेरठ रेफर किया गया और फिर दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में तेजी दिखाते हुए मृतक के पुत्र अक्षय कुमार की तहरीर पर काशिफ पुत्र लईक निवासी भूम्मा रोड, भूरा व हाफिज रईस पुत्रगण इदरीस, हसीन पुत्र शाहिद, जावेद व नईम निवासी मोहल्ला कमलियान सहित 15-20 अज्ञात लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि मारपीट के कारण गंभीर रूप से घायल मुकेश की मौत हो गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित कर दी गई हैं और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। मुकेश की आकस्मिक मृत्यु से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## टूर्नामेंट में हो रहे बहुत ही रोमांचक मुकाबले

**चरथावल।** मलहुवाला मैदान पर चल रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट मे दर्शकों का हुजूम दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। टूर्नामेंट में जहाँ दूर दराज से टीमें एंट्री कर टूर्नामेंट की शोभा बढ़ा रही है वहीं गत रात्रि जलालाबाद क्लब और प्रमोद क्लब के बीच बहुत ही रोमांचक मुकाबला देखने को मिला।

वहीं खिलाड़ी साकिर ने गगनचुम्बी छक्के देखकर दर्शकों का उत्साह सातवे आसमान पर पहुंच गया और साकिर के बल्ले से मानो छक्के नहीं रनो की बरसात हो रही थी और मैदान पर दर्शकों की भारी भीड़ खिलाड़ियों का पूरा पूरा उत्साहवर्धन कर रही थी दस दस औवरो के होने वाले मैच मे रनो की पूरी बारिश हुई चेयरमेन पद के भावी उम्मीदवार प्रमुख समाजसेवी मास्टर रययान ने फीता काटकर मैच का शुभारम्भ किया और खिलाड़ियों से परिचय किया और कहा की खेलो से ही हमारा शरीर सही रह सकता है शरीर को फिट रखने और अपनी प्रतिभा को निखारने का पूरा पूरा अवसर हमें खेलो से मिलता है इस दौरान प्रमुख समाजसेवी डाक्टर नौशाद, गुलफाम उर्फ काला मेंबर, आसिफ त्यागी डायरेक्टर, मुरसलीन बक्शी, सलीम मेंबर, सादिक त्यागी, युवा नेता मोईन त्यागी, मोनू त्यागी, अथर त्यागी, शौकीन मेंबर, फिरोज अंसारी सभासद, प्रवेज मेंबर सहित दर्शकों की भारी भीड़ मौजूद रही।

## भाकियू 'अ' की बैठक में समस्याओं पर हुआ विचार विमर्श

**बुढाना।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की एक आवश्यक बैठक बार एसोसिएशन बुढाना के सभागार में आयोजित की गयी। जिसमें बुढाना ब्लाक के कई गांवों के ग्राम अध्यक्ष भी शामिल हुए। यहां पर तय किया गया कि अब हर महीने भाकियूअ की मासिक मीटिंग हुआ करेगी। दूसरे सभी को हर मीटिंग में समय से पहुंचना अनिवार्य होगा। यहां पर सभी की सहमति से गांव गढ़ी नौआबाद का ग्राम अध्यक्ष मेहनती कार्यकर्ता रणवीर सिंह बालियान को बनाया गया। सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने गन्ना पेमेंट व किसानों की अन्य समस्याओं को लेकर भी गहन विचार विमर्श किया और रणनीति बनाकर एक बड़ा आंदोलन भी किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता भाकियूअ जिलाध्यक्ष पहलवान सुधीर पंवार माजरा और संचालन बुढाना अध्यक्ष प्रवीण पंवार द्वारा किया गया।

## मानदेय बढ़ाने को एकजुट हुए पुलिस के ग्राम प्रहरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** बुधवार को दर्जनों ग्राम प्रहरी अथवा चौकीदारो ने थाना प्रभारी निरीक्षक को जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन देकर मानदेय बढाए जाने की मांग की है।

ग्राम प्रहरी शंकर गौड़, मासूम, धर्म सिंह, वीरेंद्र, विपिन, ज्ञान सिंह, रविंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, रामवीर, तेज सिंह, शकील, राकेश, विपिन कुमार, सेवाराम, फारूक, नदीम, सद्दाम, हसीन हैदर, राधेश्याम, जयप्रकाश, वाजिद आदि ने थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह को जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन देते हुए मानदेय बढाए जाने की मांग की है। चौकीदारों का कहना है कि वह 24 घंटों अपनी डयूटी को अंजाम देते हैं और मानदेय मात्र ढाई



हजार रुपए मिलता है, जो बहुत ही कम है, जिसमे उनका न तो गुजारा है। वर्तमान में यह आदर्श मानदेय नहीं है तथा सामाजिक प्रतिष्ठा के विपरीत है। विषम परिस्थितियों में भी वह अपने कर्तव्य का निर्वाह करते चले आ रहे हैं। मानदेय बढ़ाया जाना बेहद जरूरी है।

## शुक्रताल गंगा घाट पुल के पास एसडीएम ने कराई जलकुंभी की सफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शुक्रताल/मीरापुर।** गंगा घाट के पास स्थित पुल के दूसरी ओर भारी मात्रा में जलकुंभी जमा हो जाने से पुल को खतरा उत्पन्न हो गया था। पहाड़ों पर लगातार हो रही वर्षा के चलते नदियों और नालों में तेज बहाव है, जिससे शुक्रताल क्षेत्र भी प्रभावित हुआ है। ग्रामीणों ने एसडीएम जानसठ जयेंद्र कुमार को इसकी शिकायत करते हुए बताया कि जलकुंभी के कारण गंगा घाट पर पानी का प्रवाह बाधित हो रहा है, जिससे पुल के क्षतिग्रस्त होने की आशंका बढ़ गई है।

शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम जयेंद्र कुमार ने तुरंत कार्रवाई की। वे मौके पर पहुंचे और उनके साथ गंग नहर जैई संजीव मलिक, नायब तहसीलदार बृजेश सिंह और कानूनगो सुनील कुमार भी मौजूद रहे।

टीम ने स्थिति का जायजा लेने के बाद जेसीबी मशीन की सहायता से जलकुंभी की सफाई का कार्य आरंभ कराया।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि यह कार्य समय पर न होता, तो पुल को भारी क्षति पहुंच सकती थी, जिससे विशेष रूप से किसानों और स्थानीय लोगों को दूसरी तरफ जाने में परेशानी होती। सफाई कार्य के शुरू होते ही ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और एसडीएम जानसठ जयेंद्र कुमार का धन्यवाद करते हुए उनके त्वरित निर्णय की सराहना की।



स्थानीय प्रशासन की तत्परता से न केवल एक संभावित संकट टल गया, बल्कि जनता में प्रशासन के प्रति विश्वास भी और अधिक मजबूत हुआ है।

# श्रीराम कॉलेज में बीएफए का परीक्षा परिणाम घोषित

**मुजफ्फरनगर।** माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर द्वारा घोषित किये गये परीक्षा परिणाम में बीएफए (फैशन डिजाइनिंग) तृतीय वर्ष में रितिश कोरी ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, नमीन ने 88.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा साक्षी ने 86.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान, वही बीएफए (एप्लाइड आर्ट्स) तृतीय वर्ष में प्राची शर्मा ने 91.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, रजनीश कुमार ने 89.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा श्रुति कुमारी ने 87.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

बीएफए (एप्लाइड आर्ट्स) चतुर्थ वर्ष में विधि सत्यदेव ने 88.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, ज्ञान रंजन ने 84.95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा कनक कोरी ने 84.62 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

कॉलेज में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय कॉलेज के शिक्षक व परिजनों को दिया। इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कालेजिज के चेयरमैन डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ व ललित कला विभाग के निदेशक डॉ मनोज धीमान ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की तथा विभाग के प्रवक्ताओं द्वारा विद्यार्थियों की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका की सहराना की।

इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डा प्रेरणा मित्तल, श्रीराम कॉलेज के उप-प्राचार्य डा0 सौरभ मित्तल, डीन एकेडमिक्स डा विनीत कुमार शर्मा, डीन इंजीनियरिंग डा सुचित्रा त्यागी, श्री राम कॉलेज के ललित विभाग के विभागाध्यक्षा मीनाक्षी काकरान एवं प्रवक्ता रजनीकांत, बिन्नू पुंडीर, रीना त्यागी, मयंक सैनी, अजित मन्ना और सोनी श्रीवास्तव ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी।

## अटल पेंशन योजना का लाभ उठाएं: प्रशांत कुमार

**जानसठ।** भारतीय स्टेट बैंक की तरफ से एक उदय पैलेस में एक प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय सेवा केन्द्र कैम्प द्वारा योजना का लाभ जनता को उठाने पर प्रकाश डाला गया। और प्रोग्राम में पहुंचे डीजीएम प्रशांत कुमार ने सभी बैंक उपभोक्ताओं को योजना के बारे में बताया जैसे अटल पेंशन योजना पर प्रकाश डाला जिसमें 42 पति माह, आयु 18-40 वर्ष, वहीं 436 प्रतिवर्ष आयु 18-50 वर्ष, जीवन ज्योति बीमा, 200000, 20 प्रतिवर्ष आयु 18-70 वर्ष, बीमा भुगतान 2000001 योजनाओं के फायदे बताए। इस प्रोग्राम में लगभग सैकड़ों उपभोक्ता मौजूद रहें। और मौके पर तीन स्टालों के माध्यम से जनता को योजना के लाभ दिलाया गया व लगभग 50: लोगों को योजना का लाभ मिल चुका है। इस मौके पर भारतीय स्टेट बैंक के डीजीएम प्रशांत कुमार, एजीएम सुधीर कुमार, योगेश कुमार, अमित कुमार, सीएसपी अंकित संगल, सीएसपी अधिकारी गार्गी लाम्बा, योगेश गुप्ता, रविन्द्र, रिंकू प्रयाग आदि मौके पर मौजूद।

## बच्चियों व बहनों ने सत्यप्रकाश रेशू को बांधी राखियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** धागो के पवित्र बंधन के शुभावसर पर स्कूल की बच्चियों ने सत्यप्रकाश रेशू व अन्यो को राखी बांधी। साथ ही बच्चियों ने रेशू को बड़ा भैया कहकर मोबाइल से फोटो खींचने को कहा। जिस पर सत्यप्रकाश रेशू ने अपने मोबाइल से बच्चियों की राखी सजी थालियो की फोटो खींची व बच्चियों को उपहार दिये।

इस शुभावसर पर बच्चियों की साथ उनकी अध्यापिका सहाना जैन व अध्यापक विकेश गुप्ता ने भी सत्यप्रकाश रेशू व अन्यो को मिठाई खिलाकर राखी पर्व की शुभकामनायें दी।



गांधी नगर स्थित ब्रह्मकुमारी आश्रम की बहन बीके बबीता ने भी अन्य बहनों की साथ सत्यप्रकाश रेशू सहित शहर के अनेकों भाई-भाभियो को रक्षा सूत्र बांधा। साथ ही ब्रह्मकुमारी के मुख्य कार्यालय माउंट आबू जाने का निमंत्रण भी दिया। जिसे सत्यप्रकाश रेशू ने सहर्ष स्वीकार कर माउंट आबू जाने का वादा किया।

बहन बीके बबीता की राखी बंधवाने के बाद रेशू ने राखी का महत्व बहनो से समझा। साथ ही ब्रह्मकुमारी आश्रम में रहने वाली बहनो को सदैव साथ देने का वादा किया व बीके बबीता बहन को शॉल ओढ़ाकर चरण स्पर्श दकर उपहार भेंट दिये। इस राखी पर्व के अवसर पर भाई-बहन के संबंधो के गीत, कहानी भी सुनाई गई।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादकः एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'

मुख्यालयः मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. 71843/99

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# एएनएम महिला कर्मियों ने सीएमओ कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना किया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघ के बैनर तले बुधवार को सैकड़ों एएनएम/एलएचवी की महिला कर्मचारियों ने सीएमओ कार्यालय पर कार्य बहिष्कार कर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। उन्होने उपकेन्द्र पर निवास करने व मातृ स्वास्थ्य के अन्तर्गत उपकेन्द्रों पर प्रसव सेवा देने के आदेशों को वापस लेने की मांग की है। बुधवार को सीएमओ कार्यालय पर मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघ के बैनर तले सैकड़ों एएनएमध्एलएचवी की महिला कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया। धरने को संबो. धिक करते हुए शाखा अध्यक्ष उषा मलिक, महामंत्री अफसर जहां ने कहा कि एएनएमध्एलएचवी के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के आदेशों का पूर्व से अच्छी व भली भांति पूर्ण रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है, लेकिन रात में उपकेन्द्रों पर रहने का आदेश जारी किया गया है। जिस कारण सभी एएनएम असुरक्षित महसूस कर रही है। क्योंकि पहले भी एएनएम के साथ दुर्घटना हुई है और गांव में शाम के समय से ही शराबी लोग अधिक. ांशतया भ्रमण कर रहे होते है तथा डिलीवरी करने के बाद किसी भी मरीज को पीपीएच व टीयर होने के बाद मरीज को ब्लीडिंग होती है तो उसमें हमारी एएनएम कुछ नहीं कर सकती है। किसी एएनएम/एलएचवी को ड्रिप लगानी नहीं आती है जिससे कि ड्रिप लगाकर उसको रैफर करे। तब तक मरीज के बचने की हालत में नहीं रहेगा। क्योंकि उस समय मरीज की जान को खतरा हो सकता है। एएनएम महिलाओं ने उपकेन्द्र पर निवास करने व मातृ स्वास्थ्य के अन्तर्गत उपकेन्द्रों पर प्रसव सेवा देने के आदेशों को वापस लेने की मांग की है। इस अवसर पर पूजा शर्मा, सुमन रानी, रीता, किरण, जुली, सोनिया धीमान, एकता, पूनम, अन्नु चौधरी, पिंकी, महेश कुमारी, संगीता, रूपल, रजनी, अनिता, सृष्टि आदि मौजूद रही।





## साइबर क्राइम ने वापस कराई चार लाख की धनराशि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना साइबर क्राइम जनपद शामली द्वारा की गई कार्यवाही में ठगी की गई 4,12,222/-रुपए की धनराशि वापस कराई गई। ज्ञात हो दिनांक 31.7.2025 को आवेदक राहुल संगल पुत्र अवधेश संगल निवासी कमला कालोनी थाना कोतवाली जनपद शामली से अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोरबी गुजरात से टाईल्स खरीदने की बात तय हुई , बात तय होने पर आवेदक द्वारा विपक्षीगण के मोरबी गुजरात के खातों में कुल धनराशि 4,12,222/- रूपए RTGS के माध्यम से भेजे गए परंतु उसके उपरान्त विपक्षी द्वारा न तो माल भिजवाया गया और न ही धनराशि वापस की गई तथा मोबाइल बन्द कर धनरा. शि ठगी करने के सम्बन्ध में आवेदिक राहुल संगल द्वारा में थाना साइबर क्राइम जनपद शामली पर शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त दिया गया था। इसी क्रम में मोरबी गुजरात टाईल्स देने के नाम पर 4,12,222/- रूपए की धनराशि वापसी कराई गई है । आवेदक राहुल संगल द्वारा मान पुलिस अधीक्षक शामली, थाना साइबर क्राइम जनपद शामली का आभार व्यक्त किया गया है।

## जलकल लिपिक को पालिका अध्यक्ष ने किया सस्पेंड, नोटिस किया तामील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे की नगर पालि. का परिषद में तैनात जलकल विभाग में बाबू अपनी हठधर्मी से बाज नहीं आ रहा है। कई दिन पूर्व पालिका अध्यक्ष ने बाबू को अनियमितताओं के चलते सस्पेंड कर दिया था, लेकिन बाबू चार्ज छोड़ने को तैयार नहीं है। उक्त मामला कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है।

नगर पालिका परिषद में जलकल विभाग के बाबू आरिफ खान अपनी हठधर्मिता से बाज नहीं आ रहे हैं। पालिका परिषद के कई सभासदों ने एक माह पूर्व जिलाधिक. ारी अरविंद कुमार चौहान सहित प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को शिकायत कर जलकल विभाग में तैनात बाबू आरिफ खान पर आरोप लगाया था कि आउटसोर्सिंग में कर्मचारियों की संख्या कम है जबकि ज्यादा कर्मचारियों का वेतन लिया जा रहा है। जलकल विभाग में तैनात बाबू आरिफ खान पर कस्बे के अलग-अलग मोहल्ले के लोगों ने हंगामा प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया था कि पालिका में तैनात बाबू धीगामस्ती के चलते कस्बे में पीने के पानी की सप्लाई सही तरीके से नहीं हो रही है। मोहल्ले के लोग आठ-आठ दिन तक पानी की एक एक बूंद को तरस गए थे। कस्बे के अलग-अलग मोहल्ले के लोगों ने जिलाधिकारी को शिकायत कर पालिका में तैनात बाबू के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। मामले को पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने गंभीरता से लेते हुए बाबू के द्वारा की जा रही अनियमिताओं के चलते बाबू को सस्पेंड कर दिया था। पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम के द्वारा सस्पेंड किया गया बाबू आरिफ खान चार्ज छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने बाबू को नोटिस तामील किया। पालि. का अध्यक्ष नजमुल इस्लाम का कहना है कि लापरवाही एवं शिकायत के कारण लिपिक को सस्पेंड किया गया है और विभाग द्वारा जांच की जा रही है।

# सभासदों ने नगर पंचायत अध्यक्ष, ईओ व बाबू पर लगाया तानाशाही करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** आधा दर्जन से अधिक सभासदों ने जिलाधिकारी शामली को नगर पंचायत अध्यक्ष, ईओ व बाबू पर तानाशाही दुर्व्यवहार करने अब तक हुए विकास कार्यों में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है।

बुधवार को कस्बे के सभासदों द्वारा जिलाधिकारी शामली अरविंद कुमार चौहान को दिए प्रार्थना पत्र में नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश पाल कश्यप,अधिशाषी अधिकारी समीर कश्यप,बाबू अशोक पर सभासदों के स्थानशाही व दुर्व्यवहार करने काआरोप लगाया व अभी तक के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए नगर पंचायत के जे ई कलीम मिर्जा सहित सभी कि जांच करने कि मांग की, सभासदों ने कहा कि लगातार अपनी हटधर्मिता के कारण सभासदों का शोषण किया जा रहा है, जिस कारण कस्बें का विकास कार्य भी बाधित हो गया है।सभासदों द्वारा आर टी आई द्वारा नगर पंचायत से जानकारी भी मांगी गई जो अभी तक नहीं मिली है उल्टा नगर पंचायत अध्यक्ष धमकी देते हुए कहते हैं कि जो तुमसे बना पड़ता हो कर लो एसडीम दम से शिकायत कर लो मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है सभासदों ने 2023 से 2025 तक हुए विकास कार्य के बोलो की जांच करने की मांग की है सभासदों में तस्लीम, इस्ताखार, शाहनवाज, हाशिम, नसीर, जिशान, रिहाना बेगम, अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### युवक ने अश्लील वीडियो बनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** क्षेत्र के गांव में प्रेम प्रसंग के चलते युवक ने युवती के साथ बलात्कार कर वीडियो बना ली। युवती द्वारा परिजनों को जानकारी दी। इस संबंध में पीड़िता की ओर से पुलिस चौकी में तहरीर दी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। चौकी क्षेत्र के गांव में जिला बागपत के गांव भडल धनोरा निवासी सुनील कुमार पुत्र सतबीर का युवती का घर आना जाना था युवती के माता-पिता में आपस में मन मिटाव चल रहा था आरोप है कि उसी का फायदा उठाकर युवक ने उनकी गैर मौजूदगी में युवती के साथ बलात्कार कर वीडियो फिल्म बना ली तथा ब्लैकमेल करने लगा युवती ने परिजनों को घटना के बारे में बताया इस संबंध में युवती की मां ने पुलिस चौकी में तहरीर दी पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर लिया है चौकी प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि प्रकरण में अभियोग पंजीकृत कार्यवाही की जा रही है।

### ड्रोन की फर्जी अफवाह फैलाई तो होगी कार्रवाई: धर्मेंद्र सिंह



**कैराना।** बुधवार को कैराना ब्लॉक क्षेत्र के गांव रामडा, मोहम्मदपुर राई व नगलाराई में कैराना कोतवाली प्रभारी निरिक्षक धर्मेंद्र सिंह ने संभ्रांत ग्रामीणों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि रात्रि के समय ड्रोन उड़ने की अफवाह तेजी के साथ फैलाई जा रही है,जिससे ग्रामीणों को भयभीत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी को भी डरने की जरूरत नही है। रात्रि के समय उड़ रहे ड्रोन का इस्तेमाल सरकार द्वारा जमीनी सर्वेक्षण के लिए किया जा रहा है। अगर कोई भी व्यक्ति फर्जी अफवाह फैलता हुआ मिला तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को साइबर अपराध के प्रति भी जागरूक किया और कहा कि साइबर अपराधी भोलेभाले लोगों की खून पसीने की कमाई को हड़प कर रहे हैं। अगर ऐसी कोई घटना घटित होती है तो तुरंत कैराना थाना में स्थित साइबर कंट्रोल रूम को सूचना दें। जिसके बाद आपकी हड़पी गई रकम वापस आ जाएगी। बताते चलें कि आजकल रात्रि के समय उड़ रहे ड्रोन कैमरों से लोगों को भयभीत किया जा रहा है और यह ड्रोन पुलिस के लिए सिर दर्द बने हुए हैं। अफवाह फैलाकर माहौल खराब करने वाले समाज के दुश्मन हैं, जिनके खिलाफ पुलिस की ओर से सख्त कार्रवाई की जा रही है। पूर्व में इसी प्रकार की अफवाह फैलाने वेले कई लोगो को जेल भेजा जा चुका है। उन्होंने कहा कि अपराध को नियंत्रित करने में पुलिस का सहयोग करें। हर समय पुलिस आपके साथ खड़ी हुई है।

### बदमाशों के खौफ में जाग रहे चौसाना के एक दर्जन गांव के लोग



**चौसाना।** क्षेत्र के गांवों मे बदमाशों के खौंफ की दहशत प्रतिदिन बढती जा रही है। ग्रामीण पुलिस की चौकसी पर भरोसा ना करके स्वयं के सहारे पहरा दे रहे है। बीतीं रात्रि गढी हसनपुर मे पहरा दें रहे ग्रामीणों ने मन्दिर के सामने टंकी के पास पॉच बदमाशों को देखकर शोर मचाया और जंगल मे घूसें बदमाशों का घेराव किया। सूत्र बताते है कि चार बदमाश मौके से भाग निकले जबकि एक युवक को पकड लिया गया। जिसकी पहचान गांव के युवक के रूप मे हुई । लेकिन बताया गया है कि पकडा गया युवक नशे मे था,जिससे ग्रामीणों ने अंदाजा लगाया कि सभी बदमाश मौके से भाग निकल गए। झिंझाना थानाक्षैत्र के गांवों मे इन दिनों बदमाशों के शोर से दहशत व्याप्त है। लेकिन इसके बाद फिर पुलिस किसी प्रकार की कोई संजीदगी नही दिखा रही है। ताकि बदमाशों के खौंफ मे जी रहे लोगो के मध्य जाकर पुलिस के प्रति विश्वास की भावना को जगाया जाए। पुलिस की कार्यशैली से रूष्ट ग्रामीणों ने स्वयं से ही अपनों की सुरक्षा का जिम्मा लिया है। गढी हसनपुर,जिजौला,चौसाना व बल्लामाजरा मे रात्रि के समय करीब 100 लोग पहरा दे रहें है। संदिग्धों को देखकर उनसे उनकी पहचान जानी जाती है। जिससे किसी के साथ कोई हादसा ना हो सके। गढी हसनपुर मे विगत रात्रि संदिग्धों को देखकर शोर हुआ। हालाकि सभी बदमाश भाग गए और एक नशे मे धुत युवक को जंगल से पकडा। सवाल बडा है कि ऐसे खौंफ के बीच कोई बडा हादसा किसी के साथ ना हो जाए,उसको रोकने का प्रयास नही किया जा रहा है।

### छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन की संशोधित समय-सारणी

**शामली।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सुधर कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग पूर्वदशम कक्षा 9-10 एवं दशमोत्तर कक्षा 11-12 छात्रवृत्ति योजनाओं के ऑनलाइन आवेदन एवं वितरण हेतु संशोधित समय-सारणी जारी की है। मुख्य संशोधन के तहत विद्यालयों द्वारा ऑनलाइन सत्यापन की अंतिम तिथि अब 31 अगस्त 2025 तक कर दी गई है। इसके साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा छात्र सत्यापन का प्रथम चरण 1 से 9 सितम्बर 2025 तक होगा। अन्य आवेदन प्रक्रिया की तिथियां यथावत बनी रहेंगी। उन्होने कहा कि सभी छात्र अपने बैंक खाते को आधार से लिंक कराना और संबंधित प्रमाण पत्र समय पर जमा कराना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए संबंधित अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

## पेट के कीड़ों से छुटकारा, सेहतमंद भविष्य हमारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली में दिनांक 11 अगस्त 2025 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (National Deworming Day) का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 01-19 वर्ष तक के सभी बच्चों किशोर किशो. रियों को सभी सरकारी प्राइवेट स्कूल, मदरसो,आंगनवाडी केन्द्रों पर नि:शुल्क कृमिनाशक दवा एल्बेंण्डाजॉल (01 से 02 वर्ष को 200 मि.ग्रा) आधी गोली एवं 02 से 19 वर्ष के बच्चो को 400 मि.ग्रा. की एक गोली दवा चबाकर अथवा पीसकर चूरा बनाकर खिलाई जाएगी, व छूटे हुए बच्चों को मॉप-अप दिवस दिनांक 14 अगस्त 2025 को दवा खिलाई जाएगी।दिनांक 11 अगस्त 2025 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के आयोजन के दृष्टिगत सीएमओ डॉ अनिल कुमार द्वारा जनपद वासियों से अपील की गई है कि इस अभियान के दौरान अपने 01-19 वर्ष तक के सभी बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेंण्डाजॉल (01 से 02 वर्ष 200 मि.ग्रा./आधी गोली एवं 02 से 19 वर्ष के बच्चों को 400 मि.ग्रा. की एक गोली दवा खिलाएं तथा अपने बच्चों को कृमि जनित रोगों यथा रक्ताल्पता, कुपोषण से बचाव व बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास सामान्य तरीके से हो।



## एडीएम प्रशासन व एसडीएम ने किया ग्रामों का दौरा

**शेरकोट।** भारी वर्षा के चलते खो नदी का जल स्तर बढ़ने पर एडीएम प्रशासन विनय कुमार व एसडीएम रितु रानी ने ग्राम कोपा में खो नदी का निरीक्षण कर तहसील प्रशासन को दिशा निर्देश देते हुए ग्रामीणों से अपने-अपने जंगल ना जाने और समय-समय ध्यान रखने का आह्वन किया है। वहीं जल स्तर बढ़ने से ग्रामीणों मे चिंता बनी हुई है। जबकि तहसील प्रशासन आसपास के इलाकों मे नजर बनाये हुए है।

## रक्षाबंधन पर महिलाओं को मिलेगी मुफ्त सुविधा

**शामली।** रक्षाबंधन के त्योहार के मद्देनजर सवारियों की अच्छी भीड़ होने से यूपी रोडवेज की बसों की आय में इजाफा हुआ है। रक्षाबंधन पर्व को लेकर 8 अगस्त की मध्य रात्रि के बाद यूपी रोडवेज की बसों में महिलाओं की निशुल्क यात्रा शुरू हो जाएगी। यूपी रोडवेज की बसों में 10 अगस्त की मध्य रात्रि तक 24 घंटों के लिए महिलाओं को निशुल्क यात्रा का लाभ मिलेगा। यूपी रोडवेज की बसों में शामली- मेरठ, शामली से मुजफ्फरनगर, बिजनौर की सबसे ज्यादा सवारियां शुरू हो गई है। यूपी रोडवेज के दिल्ली रोडवेज बस अड्डे पर भीड़ आनी शुरू हो गई। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माता बहनों के लिए निशुल्क यात्रा की व्यावस्था करने के साथ ही नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में बसे चलाने के निर्देश दिए है। नगरीय क्षेत्रों में ही भी जाम की स्थिति न हो इसके लिए भी जिला प्रशासन को उचित व्यावस्था करने के निर्देश दिए है। बसों में सुरक्षा की .ष्टि से पुलिस अधिकारियों को पेट्रोलिंग करने के भी निर्देश दिए गए है। रोडवेज की बसों में महिलाओं की निशुल्क यात्रा रविवार की मध्य रात्रि 12 बजे से शुरू होकर रात्रि 12 बजे तक सुविधा मिलेगी।

# पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** बुधवार को प्राचीन भगवान जगन्नाथ बाला जी धाम मे नमेदेश्वर शिव पिण्डी, नंदी भगवान की प्रतिमा की विधि विधान से आचार्य प. राहुल शास्त्री प. रामानुज शास्त्री प. सुमित शास्त्री ने पूजा अर्चना कराई तत्पश्चात डीजे, नताशा, ढोल नगाडो के साथ शोभा यात्रा निकाली शोभा यात्रा मे युवाओं महिलाओं ने ऊ नमरू शिवाय का जाप करते हुए हर हर बम बम का उद्घोष किया शोभा यात्रा का स्थान स्थान पर पुष्प वर्षा से स्वागत किया शोभा यात्रा मो द्द कान्गोयान,खैल, टंकी चौथ मेन बाजार से होती हुई मंदिर प्रागण मे समाप्त हुई नगर परिक्रमा के पश्चात आयोजित सत्संग मे शाकुम्भर सिद्ध पीठ से आए पद्द राहुल शास्त्री ने कहा विधी केवल किसी व्यक्ति ।विशेष को प्रसन्न करने के लिए हमारे कर्म नहीं होने चाहिए। जब अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए हमारे द्वारा कार्य संपन्न किया जाता है तो वही कार्य परमात्मा को प्रसन्न करने वाला भी बन जाता है। निष्ठापूर्वक, समर्पण भाव, विवेकपूर्ण एवं निजी स्वार्थों से ऊपर उठकर किया गया प्रत्एक कर्म पूजा ही है संसार तुम्हारे विरुद्ध खड़ा हो जाओ चिंता मत करना। बस जीवन में शालीन व सहज बने रहना। भगवान शिव गले में सर्पों की माला पहनते हैं मगर अपनी शांति का त्याग नहीं करते। सर्पों की माला धारण करना अर्थात अनेक मुश्किलों को अपने ऊपर ले लेना। जीवन है तो मुश्किलें तो आएंगी फर्क सिर्फ इतना है कि जो उन्हें हंसके सह लेता है वह शिव बन जाता है और जो उन्हें नहीं सह पाता वह शव बन जाता है।भगवान शिव का एक नाम ''।आशुतोषष भी है। ष्आशुतोषष अर्थात बहुत जल्दी और बहुत कम में प्रसन्न हो जाने वाले। वही साहसी है और बड़ा है जो दूसरों से लेने की नहीं देने की इच्छा और सामर्थ्य रखता है। केवल आयु में ही नहीं आचरण में भी बड़े होने का प्रमाण दो। दूसरों से अपेक्षा नहीं अपितु उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने वाले बनो। यही शिवत्व है।

सत्संग के पश्चात आरती शयनधिवास किया गया वृहस्पतिवार को स्थापना की जाएगी शोभा यात्रा मे मोहित तायल अंकुर तायल शोभित तायल गौरी शंकर रुचिन तायल नीरज जैन अंकित कुमार, अमित गोयल मिथिल तायल सतीश गुप्ता विनय तायल नवीन गर्ग वत्सल तायल सुनिल तायल आदि सहित बडी संख्या मे महिलाए उपस्थित रही।



## खरीफ फसलों का बीमा कराने की समय सीमा बढ़ी

**शामली।** उप कृषि निदेशक, शामली प्रमोद कुमार द्वारा समस्त किंसान भाईयो को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत खरीफ 2025 में जनपद में अधिसूचित फसल धान है। धान की प्रीमियम धनरा. शि 1864 रूपए प्रति है. तथा इसकी बीमित राशि 93200 रूपए प्रति है. है, इस योजना के अन्तर्गत गैर ऋणी किसान 14 अगस्त 2025 एवं ऋणी किसान 30 अगस्त 2025 तक अपना पंजीकरण करा सकते है जिन ऋणी एवं गैर ऋणी किसान भाईयों को इस योजना का लाभ लेना है तो उनको अपने KCC में बैंक जा कर अनिवार्य रूप से 30 अगस्त 2025 तक अपना पंजीकरण अवश्य करा ले। गैर ऋणी किसान सी.एस.सी., ऐजेण्ट व बीमा पोर्टल www.pmfby.gov.in या क्राप इन्श्योरेन्स ऐप के माध्यम से स्वयं बीमा कर करा सकते हैं। गैर ऋणी किसान की अन्तिम तिथि 14 अगस्त 2025 जबकी ऋणी किसान की अन्तिम तिथि 30 अगस्त 2025 है। अत: सभी किसान भाईयो से निवेदन है कि अधिक से अधिक भाग ले जिससे किसी भी प्राकृतिक आपदा जैसे आंधी, तूफान, ओलावृष्टि के कारण तैयार फसल किसानो की नष्ट हो जाती है तो इस सन्दर्भ मे उन किसानो को इस योजना के अन्तर्गत लाभ प्राप्त होता है। किसान भाईयो अधिक जानकारी के लिए कम्पनी के टोल फ्री न0 14447 या बीमा कम्पनी के कर्मचारियो के निम्न मो0नं0 जनपद स्तर अभिषेक सिंह जिला समन्वयक 8929336153, तहसील शामली, कैराना राममनोरथ 7408494194, तहसील ऊन मोहित कुमार 9193388411 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## धरने पर नहीं पहुंचा विद्युत विभाग का कोई भी अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** विद्युत विभाग के खिलाफ तहसील में चल रहे धरने में तीसरे दिन चार कार्य कर्ता आमरण अनशन पर बैठे धरने पर बैठे लोगों के बीच थाना अध्यक्ष झिंझाना पहुंचे लेकिन विद्युत विभाग की ओर से कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा।

शहीद भगत सिंह समिति के कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर पिछले डेढ़ महीने से धरना पर बैठे हैं। कोई समाधान न होने के कारण बुधवार को चार कार्यकर्ता अरविंद ,प्रदीप भार्गव,वासु,छोटू भूख हड़ताल पर बैठ गए भूख हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही। लोगो का आरोप है कि अधिकारियों की तानाशाही रवैए व पुलिस प्रशासन के द्वारा की गई एकतरफा कार्यवाही के चलते भूख हड़ताल पर बैठना पड़ा।उन्होने कहा कि जब तक विद्युत विभाग समझौते के अनुसार मुकदमे व जुर्माने के नोटिस वापस नहीं लेता तब तक आमरण अनशन व धरना जारी रहेगा। धरने पर थाना अध्यक्ष झिंझाना जितेंद्र शर्मा व स्वास्थ्य परीक्षण हेतु डॉक्टर भी पहुंचे।धरना प्रदर्शन में सतपाल सिंह , दीपक सभासद, अक्षय, पंकज , सुरेंद्र सिंह, अरविंद, वरुण, रोहताश, अमित, प्रवेन्द्र, जयपाल ,बिल्लू आदि शामिल रहे।

# चांदी की राखियों की भी बढ़ी डिमांड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजारों में राखियों खरीदने के लिए महिलाओं की रौनक छाई हुई है। बहने अपने भाईयों के लिए आकर्षक राखियों खरीदने में लगी है। बाजार में रेशम की पारंपरिक राखी से लेकर हर कीमत की राखी उपलब्ध है। सर्राफा बाजार में चांदी व सोने की राखियों भी उपलब्ध है।

इस बार रक्षाबंधन 9 अगस्त मनाया जाएगा। त्योहार के कारण बाजार में खरीदारी की शुरुआत हो गई है। कपड़ा और सर्राफा बाजार में उत्साह देखने को मिल रहा है। सोने और चांदी की कीमतों मे गिरावट के बाद चांदी की राखियों की भी जमकर खरीदारी की जा रही है।

इस बार कपड़ा बाजार और सर्राफा बाजार खरीदारी को लेकर अधिक उत्साहित है। राखी बाजार, गिफ्ट आइटम और सौंदर्य प्रसाधन के बाजारों मे भी भीड़ बढ़ने लगी है। आभूषणों पर महंगाई इस कदर है कि लोगों को सीमित बजट में खरीदारी करते समय कई बार सोचना पड रहा है। र्राफा व्यापारी रवि संगल ने बताया इस बार चांदी की राखियों कही डिमांड बढी है। 500 रूपये से लेकर 5 हजार रूपये तक की राखी बिक रही है। सोने के राखियों की खरीदारी नही है। इसके अलावा इस बार बाजार में बच्चों के लिए कैमरे वाली राखी भी आई है, जिसकी कीमत 700 रूपये से लेकर एक हजार रूपये तक है।




**संबंध विच्छेद सूचना**

हमारा पुत्र कहने-सुनने में नहीं हैं और अभद्र व्यवहार करता है, इस कारण हम अपने पुत्र गौरव को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। भविष्य में लेन-देन व कुकृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारे परिवार से इसका कोई वास्ता मतलब नहीं रहा।

सिकन्दर सैनी पुत्र
प्रकाशा व श्रीमती नरेशो
निवासीगण-मोहल्ला रायजादगान
कस्बा कांधला जनपद शामली

# बच्चे को जन्म देते ही महिला की हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**कांधला।** एक महिला की प्रसव पीड़ा के दौरान महिला की हालत बिगड़ गई नवजात को जन्म देने के बाद महिला की मौत हो गई परिजनों में कोहराम मचा हुआ है गमगीन माहौल में महिला को सुपुर्द ए खाक कर दिया है।

कस्बा निवासी एक तीस वर्षीय महिला 9 माह की गर्भवती थी मंगलवार की देर शाम महिला को प्रसव पीड़ा हो गई। परिजनों के अनुसार प्रसव पीड़ा होने पर महिला को गंगेरू मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। डिलीवरी के दौरान महिला ने एक नवजात को जन्म दिया नवजात के जन्म देते ही महिला की हालत बिगड़ गई। निजी अस्पताल के चिकित्सकों ने महिला को आनन-फानन में शामली अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। देर रात्रि महिला की शामली अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। बुधवार को महिला के परि. जनों ने बिना किसी कार्रवाई के महिला के शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। गौरतलब है कि कस्बे के गंगेरू मार्ग पर झोलाछाप चिकित्सकों ने अपना जाल बिछा रखा है जिन पर भोले भाले लोगों का उपचार कर उनकी जान ले रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर लोगों में स्वास्थ्य विभाग के प्रति रोष बना हुआ है। गंगेरू मार्ग पर पूर्व झोलाछाप डॉक्टरों के द्वारा गलत इलाज करने से कई लोगों की जान जा चुकी है, चर्चा है कि महिला की मौत डॉक्टर के गलत इलाज से हुई है। महिला की मौत के मामले में पीड़ित परि. जनों ने किसी भी तरह की कोई भी कार्रवाई नहीं की।

# विव्रत सागर ने अमृत वाणी से किया भाव-विभोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में बुधवार को चतुर्मास के 32वे दिन मुनिराज 108 विव्रत सागर ने प्रवचन करते हुए कहा कि अहंकार और आत्मा के विरोधाभासी स्वरूप पर प्रकाश डालते हैं, इसे संसार में सबसे निकृष्ट (बुरा) और उत्कृष्ट (सर्वश्रेष्ठ) भाव बताते हैं। इस द्वैत को समझना ही संसार के बंधन से मुक्ति का मार्ग है।





मुनिराज बताते हैं कि चौरासी लाख योनियों और संसार के बंधनों से मुक्त होने की कुंजी मैं में ही निहित है। जैसे बैंक लॉकर खोलने के लिए दो चाबियां होती हैं, वैसे ही मोक्ष का ताला खोलने के लिए भी मैं की चाबी का सही उपयोग आवश्यक है। मैं के निकृष्ट रूप को अहंकार के रूप में परिभाषित किया गया है, जो गुरु तक पहुंचने के मार्ग में बाधा उत्पन्न करता है। यह अहंकार ही गुरु के द्वार पर खड़ा द्वारपाल बन जाता है, आत्मा के कल्याण में बाधक होता है। सच्चे देव, सच्चे शास्त्र और सच्चे गुरु को आत्मा के कल्याण के तीन आधार स्तंभ बताया गया है। वर्तमान (पंचम काल) में लोग सच्चे देवों की उपस्थिति के समय लापरवाह रहे और अब वे साक्षात उपलब्ध नहीं हैं।

तीर्थंकरों की दिव्य देशना (जिनवाणी) को न सुनने के परिणाम स्वरूप जीवों का मिथ्या दृष्टि रहना बताया गया है। यदि जिनवाणी सुनी होती और उस पर आस्था की होती, तो सम्यक दर्शन प्राप्त हो जाता और पंचम काल में जन्म नहीं होता। सम्यक दृष्टि जीव को संसार में उदासीन बताया गया है, जो जल पर कमल या प्रतिबिंब की तरह रहता है - संलग्न होते हुए भी अछूता। इसके विपरीत, मिथ्यादृष्टि जीव संसार में आसक्त रहता है और इसी कारण खुश प्रतीत होता है। मुनि दूसरों की जिम्मेदारी उठाने के बजाय स्वयं की जिम्मेदारी उठाने के महत्व पर जोर देते हैं। वे कहते हैं कि जो अपनी जिम्मेदारी नहीं उठाते, उन्हें अंत में दूसरे उठाते हैं, जबकि तीर्थंकर स्वयं अपना अंतिम सफर तय करते हैं, अपने शरीर को कपूर की तरह विलीन कर देते हैं। चित्र अनावरण दीप प्रज्वलन राजेश जैन, सीमा जैन द्वारा, पाद प्रक्षालन अनिल जैन, पाल जैन, ममलेश जैन एवं शास्त्र भेंट इंग्लैंश जैन, उषा जैन, कमल जैन, रेशू, सविता द्वारा किया गया।



शामली। निशानेबाजी में नाम कमाने वाले प्रशिक्षु।

# नपं झिंझाना में भ्रष्टाचार व घोटालों की जांच हो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** झिंझाना के वार्ड सभासदों ने डीएम को ज्ञापन देकर नगर पंचायत झिंझाना में हो रहे भ्रष्टाबार व घोटालों की जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है। उन्होने आरोप लगाया कि चेयरमैन व ईओ की सांठगांठ के चलते सड़कों के निर्माण का पैसा निकाल लिया गया, लेकिन सड़कों का निर्माण नही हुआ है।



बुधवार को दिए ज्ञापन में सभासदों ने आरोप लगाया 8 जून 2023 को बोर्ड मीटिंग से नगर पंचायत अध्यक्ष की तानाशाही व दुर्वव्यवहार जारी है। जिसकी शिकायत सभासद समय समय पर करते आ रहे है। एसडीएम से लेकर डीएम तक नगर पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत की गई। जिसका कोई जवाब नहीं दिया गया। इसी से जाहिर होता है कि नगर पंचायत में बहुत बड़ा घोटाले हो रहा है।

उन्होने मांग की कि नगर पंचायत में हो रहे विकास कार्य की जाच एन्टीक्रप्शन की टीम द्वारा कराई जाए।

उन्होने आरोप लगाया कि नगर पंचायत क्षेत्र में कई सड़के ऐसी है जिनका निर्माण नही कराया गया और पैसा निकाल लिया गया। उन्होने नगर पंचायत में जेई कलीम मिर्जा, अशोक बाबू, नगर पंचायत अध्यक्ष व अधि. सासी अधिकारी की जांच कराने की मांग की। सभासदों ने आरोप लगाया घोटाले की शिकायत करन पर धमकी दी जा रही है। इस अवसर पर सभासद अनुज कुमार, जीशान, हाशिम, तसलीम, शाहनवाज, इस्तकार, नसीर, असलम आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### हर घर तिरंगा कार्यक्रम का हुआ आगाज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शासन के निर्देशानुसार एवं जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान के कुशल मार्गदर्शन में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के दृष्टिगत 15 अगस्त 2025 तक तीन चरणों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रंखला में आज सत्एन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी, शामली के नेतृत्व में एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन के साथ राजस्व विभाग की समस्त टीम द्वारा कलेक्ट्रेट प्रांगण से आर्किड होटल तक बाइक तिरंगा रैली निकालकर आम जनमानस को जागरूक किया। उक्तानुसार आयोजित तिरंगा बाइक रैली को अपर जिलाधिकारी न्यायिक परमानन्द झा, शिवाजी यादव डिप्टी कलेक्टर द्वारा द्वारा हरी झंडी दिखाकर तिरंगा रैली को रवाना किया। यह तिरंगा बाइक रैली कलेक्ट्रेट प्रांगण से प्रारंभ होकर,बनत,चौराहा से एसटी तिराहा, गुरुद्वारा,शिव चौक, फव्वारा चौक,विजय चौक से होती हुई आर्किड होटल तक निकाली गई और फिर वहां से मुण्डेट नहर पटरी से नवीन मण्डी शामली से माजरा रोड़ को होते हुए गुरुद्वारा फटाक से पुनरू कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और तिरंगे के साथ व्यक्तिगत और भावनात्मक सम्बन्ध बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।यह अभियान जनता के लिए उन स्वतन्त्रता सेनानियों और सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक विशेष अवसर भी है, जिन्होंने राष्ट्र की सेवा और तिरंगे के सम्मान में अपने प्राणों की आहुति दी है।

### वेद प्रचार समारोह में हुआ हवन यज्ञ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के आर्य समाज शामली के तत्त्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय वेद प्रचार समारोह के चौथे दिन आत्म पावन यज्ञ, भजन व वेद प्रवचन के कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। बुधवार को आयोजित वैदिक यज्ञ में डा। विनीत चौहान, जितेन्द्र प्रधान, सत्यपाल सिंह, पाल सिंह निर्वाल, सुभाष संगल यज्ञमान रहे। यज्ञ के ब्रह्मा आर्य समाज के पुरोहित आचार्य आदित्य आर्य रहे। आर्य भजनोपदेशक पंडित मोहित शास्त्री ने अपने मधुर भजन व गीतों से श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया। बिजनौर से पधारे वैदिक विद्वान् आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी ने कहा कि संध्या के लिए आसन की सिद्धि करना आवश्यक है। आसन सिद्धि के लिए अपने पैरों को सिद्ध करना पड़ता है। जिसके लिए स्थिर, सुगम आसान बिछाए और सुख आसान में बैठे। परमात्मा का चिन्तन करना है। जब तक मन की चंचलता रहेगी, जब तक यम, नियम, आसान सिद्ध नहीं होता है। शरीर का एक भी अंग सिद्ध नहीं होंगा। अपने मन को बाहरी विचारों को आने मत दो। परमात्मा का निज नाम ओम है, जिसका जाप करना चाहिए। इस अवसर पर रघुवीर सिंह आर्य, सुभाष गोयल आर्य, नितिन वर्मा, देवेन्द्र आर्य, राजपाल आर्य, पूरण चंद आर्य, ज्ञानेंद्र आर्य, विनोद तोमर आर्य, सुभाष धीमन, रामकुमार गुप्ता, दिनेश धीमन, राजबहादुर आर्य, सुंदर लाल आर्य, गिरधारी गोयल आर्य, नरेंद्र आर्य आदि उपस्थित रहे।



### फोड़ा, फुंसी और एलर्जी के मरीजों की अस्पताल में भरमार

**कांधला।** नगर एवं क्षेत्र में संचारी रोगों की बाढ़ आई हुई है सरकारी अस्पताल में सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष व बच्चों ने पहुंचकर अपना उपचार कराया है। बरसात के मौसम में कई तरह की बीमारियां पनप जाती हैं। नगर एवं क्षेत्र में इन दिनों संचारी रोगों की बाढ़ आई हुई है। सरकारी अस्पताल में सैकड़ो की संख्या में लोग आए दिन पहुंचकर अपना उपचार करा रहे हैं। नगर एवं क्षेत्र में इन दिनों मलेरिया, टाइफाइड, फोड़ा, फुंसी, एलर्जी, वायरल बुखार, पेट दर्द उल्टी दस्त सहित आदि तरह की बीमारियों के मरीज अस्पताल में पहुंच रहे हैं। मरीजों में ज्यादातर फोड़ा, फुंसी और एलर्जी के मरीज पहुंच रहे हैं। बुधवार को सरकारी अस्पताल में सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष व बच्चे पहुंचे जिन्होंने बताया कि उनको एलर्जी, फोड़ा, फुंसी सहित वायरल बुखार है। चिकित्सकों ने जांच करने के बाद मरिजो को दवाई वितरित की और सावधानी बरतने की भी सलाह दी। चिकित्सक प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि बरसात के मौसम में बीमारियां फैल जाती हैं। रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

# शामली राइफल क्लब के प्रशिक्षु निशानेबाजों ने जयपुर में किया कमाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जयपुर में गत एक अगस्त से 4 अगस्त तक आयोजित द्वितीय सनसिटी स्पोर्ट्स शूटिंग चौंपियनशिप में शामली राइफल क्लब के प्रशिक्षु निशानेबाजों ने प्रतिभाग कर पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया।

शामली राइफल क्लब के प्रशिक्षु नेशनल शूटर अंकुर पाल ने एयर पिस्टल मूकबधिर वर्ग में 374/400 स्कोर के साथ अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसको आयोजन समिति द्वारा स्वर्ण पदक एवं 2100 रूपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया, एयर राइफल आईएसएसएफ पुरुष वर्ग में नेशनल शूटर उत्सव मलिक ने 418.2 स्कोर के साथ चैंपियन ऑफ चौंपियंस राउंड में जगह बनाई तथा शानदा प्रदर्शन करते हुए चौंपियन ऑफ चौंपियंस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिसको आयोजन समिति ने रजत पदक के साथ ही 11000 नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बुधवार को क्लब आगमन पर पदक विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर शामली राइफल क्लब अध्यक्ष मुकेश चौधरी, डायरेक्टर तपन मलिक, डा। विनीत चौहान, आयुष गर्ग, अभिनव पंवार, ऋतु चौधरी, मीनाक्षी पूनिया, हर्ष देशवाल, अनमोल गिल, अक्षित निर्वाल आदि उपस्थित रहे।

## बाइक चोरी की झूठी सूचना देकर थाने से हुआ रफू चक्कर

**कांधला।** मोहल्ला खेल निवासी साजिद पुत्र नानू ने बुधवार को थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह सुबह अपनी प्लैटिना बाइक को घर के बाहर खड़ी कर नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद गया था। पीड़ित का आरोप है कि जैसे ही वह नमाज पढ़ कर वापस लौटा तो चोरों ने उसकी बाइक को चोरी कर ली। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बाइक चोरी की सूचना पर पुलिस ने आस पास के मकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो कोई भी व्यक्ति बाइक ले जाता हुआ दिखाई नहीं दिया और ना हीं बाइक चोरी की सूचना देने वाला व्यक्ति नमाज पढ़ने जाता हुआ दिखाई दिया। जैसे ही पुलिस ने बाइक चोरी की सूचना देने वाले व्यक्ति पर शिकंजा कसा तो सूचना देने वाला फरार हो गया।

# उप्र साहित्य सभा लखनऊ का वार्षिकोत्सव संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश साहित्य सभा लखनऊ द्वारा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शामली के कवि प्रदीप मायूस को साहित्यिक सेवाओं एवं उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन देश के विख्यात हास्य व्यंग कवि डॉ सर्वेश अस्थाना ने किया। कार्यक्रम में देश के कोने कोने से कवि, साहित्यकार उपस्थित रहे। इस भव्य कार्यक्रम में शामली के प्रसिद्ध कवि प्रदीप मायूस को भी आमंत्रित किया गया। सर्वाधिक कार्यक्रम करने वाली शाखाओं में देश के मात्र 6 इकाई को सम्मान दिया गया। उसमें भी शामली की इकाई को सबसे अधिक एवं गरिमापूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर एवं उनकी साहित्यिक सेवाओं एवं उपलब्धियों के लिए कवि प्रदीप मायूस को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में देश के वरिष्ठ शायर उदय प्रताप सिंह, गीतकार डॉ विष्णु सक्सेना, वरिष्ठ कवि गिरधर खरे, वरिष्ठ गीतकार डॉ राजीव राज, सहित हजारों साहित्यकार कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



# गढ़ी अब्दुल्ला खां में पहुंचा कौशल विकास का विशेष रथ

**गढ़ीपुख्ता।** केंद्रीय मंत्री चौ। जयंत सिंह के सौजन्य से कौशल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित अत्याधुनिक कंप्यूटर से सुसज्जित कौशल रथ का बुधवार को थानाभवन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गढ़ी अब्दुल्ला खां में भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ थानाभवन विधायक अशरफ अली खान ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि यह विशेष रथ गांव-गांव जाकर छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर की प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करेगा। यह डिजिटल युग में युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और कौशल विकास मंत्रालय की मंशा है कि देश का कोई भी युवा डिजिटल शिक्षा से वंचित न रहे। ऐसे रथों से न केवल जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की नई अलख भी जलेगी।



**रथ में क्या है खास**

कौशल रथ में कंप्यूटर, डिजिटल स्क्रीन, इंटरनेट सुविधा समेत वह सभी तकनीकी उपकरण उपलब्ध हैं जो छात्रों को डिजिटल साक्षरता प्रदान करने के लिए जरूरी हैं। यह रथ खासकर ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में जाकर मुफ्त प्रशिक्षण देगा।

इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीणों और छात्रों की उपस्थिति देखी गई। कार्यक्रम में हाजी मसूद अली खान, तंसीफ अहमद प्रमुख, जुबेर अहमद, सऊद खान, नजीब अहमद, शफीक ठेकेदार, दानिश मियां, डॉ। उमेर खान, शादान खान, डॉ। आर पी शर्मा व डॉ। आशुतोष कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अनुदान दिए जाने के लिए कृषकों का ई-लाटरी के माध्यम से चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उप कृषि निदेशक, शामली प्रमोद कुमार ने अवगत कराया कि सी.आर.एम./ एस.एम.ए.एम., योजना के अन्तर्गत यन्त्रों पर अनुदान हेतु ऑनलाईन बुकिग करने वाले लाभार्थियों का चयन ई-लाटरी के माध्यम से 7.8.2025 दिन-बृहस्पतिवार को पूर्वान्ह 11 बजे से विकास भवन सभागार शामली में गठित जिला स्तरीय समिति के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में किया जाएगा। उक्त के क्रम में ऑनलाईन कृषि यन्त्रीकरण की सी.आर.एम./ एस.एम.ए.एम. योजनान्तर्गत कृषि यन्त्रों कस्टम हायरिंग सेन्टर की बुकिग करने वाले किसान भाईयो को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि एवं स्थान पर यन्त्रों की ई-लाटरी में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

# नवीन सब्जी मंडी में हो रही लाखों की बिजली चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे की नवीन सब्जी मंडी में विद्युत विभाग की बड़ी लाप. रवाही सामने आई है विद्युत तारों पर व्यापारियों के द्वारा कटिया डालकर लाइट जलाई जा रही है। और दिनभर लगी स्ट्रीट लाइट जल रही है जिसमें राजस्व को बड़ा नुकसान हो रहा है। विद्युत विभाग आए दिन बिजली चोरी की रोकथाम करने के लिए छापेमारी करता हुआ नजर आता है। कस्बे की नवीन सब्जी मंडी में कई व्यापारियों के द्वारा लाइन से कटिया डालकर बिजली चोरी कर लाइट जलाई जा रही है मगर विद्युत विभाग को दिखाई नहीं पड़ रही। विद्युत पोल और तारों पर बल्ब, स्ट्रीट लाइट भी लगाए गए हैं। जो दिन भर जलते रहते हैं। विद्युत विभाग की लापरवाही से राजस्व को बड़ी हानि हो रही है। विद्युत विभाग के कर्मचारी कुंभकर्णी नींद सोए हुए हैं और नवीन सब्जी मंडी में रोजाना लाखों रूपए की विद्युत चोरी हो रही है। कस्बे के कई लोगों ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को शिकायत कर विद्युत विभाग की लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई कर विद्युत चोरी की रोकथाम की मांग की है। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानक. ारी के अनुसार विद्युत विभाग के कर्मचारियों की सांठगांठ से विद्युत चोरी हो रही है। विद्युत विभाग के कर्मचारी और लाइनमैन जानकर भी अंजान बने हुए हैं। विद्युत विभाग के जैई शैलेश कुमार यादव का कहना है कि नगर पालिका प्रशासन के द्वारा स्ट्रीट लाइट लगाई गई है,बिजली चोरी की जानकारी नहीं है टीम भेज कर चेकिंग अभियान चलाया जाएगा और कार्रवाई की जाएगी।




# उप्र पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ सीडीओ से मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने विकास भवन में सीडीओ को ज्ञापन सौंपा। संघ ने पंचायत विभाग के अधीन कार्यरत ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को द्वितीय एसीपी का लाभ दिलाने की मांग की है। बुधवार को संघ के जिलाध्यक्ष एकन्तदेव के नेतृत्व में बुधवार को सीडीओ विनय कुमार तिवारी को दिए ज्ञापन में कहा गया कि जनपद शामली में कार्यरत सफाई कर्मियों को तीन दिनों के अंदर द्वितीय एसीपी का लाभ दिया जाए। हालांकि अब तक सफाई कर्मियों को यह लाभ नहीं मिला है, बावजूद इसके वेतन आहरित कर दिया गया है। वहीं, जिला पंचायत राज अधिकारी ने बिना एसीपी लाभ के वेतन आहरण करने से मना किया था। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि चरित्र प्रविष्टि मंगाने का कार्य स्थापना बाबू का था, लेकिन उन्होंने समय पर कार्य नहीं किया। इसलिए स्थापना का पटल किसी अन्य बाबू को सौंपा जाना चाहिए। संघ ने चेतावनी दी है कि द्वितीय एसीपी का लाभ न मिलने से सफाई कर्मियों में भारी आक्रोश है और वे 7 अगस्त से विकास भवन में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। इस हड़ताल की पूरी जिम्मेदारी जिला पंचायत राज अधिकारी की होगी। इस अवसर पर अमित कुमार, विनोद कुमार, सुभाष कुमार, सारक कुमार, अरविन्द कुमार, धीरज कुमार, कृष्णपाल, सुशील कुमार आदि मौजूद रहे।



# फायरिंग व बदमाश होने की गांव में फैलाई खबर

## पुलिस ने अफवाह फैलाने वाले आरोपी को भेजा जेल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** फायरिंग एवं बदमाश होने की गांव में फैली खबर से खलबली मच दी। लोग लाठी-डंडे लेकर घरों से बाहर निकल आए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की तो बदमाशों के आने की सूचना अफवाह साबित हुई। पुलिस ने झूठी अफवाह फैलाने और फायरिंग कर दहशत का माहौल पैदा करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

अंबेहटा शेखां गांव में मंगलवार रात करीब एक बजे लोग अचानक फायरिंग की आवाज सुनकर जाग गए और गांव में बदमाश होने की खबर आग की तरह फैलती चली गई। इससे गांव में दहशत का माहौल हो गया। ग्रामीण लाठी डंडे लेकर घरों से बाहर आ गए और बदमाशों की तलाश शुरू की। इस दौरान पुलिस को भी सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच पूरे मामले में जानकारी ली और बदमाशों को तलाशना शुरू किया, लेकिन कुछ भी हाथ नहीं लगा। गहनता से छानबीन करने पर पता चला कि यह कोरी अफवाह है और अफवाह फैलाने वाला व्यक्ति गांव का ही है। पुलिस ने तुरंत आरोपित को गिरफ्तार किया और कोतवाली ले आई। पूछताछ में उक्त व्यक्ति ने अपना नाम तहसीन बताया। कबूल किया कि उसने ही बदमाश आने की झूठी अफवाह फैलाई है और फायरिंग भी उसी ने की है। पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत पाराशर ने बताया कि आरोपित ने अवैध बंदूक का इस्तेमाल करते हुए दो राउंड फायरिंग की और चोरों के आने की की झूठी अफवाह फैलाई। गिरफ्तार किए गए आरोपित तहसीन के पास से अवैध असलाह



बरामद किया गया है। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उन्होंने लोगों से अफवाह पर ध्यान न देने और अफवाह फैलाने वाले व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील जनता से की है।

# भाजपा सरकारों में किसानों की हो रही उपेक्षा

**देवबन्द।** भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों की उपेक्षा कर रही हैं। जिस कारण किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। गांव तिगरी में किसानों की आयोजित बैठक में भारतीय किसान यूनियन वर्मा के अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों की घोर उपेक्षा कर रही है। किसानों को उनकी फसलों का लाभकारी मूल्य तो दूर लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। योगी सरकार चीनी मिल मालिकों से मिलकर गन्ना किसानों का भारी शोषण कर रही है। कहा कि एमएस स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार सीटू प्लस 50 प्रतिशत के अनुसार गन्ने का मूल्य 825 रुपए कुंतल होना चाहिए। मोहम्मद राशिद, रईस अहमद, हरपाल सिंह, यशपाल त्यागी, रविंद्र, गय्यूर, ईसा आदि किसान शामिल।

# जरूरतमंद बच्चों को वितरित की नि:शुल्क स्कूली ड्रेस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** मानव कल्याण मंच द्वारा शिव शिशु मंदिर जूनियर हाईस्कूल में जरूरतमंद बच्चों को नि:शुल्क स्कूली ड्रेस वितरित की गई। स्कूली ड्रेस लेकर बच्चों के चहरे खुशी से खिल उठे।



मानव कल्याण मंच द्वारा आयोजित नि:शुल्क स्कूली ड्रेस वितरित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेविका शशि गुगलानी ने कहा कि सभी बच्चों को शिक्षा पाने का अधिकार है। ऐसे में मानव कल्याण मंच का यह प्रयास समाज में समानता और शिक्षा के प्रोत्साहन की दिशा में सराहनीय कदम है। मंच संस्थापक अरुण अग्रवाल ने कहा कि समाज की अंतिम पंक्ति पर मौजूद जरूरतमंद लोगों को सहायता पहुंचाना ही मंच का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि 35 जरूरतमंद बच्चों को स्कूल यूनिफार्म वितरित की गई है। ऐसी मदद का उद्देश्य कमजोर परिवारों की सहायता करना और बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करना है। शिव शिशु मंदिर जूनियर हाईस्कूल के प्रधानाचार्य अजय वर्मा ने मंच के कार्यों की सराहना की। मंच के पूर्व अध्यक्ष राजीव शर्मा, महासचिव राजू सैनी, रामगोपाल यादव, प्रमोद मित्तल, सुधा मोगा आदि स्कूल का स्टाफ शामिल रहे।

# सपाइयों ने पीडीए पंचायत में सरकार पर साधा निशाना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में विभिन्न स्थानों पर पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। इसमें सपा नेताओं ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा और अनुसूचित समाज, पिछड़ा व अल्पसंख्यक के उत्थान के लिए सपा मुखिया अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

कुलसत रोड पर समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए पंचायत में पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान कुरैशी ने कहा कि प्रदेश में विकास कागजों पर किया जा रहा है जबकि सपा सरकार में जितना विकास हुआ व अन्य किसी सरकार में नहीं हुआ। विधायक आशु मलिक ने कहा कि प्रदेश में कानून राज खत्म हो चुका है। जिससे आमजन परेशान हैं। पूर्व विधायक





माविया अली ने कहा कि भाजपा सरकार किसान, गरीब व दलित विरोधी है। उन्होंने कहा सरकार शिक्षा देने के बजाए, स्कूल बंद करने की साजिशे कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा शासन काल से तंग चुकी हैं और आने वाला समय सपा का है। पंचायत में पूर्व कैबिनेट मंत्री किरणपाल कश्यप, विधायक उमर अली, जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद, फराद आलम गाड़ा, हैदर अली, सपा नगर अध्यक्ष रमजानी कुरैशी, सपा नेता इम्राइल गौड, पूर्व सभासद तौफीक अहमद जग्गी, शाहनवाज मलिक, मुदस्सिर सिद्दीकी, जहीर कुरैशी आदि सपा कार्यकर्ता शामिल रहें। उधर, सपा नेता कारी राव साजिद के स्टेट हाइवे स्थित कार्यालय पर पीडीए पर बैठक हुई जिसमें असद जमाल फैजी,

कुलसत रोड पर सपा द्वारा पीडीए पंचायत का आयोजन

रामकिशन सैनी, जावेद समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर, दुगचाड़ी में हुए कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री एमएलसी किरण पाल कश्यप ने कहा कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। प्रदेश में कानून का नहीं गुंडागर्दी का शासन चल रहा है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को हराने का काम करेगी। सपा जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद, विधायक उमर अली, पूर्व राज्यमंत्री मांगेराम कश्यप, पूर्व विधायक मनोज चौधरी ने भी विचार रखें। विकास यादव, सुशील प्रधान, राव अब्दुल सलीम, सुदेश गुर्जर व मुजाहिद मुखिया आदि मौजूद रहें।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बेटे को सकुशल बरामद किए जाने की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** संदिग्ध परिस्थितियों में बेटा गायब हो जाने पर पीडित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया हैं कि कि ऑनलाइन गेम खेलने के दौरान उसकी दोस्ती निशांक नामक व्यक्ति से हुई और बेटा उसी के पास है, जो कानूनी कार्रवाई करने पर उसे अंजाम भुगतने की धमकी दे रहा है।

लवकरी गांव निवासी प्रमोद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चार अगस्त की सुबह करीब साढ़े आठ बजे 16 वर्षीय बेटा लविश घर से गायब हो गया। मोबाइल नंबर पर कॉल की गई तो फोन किसी निशांक नामक व्यक्ति ने उठाया और कहा कि बेटा उनका पास है और अब वह यहीं रहकर कंपनी में काम करेगा। जिसके बाद बेटे का मोबाइल बंद हो गया। प्रमोद के मुताबिक बातचीत के दौरान उन्होंने निशांक का नंबर ले लिया। बाद में उससे संपर्क किया तो निशांक ने धमकी दी यदि उसकी तलाश की या कोई कानूनी कार्रवाई की तो अंजाम भुगतना पड़ेगा। बेटे के गायब होने के बाद से परिवार में भय है कि कहीं बेटे के साथ कोई अनहोनी न हो जाए।

पुलिस का कहना है कि कॉल डिटेल निकालने के साथ ही मोबाइल नंबरों को ट्रेस किया जा रहा है। जल्द ही लविश की सकुशल बरामदगी की जाएगी।

# शूरा की बैठक में विभागों की रिपोर्ट प्रस्तुत होने के साथ आय व्यय का ब्यौरा किया प्रस्तुत

**देवबन्द।** विश्व विख्यात शिक्षण संस्था दारुल उलूम देवबंद की सुप्रीम पावर कमेटी (मजलिस ए शूरा) की तीन दिवसीय बैठक संपन्न हुई। शिक्षा समेत सभी विभाग अध्यक्षों ने अपनी रिपोर्ट पेश की साथ ही संस्था के आय व्यय का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया गया। बैठक में शूरा सदस्यों ने संस्था का वार्षिक बजट पारित करने के साथ ही सहारनपुर के मुफ्ती मोहम्मद सालेह और गुजरात के मौलाना अहमद बुजुर्ग को शूरा का नया सदस्य बनाए जाने की घोषणा की।

बुधवार को संस्था के अतिथिगृह में सम्पन्न हुई शूरा की बैठक में शिक्षा विभाग के प्रभारी मौलाना हुसैन हरिद्वारी ने शिक्षा से संबंधित रिपोर्ट पेश की। साथ ही निर्माण व लेखा जोखा विभाग समेत विभिन्न विभागों के प्रभारियों ने भी अपनी अपनी रिपोर्ट पेश की। इन पर शूरा सदस्यों ने संतुष्टि जताई। बैठक में तालीम की बेहतरी और छात्रों के रहन सहन को और अधिक व्यवस्थित करने पर सहमति बनी। साथ ही कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि, छात्रवृत्ति और कई विभागों में नए कर्मचारियों की नियुक्ति पर मुहर लगाई गई। साथ ही मदरसों के संचालन में आ रही दुश्वारियों पर चर्चा और उनका समाधान ढूंढने के लिए दारुल उलूम देवबंद में एक बड़ा जलसा आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया। इसके अलावा दारुल उलूम देवबंद के शूरा सदस्य मौलाना सैयद आकिल सहारनपुरी और मौलाना गुलाम मोहम्मद वस्तानवी के निधन से रिक्त हुए दोनों पदों पर मजाहिर उलूम सहारनपुर के उप प्रभारी मौलाना मोहम्मद सालेह और जामिया इस्लामिया तालीमुद्दीन ढाबेल गुजरात के मोहतमिम मौलाना अहमद बुजुर्ग की नियुक्ति की गई। बैठक में मोहतमिम मुफ्ती अबुल कासिम नौमानी, सदर मुदर्रिस मौलाना अरशद मदनी, जमीयत अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी, मौलाना रहमतुल्लाह कश्मीरी, मौलाना महमूद राजस्थान, मौलाना हबीब बांदवी, मौलाना अनवारुहमान बिजनौर, मौलाना अंजर हुसैन मियां देवबंदी, मौलाना हकीम कलीमुल्लाह कश्मीर, मुफ्ती खलील मलेरकोटला, मौलाना शफीक बेंगलुरु आदि मौजूद रहे।

# पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पौधरोपण अभियान के तहत होमगार्ड बटालियन ने विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही लगाए गए पौधों के संरक्षण की शपथ ली।

होमगार्ड बटालियन ने श्री सिद्धकुटी आश्रम, लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह, श्री त्रिपुर मां त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर परिसर, एसडीएम कोर्ट परिसर आदि में पौधरोपण किया। इस मौके पर कंपनी इंचार्ज छत्रपाल सिंह ने बताया कि उक्त स्थानों पर युकेलिप्टिस, नीम, कटहल, बड़, गुलमोहर आदि के 40 पौधे रोपित किए गए है। कहा

**होमगार्ड बटालियन ने नगर के विभिन्न स्थानो पर किया पौधारोपण**

कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत होमगार्ड की बटालियन विभिन्न स्थलों पर पहुंच कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधारोपण जरूरी है। सभी को इस अभियान में बढ़चढ़ कर हिस्सेदारी करनी चाहिए। इस दौरान कंपनी कमांडर महेश कुमार, डीपीसी प्रदीप कुमार, पप्पू राम, रामभरोसे, उमेश कुमार, निखिल कुमार, प्रवेश कुमार, विजेंद्र सिंह, प्रदीप त्यागी आदि मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन (रक्षक) ने उपजिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** तल्हेड़ी क्षेत्र में अवैध खनन पुलिस एवं विद्युत विभाग के कर्मियों द्वारा उपभोक्ताओं से अवैध वसूली किये जाने को लेकर भारतीय किसान यूनियन (रक्षक) के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी के नाम सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया।

भारतीय किसान यूनियन (रक्षक) के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी के नाम सम्बोधित ज्ञापन में कहा हैं कि तल्हेड़ी क्षेत्र में अवैध खनन किया जा रहा हैं जिससे न केवल प्रयावरण को नुकसान पहुंच रहा हैं बलकि सरकारी राजस्व को भी नुकसान पहुंच रहा हैं। ज्ञापन में तल्हेड़ी पुलिस चौकी के कर्मियों द्वारा एवं विद्युत विभाग के लाईन मैन द्वारा



उपभोक्ताओं से अवैध वसूली किये जाने से क्षेत्रवासी परेशान हैं। ज्ञापन में नागल बस स्टैंड पर बढ़ते अतिक्रमण से यातायात बाधित होने के साथ ही राहगिरो को भारी असुविधा सामना करना पड़ रहा हैं। जिसपर संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई किये जाने की मांग की हैं। ज्ञापन देने वालो में मुख्य तहसील अध्यक्ष मोहित दी., अब्दल सलाम, अजमल सैनी, गजेंद्र, रविंद्र, राहुल आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

# उद्यमियों ने की विद्युत कटोती मुक्त किए जाने की मांग

**देवबन्द।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (देवबंद चैप्टर) की आयोजित बैठक में उद्यमियों ने विद्युत निगम अधिकारियों के समक्ष समस्याओं को रखते हुए औद्योगिक क्षेत्र को विद्युत कटौती मुक्त किए जाने की मांग की। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन आयोजित बैठक में उद्यमियों ने उद्योगों को चलाने में आ रही परेशानियों को लेकर चर्चा की। इस दौरान बैठक में उपस्थित विद्युत निगम के अधिशासी अभियंता मृत्युंजय शाही समेत अन्य अधिकारियों को उद्यमियों की और से चार सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। संगठन के चेयरमैन विजेश कंसल ने विद्युत सर्वाधित समस्याओं को रखते हुए कहा कि औद्योगिक क्षेत्र को चौबीस घंटे विद्युत आपूर्ति के आदेश हैं, जिसे गंगा शुगर फीडर जोड़ा हुआ है। लेकिन उसके बावजूद लगातार कट लगते रहते हैं। जिससे इकाईयां ठीक से प्रोडक्शन नहीं कर पा रही हैं। उद्यमियों ने फीडर को कट मुक्त किए जाने और फीडर से जुड़ी कॉलोनियों को सिविल लाइन से जोड़े जाने, बिल भुगतान में छूट दिए जाने और वर्किंग समय में शडडाउन ने लिए जाने की मांग की। एक्सईएन मृत्युंजय शाही व एसडीओ पुल्कित टंडन ने जल्द ही समस्याओं का समाधान कराए जाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर कुणाल गिरधर, जरीर बेग, सेठ कुलदीप, पंकज गुप्ता, सुखविंदर सिंह, सौरभ सेठ, अमित शर्मा, आदेश चौधरी, डॉ. आरपी खुराना, राजीव भाटिया, प्रवीण धीमान आदि मौजूद रहे।

# अपना दल का सदस्यता अभियान

**चांदपुर।** अपना दल (एस) पार्टी के मुरादाबाद मंडल परिक्षेत्र अध्यक्ष जकी उल नासिर ने पार्टी की गाइड लाईन के अनुपालन में पार्टी को और अधिक मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से चांदपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक मीटिंग का आयोजन अपने आवास पर कर पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया। उन्होंने पार्टी के प्रति निष्ठा और लगन रखने वालों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराने के पश्चात पार्टी के प्रति निष्ठा और लगन से कार्य करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर महिला और पुरुषों के साथ-साथ युवाओं की एक टीम ने बैठक में पहुंचकर सदस्यता ग्रहण की। परिक्षेत्र अध्यक्ष नासिर ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी हाई कमान के निर्देशानुसार सभी साथी आगामी जिला पंचायत चुनावों की जोरदार तैयारी करने में जुट जाये।

# सहारनपुर में मौ. अब्बास जैदी और मौलाना कल्बे जवाद की हुई अहम मुलाकात

## शाह टाइम्स और पश्चिमांचल दर्शन पर हुआ विचार-विमर्श

शाह टाइम्स संवाददाता

**सहारनपुर।** युवा पत्रकार एवं इंजीनियर मौ. अब्बास जैदी ने आज सहारनपुर में हिन्दुस्तान की जानी-मानी शख्सियत मौलाना सैयद कल्बे जव्वाद से शिष्टाचार मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान अब्बास जैदी ने मौलाना कल्बे जव्वाद को हिंदी पत्रकारिता में अपने दो प्रमुख योगदान हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स व हिन्दी दैनिक पश्चिमांचल दर्शन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौलाना कल्बे जवाद ने इन दोनों समाचार पत्रों की बेहद बारीकी से अवलोकन कर सराहना की और कहा कि समाज में सच्ची पत्रकारिता की आज सबसे ज्यादा जरूरत है।

सहारनपुर के मौहल्ला अंसारियान स्थित समाजसेवी व वरिष्ठ पत्रकार शादाब आब्दी के निवास पर मुलाकात को दोनों ही पक्षों ने विचारों के आदान-प्रदान का एक सकारात्मक मंच बताया। अब्बास जैदी ने भी मौलाना कल्बे जवाद के विचारों से प्रेरणा लेते हुए कहा कि वे आगे भी पत्रकारिता के जरिए समाज की बेहतरी के लिए कार्य करते रहेंगे।



**मौलाना कल्बे जव्वाद को हिन्दी दैनिक समाचार पत्र शाह टाइम्स का अवलोकन कराते युवा पत्रकार मौ. अब्बास ज़ैदी।**

# किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने वाले युवक को भेजा जेल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर किशोरी को सकुशल बरामद किया। आरोपी के खिलाफ कोतवाली में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने दो दिन पूर्व पुलिस को सूचना दी थी कि एक युवक उसकी 15 वर्षीय बहन को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की और मुखबिर की सूचना पर उत्तराखंड हरिद्वार के कनखल में छापेमारी करते हुए किशोरी को बरामद कर लिया। पुलिस ने मौके से किशोरी को ले जाने वाले आरोपी गौरव पुत्र सोनू निवासी अजीतपुर थाना कनखल को भी मौके से गिरफ्तार किया है। कोतवाल नरेंद्र कुमार ने बताया कि घटना के संबंध में धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। जिसमें धारा 65(1) बीएनएस व 4(2) पोक्सो अधिनियम की वृद्धि की गई है। बताया कि अभियुक्त गौरव के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# शोभायात्रा को लेकर मंदिर कमेटी व प्रशासन ने किया विचार विमर्श

**देवबन्द।** प्राचीन सिद्धपीठ श्री पंचायती ठाकुरद्वारा मंदिर में हुई बैठक में 18 अगस्त को निकाली जाने वाली श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा में सुरक्षा समेत अन्य व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त रखने के संबंध प्रशासन और मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों के बीच विचार विमर्श हुआ। बैठक में उपजिलाधिकारी युवराज सिंह, पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत पाराशर, कोतवाल नरेंद्र शर्मा, अधिशासी अधिकारी राजपति वैस, मंदिर कमेटी अध्यक्ष विनोद प्रकाश गुप्ता, महामंत्री राकेश अग्रवाल, अशोक गुप्ता, ब्रह्मसिंह पुंडीर, मुकेश गर्ग, सुशील गुप्ता, श्रवण सिंघल, मनोज सिंघल, पवन धीमान आदि मौजूद।

**सूचना**

मेरी यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन वर्ष 2023 की मार्कशीट अनुक्रमांक 6602131236 वास्तव में कहीं खो गई है।

कैफ त्यागी पुत्र ताजीम त्यागी
ग्राम झबीरन देवबंद,
जनपद सहारनपुर।

# मूसलाधार वर्षा ने क्षेत्र में मचाई तबाही

शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** तीन दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार वर्षा ने क्षेत्र में तबाही मचा दी। नगर की नचना नदी में उफान के कारण नगर झील बन गया है। सीएचसी व विद्युत गृह में पानी भर गया है। मुख्य बाजार व सीएचसी में लाखों का नुकसान हुआ है। नदी नाले उफान पर है। गरीबों पर आफत बनकर बारिश टूट रही है। फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। कई स्थानों पर भारी भरकम वृक्ष उखड़ कर गिर गए। क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। सीएचसी के चिकित्सकों ने सड़क पर खड़े होकर टीबी आदि के मरीजों को दवाएं दी।

गौरतलब है कि लगातार तीन दिनों से पड़ रही भारी वर्षा ने नगर व क्षेत्र में भारी तबाही मचा दी है। बीती रात्रि पहाड़ी मैदानी इलाकों में लगातार मूसलाधार वर्षा होने से नगर के बीच बहने वाली नचना नदी व अमला नदी में भारी उफान आ गया। जिस कारण नगर झील में तब्दील हो गया है। जामा मस्जिद के समीप मुख्य बाजार सब्जी मण्डी, इस्माइल मार्केट में दुकानों में पानी भर जाने के कारण दुकानदारों को लाखों का नुकसान हो गया है। सिमरन गिफ्ट शॉप के स्वामी मौहम्मद परवेज, दिलशाद गारमेंट, वसीम अहमद परचून वाले, उस्मान अंडे वाले, अयाज कपड़े वाले, खालिद परचून वाले, अकरम जूते वालों ने बताया कि बीती रात नचना नदी में पानी आने की वजह से दुकानों में पानी भर गया। जिससे दुकान्दारों का लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। नगर में यह तबाही 15 वर्षों के बाद हुई। उधर सीएचसी प्रभारी डॉक्टर खालिद अख्तर व डॉक्टर सर्वेश निराला ने बताया कि अस्पताल व स्टाफ निवास में लगभग चार फिट पानी भर गया। माईनर ओपीडी, डॉक्टरों के चेंबर, आपातकालीन कक्ष, महिला प्रसव केंद्र आदि में पानी भर गया। गोदाम में रखी दवाइयां व इंस्टूमेंट पूरी तरह से खराब हो गए हैं। जिससे लाखों का नुकसान हुआ है। पानी उतरने के बाद ही नुकसान का अवलोकन किया जाएगा। अमला नदी में आए पानी के कारण डोडा कॉलोनी में जल भराव के कारण कॉलोनीवासी अपने घरों में कैद होकर रह गए। नगर के विद्युत गृह उपकेंद्र में जल भराव के कारण विद्युत आपूर्ति ठप रही। कालागढ़ मार्ग स्थित धोबी घाट नचना नदी में उफान के कारण मार्ग अवरूद्ध हो गया। दोनों ओर वाहनों की भारी भीड़ लगी रही तथा जसपुर तिराहा से मेघपुर मोड़ तक पानी भर जाने के कारण कई घंटे तक यातायात बाधित रहा। थाने के सामने पेट्रोल पंप के समीप पिलखन के दो वृक्ष जड़ से उखड़ जाने तथा कामनपुर गढ़ी बस स्टैंड पर भी एक वृक्ष उखड़ जाने के कारण दोनों स्थानों पर काफी समय तक यातायात बाधित रहा।

पहाड़ों पर भारी वर्षा के कारण पीली बांध जलाशय से छोड़े गए पानी के कारण बनैली नदी में आए उफान के कारण नदी में सब्जी की खेती पूर्ण रूप से नष्ट हो गई तथा नदी के आसपास के खेतों में पानी भर गया तथा बनैली नदी के तट पर बसे गांव में भी पानी भर गया। मूसलाधार वर्षा के चलते फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है तथा आम आदमी का जन जीवन अस्त-व्यस्त हो कर रह गया।

इस प्राकृतिक आपदा में हुए दुकानदारों व किसानों विशेष कर सब्जी काश्तकारों के हुए नुकसान का प्रशासन को जांच कर मुआवजे देकर नुकसान की भरपाई करनी चाहिए।

# एसडीएम व सीओ ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण



**चांदपुर।** एसडीएम नितिन तेवतिया एवं सीओ देश दीपक द्वारा तहसील क्षेत्र के ब्लॉक जलीलपुर गंगा खादर क्षेत्र में बाढ़ संभावित गांव का दौरा करते हुए उन्होंने वहां कई गांव में पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण भी किया। ग्राम रायपुर खादर, खानपुर खादर, मीरापुर सीकरी आदि गांवों में भारी वर्षा के कारण जलस्तर में हुई वृद्धि के दृष्टिगत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भी अपनी बात साझा करते हुए निरीक्षण के दौरान समीपवर्ती क्षेत्रों का जायजा लिया एवं संभावित खतरे की आशंका को देखते हुए ग्रामवासियों को जागरूक किया। एसडीएम एवं सीओ ने लोगों को यह भी निर्देशित किया गया कि वे बच्चों व पशुओं को नदी, नहर, बरसाती नाले आदि के समीप न जाने दें तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस / प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित करें। ग्रामीणों से आपात स्थिति से निपटने हेतु तैयार रहने की अपील की।

# इंग्लैंड में सीरीज बराबर करने के बाद भारतीय टीम घर लौटी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टेस्ट जीतकर सीरीज 2-2 से बराबर की, लेकिन जीत के बाद टीम इंडिया ने कोई बड़ा जश्न नहीं मनाया। खिलाड़ियों ने मैच खत्म होने के बाद अपने परिवारों के साथ समय बिताया और मंगलवार सुबह अलग-अलग बैचों में भारत के लिए रवाना हो गए।

मोहम्मद सिराज समेत कई खिलाड़ी फ्लाइट से दुबई पहुंचे, जहां से वे अपने-अपने शहरों के लिए रवाना होंगे। कुछ खिलाड़ी इंग्लैंड में कुछ दिनों के लिए रुक गए हैं। ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को भारतीय मैनेजमेंट ने सीरीज का इम्पैक्ट प्लेयर मेडल दिया। वहीं हेड कोच गौतम गंभीर ने कहा, श्मैं टीम परफारमेंस से बहुत खुश हूं।

मैच खत्म होने के करीब चार घंटे बाद अर्शदीप और प्रसिद्ध कृष्णा को लंदन की सड़कों पर अपने परिवारों के

**● जीत के बाद टीम इंडिया ने कोई बड़ा जश्न नहीं मनाया, वाशिंगटन सुंदर इम्पैक्ट प्लेयर बने गंभीर बोले: बहुत खुश हूं**

साथ घूमते हुए देखा गया। कुलदीप यादव, जिन्हें सीरीज में मौका नहीं मिला, पूर्व खिलाड़ी पीयूष चावला के साथ नजर आए। बुमराह को पहले ही आराम के कारण टीम से रिलीज कर दिया गया था। बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार, कोई खास सेलिब्रेशन नहीं हुआ।

सीरीज काफी लंबी और थकाऊ रही। खिलाड़ी अपने परिवारों के साथ या अकेले समय बिता रहे थे। ज्यादातर खिलाड़ी भारत लौट चुके हैं, कुछ छुट्टियां मना रहे हैं। अब टीम इंडिया की अगली चुनौती अगले महीने न्म में एशिया कप होगी। भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को प्लेयर ऑफ द सीरीज और मोहम्मद सिराज को ओवल टेस्ट में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पांचवें टेस्ट में भारत की 6 रन से रोमांचक जीत के बाद वाशिंगटन सुंदर को सीरीज का इम्पैक्ट प्लेयर चुना गया। इस दौड़ में मोहम्मद सिराज, शुभमन गिल और रवींद्र जडेजा भी थे, लेकिन सुंदर के प्रदर्शन ने उन्हें सबसे आगे रखा। सीरीज में सुंदर ने लगातार चार टेस्ट खेले। उन्होंने कुल 284 रन बनाए, जिसमें एक अर्धशतक और एक शानदार शतक शामिल था।

गेंदबाजी में भी उन्होंने 7 विकेट लिए। तीसरे टेस्ट में लार्ड्स पर उन्होंने बेन स्टोक्स, जो रूट और जेमी स्मिथ जैसे बड़े बल्लेबाजों को आउट किया और 4 विकेट झटके। मैनचेस्टर टेस्ट में उन्होंने जडेजा के साथ पांच सेशन तक बल्लेबाजी की और मैच ड्रा कराया। वहां उन्होंने नाबाद 101 रन बनाए।

# करियर की बेस्ट रैंकिंग पर सिराज-कृष्णा



**● जसप्रीत बुमराह नंबर-1 पर कायम**
**● सिराज 12 स्थान की छलांग लगाकर 15वें स्थान पर**
**● प्रसिद कृष्णा 25 स्थान की छलांग लगाकर 59 वें स्थान पर**
**● बल्लेबाजों में यशस्वी जायसवाल टॉप-5 में शामिल**

**दुबई, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा अपने-अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। इस टेस्ट में सिराज ने 9 और कृष्णा ने 8 विकेट लिए थे। सिराज 12 स्थान की छलांग लगाकर 15वें स्थान पर पहुंच गए।

उनकी रेटिंग 674 अंक हो गई। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा ने 25 स्थान की उछाल के साथ 59वां स्थान हासिल किया, उनकी रेटिंग 368 अंक है। जसप्रीत बुमराह नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज बने हुए हैं। उनके 889 रेटिंग अंक हैं। वहीं, टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में यशस्वी जायसवाल टॉप-5 में पहुंच गए हैं। सिराज ने सीरीज में सबसे ज्यादा 23 विकेट लिए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में सिराज ने सभी पांच टेस्ट खेले और 23 विकेट के साथ सीरीज के टॉप विकेट टेकर रहे। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा ने तीन टेस्ट मैचों में 14 विकेट लिए। वे सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में पांचवें स्थान पर रहे। बल्लेबाजी रैंकिंग में, भारत के जायसवाल ने आखिरी टेस्ट की दूसरी पारी में 164 गेंदों पर 118 रन बनाकर तीन स्थान की छलांग लगाई और आईसीसी मेन्स टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग में टॉप-5 में जगह बनाई। उनकी रेटिंग अब 792 अंक है। वहीं, इंग्लैंड के जो रूट व हैरी ब्रुक ने पहला और दूसरा स्थान बरकरार रखा। रूट ने दूसरी पारी में 152 गेंदों पर 105 रन और ब्रूक ने 98 गेंदों पर 111 रन बनाए। ` न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे के बीच हुई टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल ने चार स्थान की छलांग लगाकर टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग में टॉप-10 में जगह बनाई। उनके साथी मैट हेनरी ने तीन स्थान की उछाल के साथ गेंदबाजों की रैंकिंग में चौथा स्थान हासिल किया, उनकी रेटिंग 817 अंक है, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग है। हेनरी ने छोटे प्रारूपों के अपने फार्म को टेस्ट क्रिकेट में भी बरकरार रखा। एटकिंसन और जोश टंग भी करियर के सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंचे इंग्लैंड के गेंदबाजों को भी इस मैच में बेहतर प्रदर्शन का फायदा रैंकिंग में मिला। गस एटकिंसन और जोश टंग ने आठ-आठ विकेट लिए। एटकिंसन पहली बार टॉप-10 में शामिल हुए, जबकि टंग 14 स्थान की छलांग लगाकर 46वें स्थान पर पहुंच गए। दोनों ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की। ऑलराउंडर्स में जडेजा टॉप पर कायम, स्टोक्स नंबर-3 पर द ओवल में 53 रन की पारी खेलने वाले भारतीय आलराउंडर जडेजा आलराउंडर्स रैंकिंग के टॉप पर कायम हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### विलियम ओ रूर्के दूसरे टेस्ट से हुए बाहर

**बुलावाया, वार्ता।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विलियम ओ' रूर्के पीट की चोट के कारण दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हो गये है। उन्हें पहले टेस्ट के तीसरे दिन पीठ में अकड़न के बाद चिकित्सीय सलाह के लिए स्वदेश भेज दिया गया था। दूसरे टेस्ट से पहले न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर नाथन स्मिथ पेट में खिंचाव के कारण पहले ही बाहर हो चुके हैं। उनकी जगह ऑलराउंडर जकारी फॉल्केस को टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। वहीं ऑकलैंड एसेस के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन लिस्टर को भी ओं' रूर्के के कवर के तौर पर बुलाया गया है। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच जैकब ने कहा कि हमें उम्मीद है कि यह कोई बहुत बड़ी सीरीज नहीं होगी।

### पावरलिफ्टिंग: स्वर्ण पदक विजेता नमी राय ने साय से की मुलाकात

**रायपुर, वार्ता।** छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय में एशियन अफ्रीकन पैसिफिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता नमी राय पारेख ने मुलाकात की। साय को रायपुर निवासी नमी राय पारेख ने बताया कि पांच से 13 जुलाई तक जापान के हिमेजी में एशियन पॉवरलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा एशियन अफ्रीकन पैसिफिक पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। इस चैंपियनशिप में उन्होंने 57 किलोग्राम डेडलिफ्ट वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया है। सीएम वष्णुदेव साय ने नमी राय पारेख को एशियन अफ्रीकन पैसिफिक पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल करने पर बधाई दी।

# हमारी टीम में सुधार की गुंजाइश है: मैकुलम

**मुख्य कोच मैकुलम का मानना है कि पांचवें टेस्ट में भारतीय टीम जीत की हकदार थी**



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम का कहना है कि उन्होंने उन क्षेत्रों की पहचान कर ली है जहां इंग्लैंड को एशेज से पहले सुधार करना होगा, जब भारत के खिलाफ एक रोमांचक सीरीज 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुई और मुख्य कोच का मानना है कि पांचवें टेस्ट में भारतीय टीम जीत की हकदार थी। भारत ने इस एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज के 25वें और आखिरी दिन 56 मिनट के शानदार खेल में 2-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए छह रन की जीत हासिल की, जो रनों के लिहाज से उनकी सबसे कम अंतर की जीत थी। इसका मतलब यह था कि इंग्लैंड 2018 के बाद से भारत के खिलाफ पहली सीरीज जीत से चूक गया। मैकुलम और बेन स्टोक्स के नेतृत्व में उन्होंने अभी तक भारत या ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोई सीरीज जीत दर्ज नहीं की है। चूंकि इंग्लैंड अब सितंबर में दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के खिलाफ सफेद गेंद की सीरीज में उतरेगा, इसलिए खिलाड़ियों के पास आराम करने का समय है। साल की शुरुआत से ही कोच के रूप में मैकुलम दोनों चुनौतियों में शामिल रहेंगे। लेकिन उनका तात्कालिक ध्यान, एक बार सब कुछ शांत हो जाने के बाद, पिछले सात हफ्तों पर रहेगा कि क्या काम आया और क्या नहीं। नवंबर में पर्थ में पहले एशेज टेस्ट से पहले तैयारी करना उनका प्राथमिक लक्ष्य होगा। मैकुलम ने कहा कि हम पहले सब कुछ शांत होने देंगे और हम यह पता लगाएंगे कि क्या अच्छा रहा है और फिर यह तय करना शुरू करेंगे कि हम कैसे सुधार कर सकते हैं, ताकि जब हम ऑस्ट्रेलिया पहुंचें, तो हमारे पास एक बड़ा मौका हो। हम जानते हैं कि हमारे पास सुधार की कुछ गुंजाइश है। जब आप खिलाड़ियों को दबाव में अपनी सीमाओं से परे जाकर प्रदर्शन करते हुए देखते हैं, तो आप हमेशा कुछ न कुछ सीखते हैं। बहुत सी चीजें हैं जिन पर हमें ध्यान देना है क्योंकि हम इसे समझने और उन क्षेत्रों का पता लगाने के लिए समय देंगे जिनमें हम अपनी अगली चुनौती के लिए सुधार कर सकते हैं। कुल मिलाकर, मुझे लड़कों और उनके प्रयासों पर बहुत गर्व है। यह एक प्रतिस्पर्धी सीरीज रही है, जिसमें, कुछ खिलाड़ी चोटिल भी हुए। यह सीरीज़ ड्रॉ हो चुकी है। आप निराश हैं लेकिन आपको उनके प्रयासों पर गर्व है। स्कोरलाइन 2023 के घरेलू एशेज की तरह है, और हालांकि इंग्लैंड ने दो साल पहले ड्रॉ हासिल करने के लिए वापसी की थी, लेकिन इस गर्मी में भारत के खिलाफ कुछ समानताएं थीं, जिनमें से कुछ ऐसे पल थे जिन्हें मेज़बान टीम ने जाने दिया।

# पूर्व काउंटी कोच यौन दुराचार के आरोप में निलंबित

**● कोच ने अपने दुर्व्यवहार के लिए माफी मांगी है और सच्चा पश्चाताप व्यक्त किया है**

**लंदन, वार्ता।** एक अज्ञात पूर्व काउंटी क्रिकेट कोच को यौन दुराचार के आरोप स्वीकार करने के बाद नौ महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है।

स्वतंत्र क्रिकेट अनुशासन पैनल ने पाया कि उस व्यक्ति ने 2023 और 2024 की गर्मियों में स्टाफ की दो महिला जूनियर सदस्यों को यौन रूप से स्पष्ट तस्वीरें भेजी थीं। उसने पेशेवर आचरण नियमों के पांच उल्लंघनों को स्वीकार किया, जिसमें दो सहकर्मियों को अनच. ाही यौन तस्वीरें भेजना भी शामिल है। पैनल ने 'असाधारण' स्वास्थ्य संबंधी परिस्थितियों और नाम सार्वजनिक करने पर 'गंभीर नुकसान' के खतरे के कारण व्यक्ति की पहचान बताने से इनकार कर दिया। पैनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि दूसरी महिला 'प्रतिवादी से बहुत छोटी थी और वह क्रिकेट क्लब में उससे कहीं अधिक वरिष्ठ पद पर था।

उसके व्यवहार के कारण उसे बर्खास्त कर दिया गया और तब से वह खेल में कार्यरत नहीं है। पैनल को दिए गए आवेदनों में, यह उल्लेख किया गया कि कोच ने 'अपने दुर्व्यवहार के लिए माफ़ी मांगी है और सच्चा पश्चाताप व्यक्त किया है'। बीबीसी की एक खबर के अनुसार, रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्होंने स्वेच्छा से एक शिक्षा पाठ्यक्रम लिया था और 'अवांछित स्पष्ट संदेशों के प्रभाव को समझने के लिए एक पूर्व पेशेवर खिलाड़ी के साथ काम किया था'। रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्हें उम्मीद थी कि अब वह एक बेहतर इंसान बन रहे हैं। उन्हें कार्यस्थल की सीमाओं, सोशल मीडिया के दुरुपयोग और यौन उत्पीड़न के बारे में बेहतर समझ थी। यह प्रतिबंध आरोपों के दर्ज होने से छह महीने पहले लगाया गया है, साथ ही तीन महीने का निलंबन और एक अनिवार्य शिक्षा पाठ्यक्रम पूरा करना होगा।

# हाइजिया वेंचर्स ने सानिया मिर्जा को बनाया ब्रांड एंबेसडर



नई दिल्ली, वार्ता। गौरव अग्रवाल की कनाडा समर्थित निवेश फर्म हाइजिया वेंचर्स ने टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के सातवें सीजन से पहले गुरुग्राम ग्रैंड स्लैमर्स टीम को खरीदने के साथ ही दिग्गज स्टार सानिया मिर्जा को टीम का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। टीपीएल भारत की चौथी ऐसी स्पोर्ट्स लीग बन गई है जो लगातार सातवें सीजन में पहुंची है। इसकी फास्ट-पेस्ड और दर्शकों को पसंद आने वाली प्रारूप की वजह से ये लीग लगातार निवेशकों और दर्शकों को आकर्षित कर रही है।

गौरव अग्रवाल कहा कि टेनिस और खेलों से मेरा व्यक्तिगत जुड़ाव है। एक पिता के तौर पर भी मैं युवा टेनिस खिलाड़ियों को सपोर्ट करना चाहता हूं। यह निवेश खेल और फेंचाइज़ी मैनेजमेंट में हमारे कदम को मजबूत करता है। सानिया मिर्जा ने कहा कि मैं एक ऐसी टीम से जुड़कर खुश हूं जो टैलेंट और इनोवेशन दोनों को महत्व देती है। गौरव का विजन भारतीय टेनिस के लिए जरूरी लॉन्ग-टर्म इनवेस्टमेंट को दर्शाता है।

# एशिया कप में अफगान टीम की अगुवाई करेंगे राशिद



**● अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने संयुक्त अरब अमीरात में 9 से 28 सितम्बर तक होने वाले एशिया कप के लिए 22 सदस्यीय टीम की घोषणा की**

**काबुल, वार्ता।** स्टार लेग स्पिनर राशिद खान की अगुवाई में अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम आगामी एशिया कप में खेलेगी। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात में नौ से 28 सितंबर तक होने वाले एशिया कप के लिए 22 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी। एसीबी की चयन समिति के सदस्य मीर मुबारिज ने बताया कि राशिद खान अफगानिस्तान के सुपरस्टार हैं। उन्होंने हमेशा टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। फॉर्म में होना या खराब होना, यह खेल का हिस्सा है, लेकिन वह अच्छी तरह जानते हैं कि कैसे मजबूती से वापसी करनी है और टीम और देश के लिए बड़े टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करना है।

मुबारिज ने कहा कि हमने त्रिकोणीय सीरीज और एशिया कप से पहले तैयारी शि. विर के लिए एक प्रारंभिक टीम की घोषणा कर दी है, जहां नए खिलाड़ियों की परख कोचिंग स्टाफ और कप्तान, दोनों प्रशिक्षण और तैयारी शिविर के दौरान करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर चोटों के कारण उन्हें अपनी योजना में बदलाव नहीं करना पड़ा, तो वे प्रारंभिक शिविर के 22 सदस्यों में से ही अपनी विश्व कप टीम का चयन करेंगे। उन्होंने टीम में शामिल तेज गेंदबाजो को लेकर कहा कि हां , हम शायद आगामी एशिया कप में इन्हीं 22 खिलाड़ियों के साथ उतरेंगे, लेकिन चोट लगने की स्थिति में बदलाव हो सकते हैं, और हम समय के साथ इन मुद्दों का ध्यान रखेंगे। हमने अब्दुल्ला अहमदजई, बशीर अहमद को टीम में शामिल किया है, और सलीम सफी भी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। इसलिए, वे सभी 140 की रफ्तार से गेंदबाजी करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि अफगानिस्तान के पास राशिद खान, मुजीब, मोहम्मद नबी और अल्लाह मोहम्मद गजनफर जैसे बेहतरीन स्पिन गेंदबाज हैं। हमने नांग्याल खारोटी और घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले शराफुद्दीन अशरफ को भी टीम में शामिल किया है।

## अंतर्राष्ट्रीय मैराथन दौड़ की तैयारियां जोरों पर

**माउंट आबू, वार्ता।** राजस्थान में पर्यटन स्थल माउंट आबू में ब्रह्माकुमारी संगठन की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि के मौके पर 17 अगस्त को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में आयोजित की जा रही सातवीं अंतर्राष्ट्रीय मैराथन दौड़ की तैयारियां जोरों से की जा रही हैं।

मैराथन संयोजक समिति सदस्य बी के सचिन ने बुधवार को बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मैराथन दौड़ के लिए करीब साढ़े तीन हजार सहभागियों का पंजीकरण हो चुका है। विदेशों के भी करीब पांच दर्जन धावक दौड़ में भाग ले रहे हैं।

## शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में शुरू होगी प्रो वॉलीबॉल लीग

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता।** गौतमबुद्धनगर जिले में पहली बार प्रो वॉलीबॉल लीग का आयोजन होने जा रहा है। प्रो वॉलीबॉल लीग का आयोजन गुरुवार से ग्रेटर नोएडा स्थित शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में किया जाएगा। लीग को लेकर खेल परिसर में आयोजकों द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया,जिसमें 15 दिवसीय लीग को लेकर जानकारी दी गई। आदि योगी फाउंडेशन के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश प्रो वालीबॉल लीग के फाउंडर कुलवंत ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 अगस्त से ग्रेटर नोएडा स्थित शहीद पथिक सिंह खेल परिसर में पहली बार प्रो वॉलीबॉल लीग का आयोजन किया जा रहा है। यूपी प्रो वालीबॉल लीग में कुल 8 टीमें हिस्सा लेंगी जिनमें लखनऊ टाइगरर्स, गोरखपुर, नोएडा, मथुरा, अयोध्या, मुरादाबाद, काशी व मुजफ्फरनगर लायंस होंगी।

# पंत ने छात्रा की कॉलेज फीस में मद्द की



**● ज्याति के परिवार ने अनिल नाम के एक स्थानीय शुभचिंतक से संपर्क किया, जिन्होंने क्रिकेट से जुड़े अपने सपर्कों के माध्यम से पंत तक छात्रा की परेशानी को पहुंचाया**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत ने कर्नाटक के बागलकोट जिले की एक आर्थिक रूप से संघर्षरत छात्रा की मदद की है, जिससे वह उच्च शिक्षा प्राप्त कर सके। विकेटकीपर-बल्लेबाज के इस नेक काम की व्यापक सराहना हो रही है।

बिलागी तालुक के रबकवी गाँव की रहने वाली ज्योति कनबुर मथ ने अपने प्री-यूनिवर्सिटी कोर्स (पीयूसी) में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे और कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक (बीसीए) पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त किया था। हालांकि, आर्थिक तंगी के कारण, उनका परिवार कॉलेज की फीस का भुगतान करने में असमर्थ था। आर्थिक सहायता प्राप्त करने के प्रयास में, ज्योति के परिवार ने अनिल नाम के एक स्थानीय शुभचिंतक से संपर्क किया, जिन्होंने क्रिकेट से जुड़े अपने संपर्कों के माध्यम से उनसे संपर्क किया। यह अपील अंततघ ऋषभ पंत तक पहुंची, जिन्होंने तुरंत कॉलेज को 40,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए, जिससे ज्योति के दाखिले का रास्ता साफ हो गया। पंत को लिखे एक आभार पत्र में, ज्योति ने अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया।

उन्होंने लिखा कि मैं बीसीए करना चाहती थी, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण, मेरे माता-पिता ने हमारे गाँव के ही अनिल से संपर्क किया और पूछा कि क्या कोई छात्रवृत्ति या आर्थिक मदद उपलब्ध है। फिर अनिल ने अपने दोस्त अक्षय से संपर्क किया, जो बेंगलुरु में रहता है। अक्षय ने मेरी स्थिति से भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत को अवगत कराया। ऋषभ पंत ने 40,000 रुपये ट्रांसफर किए ताकि मैं बीसीए कर सकूं। मैं ऋषभ पंत की बहुत आभारी हूं और ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि वह उन्हें अच्छी सेहत प्रदान करें। मैं अनिल अन्ना और अक्षय नाइक सर की भी आभारी हूं। मैं उनकी मदद को कभी नहीं भूलूंगी। कॉलेज प्रबंधन ने भी पंत को उनके समय पर दिए गए सहयोग के लिए एक प्रशंसा पत्र जारी किया।

# मणिपुर, उत्तराखंड, तमिलनाडु, मप्र और झारखंड जीते

**● 15वें हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के छठे दिन डिवीजन बी के सभी मैच समाप्त हो गए है**

**काकीनाडा, वार्ता।** 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के छठे दिन बुधवार को डिवीजन 'बी' के सभी मैच समाप्त हो गए, जिसमें मणिपुर, उत्तराखंड और तमिलनाडु ने अपने-अपने लीग मुकाबलों में जीत दर्ज की, जबकि हिमाचल ने बिहार के साथ ड्रॉ खेला। यहां दिन के पहले मैच में मणिपुर ने असम को 3-1 से हराया।

मणिपुर के लिए कंगजम सिल्विया चानू ने (27वें, 49वें) मिनट में दो गोल और देवी मुतुम प्रिया ने (26वें) मिनट में एक गोल किया। असम की ओर से एकमात्र गोल अश्मिता तिग्गा ने (20वें) मिनट में किया। अगले मैच में उत्तराखंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए केरल को 7-0 से रौंद दिया। उत्तराखंड की कप्तान सलोनी पिलखवाल ने (नौवें, 31वें, 46वें) मिनट में गोल कर हैट्रिक बनाई, जबकि राईन कहकशा अली ने (चौथे, 14वें) और आरती ने (40वें, 45वें) ने दो-दो गोल किए। अन्य मैच हिमाचल और बिहार के बीच 1-1 से ड्रॉ रहा। हिमाचल के लिए भूमि ने (12वें) और बिहार की ओर से खुशी कुमारी ने (11वें) मिनट गोल किया। यह मुकाबला एक-एक गोल से ड्रा रहा। अंतिम डिवीजन 'बी' मैच में तमिलनाडु ने अरुणाचल को 5-0 से हराया। तमिलनाडु की ओर से प्रियधरसिनी ने (39वें, 52वें) मिनट में दो गोल किए, जबकि अक्षता आर ने (43वें), सुबलक्ष्मी एल (40वें) मिनट और जयशालिनी एस (46वें) मिनट में एक-एक गोल किए। इसके साथ ही 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सभी डिवीजन 'बी' मैच समाप्त हो गए। पूल 'ए' से मणिपुर और पूल 'बी' से हिमाचल को अगले साल होने वाले डिवीजन 'ए' मैचों में पदोन्नत किया गया। इस सप्ताह की शुरुआत में, डिवीजन 'सी' के पूल 'ए' से गोवा हॉकी और पूल 'बी' से मिजोरम को भी अगले साल होने वाली जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन 'बी' में पदोन्नत किया गया। दिन के दूसरे भाग में डिवीजन 'ए' लीग मैच हुए, जिसमें मध्य प्रदेश और झारखंड ने अपने-अपने पूल मैच जीते, जबकि हरियाणा और उत्तर प्रदेश के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। पहले डिवीजन 'ए' मैच में मध्य प्रदेश ने पंजाब को 4-0 से हराया। मध्यप्रदेश की काजल ने (13वें, 52वें) और स्नेहा पटेल ने (36वें, 45वें) ने दो-दो गोल किए। अगले मैच में हरियाणा ने उत्तर प्रदेश के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला जिसमें हरियाणा की कप्तान शशि खासा (पांचवें) मिनट और उत्तर प्रदेश की रश्मि पटेल ने (54वें) मिनट ने एक-एक गोल किया। तीसरे डिवीजन 'ए' मैच में झारखंड ने छत्तीसगढ़ को 7-1 से हराया।

## भारतीय एथलीट विश्व खेल 2025 के पांच खेलों की 23 पदक स्पर्धाओं में लेंगे हिस्सा

**चीन, वार्ता।** भारतीय एथलीटों की 17 सदस्यीय टीम आज से शुरु हो रहे विश्व खेल 2025 के 12वें संस्करण की पांच खेलों की 23 पदक स्पर्धाओं में हिस्सा लेगी। इस बार विश्व खेलों में 34 खेलों और 60 विधाओं में 253 पदक स्पर्धाएं होंगी।

पॉवरबोटिंग और चीयरलीडिंग को पहली बार इस प्रतियोगिता में शामिल किया गया है। भारत इनमें से कुल पांच खेलों तीरंदाजी, बिलियर्ड्स, रैकेटबॉल, रोलर स्पोर्ट्स या स्केटिंग और वुशु में 23 पदक स्पर्धाओं में हिस्सा लेगा। भारत के तीरंदाजी दल में अभिषेक वर्मा और परनीत कौर, स्पीडस्केटर वेल. कुमार आनंद कुमार और आर्यनपाल सिंह घुमन, तथा वुशु एथलीट नाओरेम रोशिबिना देवी, मधुरा धमनगांवकर शामिल हैं। भारत मिश्रित टीम कंपाउंड स्पर्धा में भी भाग लेगा, जो कि लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 में भी शामिल होगी।

# स्वतः मूल्यांकन पर जारी होगा बिलः डा.अजय

## हाउस टैक्स विभाग के साथ समीक्षा बैठक में लिया गया निर्णय, स्वतः मूल्यांकन को निगम मानेगा सही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भवन स्वामी अपने भवन के सम्बंध में स्वत: मूल्यांकन प्रारुप पर अपनी सम्पत्ति का जो विवरण भरकर देगा, उसे सत्य मानकर निगम बिल जारी करेगा। महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने बुधवार देर शाम निगम में हाउस टैक्स विभाग के साथ समीक्षा बैठक के दौरान यह निर्देश दिए।



नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज देर शाम हाउस टैक्स को लेकर जीआईएस सर्वे के बिलों पर आ रही आपत्तियों के निस्तारण की समीक्षा की। महापौर डॉ. अजय कुमार भी बैठक में मौजूद रहे। नगरायुक्त ने एक-एक कर राजस्व निरीक्षकों से उनके द्वारा आपत्तियों के निस्तारण के सम्बंध में जानकारी ली। निस्तारण में सुस्त रफ्तार वाले राजस्व निरीक्षकों के प्रति उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संगीता गुप्ता को हर रोज आपत्तियों के निस्तारण की समीक्षा करने के निर्देश दिए।

महापौर व नगरायुक्त ने हाउस टैक्स विभाग को निर्देश दिए कि स्वकर निर्धारण नियमावली के अनुसार करदाता अपने भवन का जो विवरण भरकर देता है, उसे सही मानकर उसके आधार पर बिल जारी करें। उन्होंने कहा कि उस विवरण का अभी कोई सत्यापन न कराकर बाद में कराया जायेगा। महापौर ने कहा कि अधिकांश मामले छोटी-छोटी सम्पत्तियों के है, जिन्हें जल्दी निपटाया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इससे लोगों में जीआईएस सर्वे को लेकर जो असंतोष और भ्रम है वह समाप्त होगा। नगरायुक्त ने व्यवसायिक क्षेत्र वाले वार्डो में प्राथमिकता के आधार पर आपत्तियों के निस्तारण के लिए कैंप लगाने के निर्देश दिए, और व्यापार मण्डलों को सूचित कर उनसे सहयोग लेने को भी कहा। महापौर ने उस क्षेत्र के पार्षदों का भी सहयोग लेने का सुझाव दिया।

बैठक में अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव, लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी, मुख्य नगर लेखा परीक्षक सच्चिदानंद त्रिपाठी, कर अधीक्षक सुधीर शर्मा व आशुतोष गुप्ता व पार्षद नीरज शर्मा सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

# डा.शशिकांत व डा.राहुल सिंह ने बुजुर्गों को दिए फिट रहने के टिप्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बॉन एंड जॉइंट सप्ताह के अंतर्गत सहारनपुर आर्थोपेडिक क्लब द्वारा मानव मंदिर में बुजुर्गो को प्रशिक्षित किया गया।




क्लब अध्यक्ष डा.शशिकांत सैनी ने बुजुर्गो को बताया कि फिसलकर गिरने से कैसे बचे और चलते वक्त छडी या वाकर लेकर जरूर चले, ताकि गिरकर कूल्हे की हडडी में फ्रैक्चर होने से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि नहाते वक्त बाथरूम के गीला होने पर संभल के खडे होना चाहिये, क्योंकि नहाने के बाद अक्सर लोग खडे होकर कपडे पहनते है। जिससे कभी-कभी पैर कपडों में उलझ जाने से गिरने का खतरा बना रहता है और गिरने के कारण कूल्हे की हडडी में फ्रैक्चर हो जाता है। प्रख्यात चिकित्सक डा.राहुल सिंह ने कहा कि नहाने के बाद कपडे कुर्सी या स्टूल पर बैठकर ही पहनने चाहिये। उन्होंने बुजुर्गो को नियमित रूप से दूध का सेवन व धूप में बैठने की सलाह दी, ताकि विटामिन डी कमी न हो। उन्होंने बुजुर्गो से नियमित योग व व्यायाम करने को भी कहा।

इस दौरान सचिव मुकुंद राजगा. पालन, डा.के.के. मक्कड, डा.गिरीश डंग, डा.राजेश सिंघल मौजूद रहे।

## गश्त के दौरान पुलिस ने पकड़े वारंटी

**बेहट।** पुलिस ने गश्त के दौरान दो वारंटियों को गिरफ्तार किए है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किए है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि पुलिस बल के साथ गश्त कर रहे थे तो मुखबिर की सूचना पर मुकदमा अपराध संख्या 134/15 में वारंटी यूसुफ पुत्र फुल्लू निवासी गांव पथरवा थाना बेहट सहारनपुर, तथा मुकदमा संख्या 1359/2022 में वारंटी मोबीन पुत्र महबूब निवासी गांव शेखपुरा थाना बेहट सहारनपुर को उनके घरों पर दबिश देकर गिरफ्तार किए गए है। गिरफ्तार आरो. पितों के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किए जा रहे है।

# मौलाना कल्बे की विधायक उमर से मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रख्यात इस्लामी विद्वान मौलाना कल्बे जव्वाद ने बेहट विधायक उमर अली खान के आवास पर शिष्टाचार भेंट की।



यह मुलाकात सामाजिक सद्भाव, इंसानियत और आपसी भाईचारे के पैगाम को मजबूत करने के उद्देश्य से हुई। दोनों ने मिलकर समाज में बढ़ रही नफरत और भ्रम की राजनीति से ऊपर उठकर मोहब्बत और समझदारी को फैलाने की बात कही। धार्मिक सहिष्णुता और शांति को लेकर गंभीर चर्चा हुई, जिसमें एकजुट समाज की आवश्यकता पर जोर दिया गया। मौलाना ने नौजवानों को सही दिशा में मार्गदर्शन देने की जिम्मेदारी पर भी प्रकाश डाला। विधायक उमर अली खान ने अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि समाज को जोड़ने का काम सबसे बड़ा इबादत है। इस मुलाकात का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना था। दोनों ने एक-दूसरे के विच. ारों की सराहना की और एक-दूसरे से सीखने की भावना जताई। इस मुलाकात ने क्षेत्र में सौहार्द और समझदारी का सकारात्मक संदेश पहुँचाया। उपस्थित लोगों ने भी इस मुलाकघत को प्रेरणादायक बताया और ऐसी पहल को समय की जरूरत माना।

# निगम में शामिल 32 गांवों को मिले सुविधाः आशु

**देहात विधायक आशु मलिक ने नगर आयुक्त से की मुलाकात**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** देहात से सपा विधायक आशु मलिक ने सहारनपुर नगर निगम में हाल ही में शामिल किए गए 32 गांवों और कॉलोनियों की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण कर जनता की समस्याओं का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद उन्होंने नगर आयुक्त शिबू गिरी से भेंट कर क्षेत्रवासियों की गंभीर समस्याओं से अवगत कराया।



विधायक आशु मलिक ने बताया कि एकता कॉलोनी, दानिश कॉलोनी, गणपति कॉलोनी, गुलदस्ता कॉलोनी, काजीपुरा समेत कई क्षेत्रों में सड़कें बदहाल हैं, जगह-जगह जलभराव की स्थिति बनी हुई है और जलनिक. ासी की समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे आमजन को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जनता की तकलीफों को दूर करना उनकी प्राथमिकता है। हर समस्या का समाधान होगा, यही हमारा वादा है और यही हमारी लड़ाई है, उन्होंने कहा। विधायक आशू मलिक ने नगर आयुक्त षिबू गिरी से मांग की कि इन आउटर क्षेत्रों में जल्द से जल्द सड़क निर्माण, जलनिकासी और साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# खिलाड़ियों को संवारने में लगे जयंतः चौ.नीरपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** संयुक्त खेल मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रालोद खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व राज्यमंत्री चौ. नीरपाल सिंह का स्वागत किया।



अपने स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि हमारे नेता केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी खेलो के माध्यम से बच्चों का भविष्य संवारने में लगे हुए हैं। अपने नेता के निर्देश अनुसार ही खेल प्रकोष्ठ की टीम बच्चों को खेलो के प्रति जागरूक कर रही है। और बहुत जल्द हमारा ये अभियान गांव गांव घर घर पहुंचेगा। विनोद पहलवान ने कहा कि हमारी संयुक्त खेल मोर्चा की पूरी टीम खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए चौधरी नीरपाल सिंह को बधाई देती है। सही मायने में धरातल पर बच्चों को खेलो के प्रति जागरूक करने में राष्ट्रीय लो. कदल खेल प्रकोष्ठ की टीम बहुत सराहनीय कार्य कर रही है। इसके लिए हम राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह के साथ साथ प्रदेश अध्यक्ष दीपक तोमर व उनकी टीम को भी बधाई देते हैं।

इस अवसर पर विक्की चौधरी, परमजीत बालियान, भूपेन्द्र सिंह, विक्रांत सिंह, युवी सिंह उपस्थित रहे।

# नशे पर पुलिस करे प्रभावी कार्यवाहीः डीआईजी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** डीआईजी अभिषेक सिंह ने कहा कि नशे के बढते खतरों पर पुलिस प्रभावी अंकुश लगाये।

डीआईजी ने यह निर्देश नशे की रोकथाम के लिये आयोजित गोष्ठी में दिये। डीआईजी अभिशेक सिंह 4 अगस्त को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आयोजित मंडलीय समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों का विस्तार से उल्लेख करते हुए अधिकारियों को कई सख्त दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी व बिक्री पर रोकथाम के लिए ठोस, समन्वित व निरंतर कार्रवाई करने पर बल दिया। डीआईजी अभिषेक सिहने निम्न बिंदुओं पर विशेष निर्देश देने हुए कहा कि एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम को समुचित प्रशिक्षण दिया जाए, थानों को एएनटीएफ और एनसीबी के साथ समन्वय कर अभियान चलाने के निर्देश, अपराधियों को 'किंगपिन, मध्यस्थ और पैडलर के रूप में चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जाए, 50 ग्राम से अधिक स्मैक की बरामदगी पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कार्यवाही की जाए, पीआईटी व एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषियों की संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया अपनाई जाए, जिला ड्रग्स निरीक्षक से समन्वय कर प्रति. बंधित दवाओं की बिक्री पर रोक लगे, नारको टेररिज्म की आशंका को रोकने हेतु नेटवर्क को जड़ से खत्म किया जाए। डीआईजी अभिषेक सिंह ने दो टूक कहा कि नशे के विरुद्ध यह अभियान पूरी प्रतिबद्धता, दृढ़ता और त्वरित कार्यवाही के साथ लगातार चलता रहेगा, जिससे समाज को इस गंभीर खतरे से सुरक्षित रखा जा सके।



## तस्कर गिरफ्तार

**छुटमलपुर।** फतेहपुर थानाध्यक्ष सचिन पूनिया के कुशल नेतृत्व में फतेहपुर पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है।

आज पुलिस ने वसीम पुत्र जब्बार, निवासी ग्राम फतेहपुर भादो, थाना फतेहपुर, जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार किया। नशा तस्कर के कब्जे से 135 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर थाना फतेहपुर में मुक. दमा संख्या 178/25, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। नशा तस्कर को विधिक कार्रवाई के लिए माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। यह कार्रवाई नशा तस्करी के खिलाफ पुलिस की सख्ती को दर्शाती है। थानाध्यक्ष ने कहा कि नशे के अवैध कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए कार्रवाइयाँ जारी रहेंगी।

# क्रिकेट ट्रायल में खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनुपर।** स्पोर्ट फॉर स्कूल के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग और बेसिक शिक्षा विभाग के समस्त स्कूल के टी-20 के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। चयनित खिलाड़ियों को अगामी आठ अगस्त को प्रमाण पत्र वितरित किये जायेंगे।




आज भूतेश्वर कॉलेज के मैदान पर प्रारंभ हुआ, जिसमें विभिन्न स्कूलों की टीम खिलाड़ियों ने ट्रायल में प्रतिभाग किया, जिसमें प्रतिभाशाली छात्र है, उन छात्रों को चयनित किया जाएगा। 8 अगस्त को फाइनल ट्रायल होगा। इसका उद्देश्य ब्लॉक लेवल पर टीम का गठन करना उसके उपरांत जो लेवल पर टीमों का गठन किया जा रहा है उन 11 ब्लॉकों की टीम को आपस में मैच कर उन टीमों से प्रतिभाशाली खिलाड़ी को चयनित करना है। चयन के बाद जिले की टीम का गठन होगा मंडल के तीनों जिलों की टीमों को आपस में मैच कर उनसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी चयनित करेंगे। उसके उपरांत प्रदेश की टीम का चयन करेंगे, उन बच्चों को प्रदेश की टीम में भेजेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्रीयोगी नाथ आदित्य का यह बहुत बड़ा ड्रीम प्रोजेक्ट है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने ही इसका मुख्य उद्देष्य है। उसका चयन राष्ट्रीय हित में फाउंडेशन का मील पत्थर होगा। वहीं खिलाड़ी राष्ट्रीय एवंअंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल कर देश को अधिक से अधिक पदक दिलवाएंगे जिससे प्रदेश का नाम रोशन होगा और जिले में बच्चों की खेल की भावना उजागर होगी। सपोर्ट फॉर स्कूल का उद्देश्य है। 8 अगस्त को सभी चयनित बच्चों को सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

## कर्तव्य बोध कराया

**गंगोह।** गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी में मतदान प्रक्रिया द्वारा चुने गए छात्र प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई गई। छात्र प्रतिनिधियों को शपथ क माध्यम से कर्तव्य बोध भी कराया गया।

छात्र परिषद के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि प्रबंधक राकेश तायल ने चुने हुए पदाधिकारियों को बैज लगाकर तथा पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य संजय गुप्ता, उप प्रधानाचार्य पूजा सिंह, दीपक सैनी व कोआर्डिनेटर पारुल अग्रवाल ने बच्चों को तिलक लगाकर शुभकामनाएं दी। प्रबंधक ने बच्चों को हाउस ड्यूटीज के माध्यम से उनमें नेतृत्व क्षमता के विकास, जिम्मेदारी की भावना और अन्य कई क्षमताओं के विकास का मूल मंत्र दिया। प्रधानाचार्य ने विजेताओं को आशीष दिया। संगठन के महत्व और अनुशासन बनाकर देश के जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया।

# पांवधोई व ढमोले में बढ़ा जल स्तर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शहर के बीच से गुजरने वाली पांवधोई और ढमोला नदी का जल स्तर आज अचानक बढ गया। हांलाकि इससे खतरे वाली कोई बात नहीं है, बावजूद इसके प्रशासन हर स्थिति पर निगाहें रखे हुए है।



ऐतिहासिक पांवधोई नदी में आज सुबह से ही जल स्तर बढना शुरू हो गया था। अक्सर पांवधोई नदी में जल का स्तर कम ही रहता है। बरसात में इसके जल स्तर में ज्यादा बढोत्तरी नहीं होती, लेकिन आज अचानक ही नदी का जल स्तर बढना शुरू हुआ तो लोगों को पुराना दर्द याद आने लगा। धोबीघाट पर पांवधोई का जल दोनों ओर सडक पर आ गया। यहां तक की भूतेश्वर इंटर कालेज के प्रांगण में भी नदी का पानी घुस गया। हांलाकि इससे पढाई प्रभावित नहीं हुई। पांवधोई में पानी बढने की सूचना के बाद नगर मजिस्ट्रेट मौके पर पहुंचे और उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और अहतियात बरतने के निर्देश दिये।

वहीं ढमोला नदी का भी जल स्तर बढा है। शांति नगर क्षेत्र स्थित एक मंदिर में भी ढमोले का पानी घुस गया। बताते चले कि यह ढमोला नदी के पास का निचला इलाका है। जो सबसे पहले प्रभावित होता है। बहरहाल दोनों नदियों में बढे जल स्तर से जन जीवन को कोई खतरा नजर नहीं आ रहा है, लेकिन फिर भी प्रशासन हर स्थिति पर नजर बनाये हुए है।

# सीसी सड़क व नालियों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** कस्बे के जामा मस्जिद और मोहल्ला गाडान में नकुड़ एसडीएम सुरेंद्र कुमार ने नगर पंचायत द्वारा बनाई गई सीसी सड़क और नालियों का निरीक्षण किया।



कस्बे के मोहल्ला गाडान निवासी आरिफ अहमद ने नगर पंचायत द्वारा बनाई गई सीसी सड़क और नालियों को ठेकेदार द्वारा मानकों के अनुरूप निर्माण कार्य नहीं करने की शिकायत मंडल आयुक्त से लिखित में की थी सीसी सड़क और नाली निर्माण की जांच नकुड उपजिलाधिकारी को सौपी गई थी। बुंधवार को नकुड उपजिलाधिकारी सुरेन्द्र कुमार कस्बे में पहुंचे और जामा मस्जिद पर नगर पंचायत द्वारा बनाई जा रहे हैं सीसी सड़क का निरीक्षण किया।

उसके बाद उपजिलाधिकारी मोहल्ला गाडान में पहुंचे और शिकायत करता को साथ लेकर सीसी सड़क और नालियों का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान एसडीएम सुरेंद्र कुमार ने सड़क की गुणवत्ता, मोटाई और निर्माण प्रक्रिया का बारीकी से जायजा लिया। उपजिलाधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि शिकायत पर सीसी सड़क और नालियों का निरीक्षण किया है।

शिकायतकर्ता आरिफ अहमद ने बताया कि सड़क निर्माण में मानकों का पालन नहीं किया गया जिससे सड़क जल्दी खराब होने की आशंका है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उपजिलाधिकारी से मांग की है कि जांच में सीसी सड़क का निर्माण के समय का विडियो और फोटो, ठेकेदार के साथ बातचीत की ओडियो जांच में शामिल की जाए।ताकि जांच निष्पक्ष हो सके।

# रोमांचक दौर में दिखा सीबीएसई बॉस्केटबाल टूर्नामेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आशा मॉडर्न स्कूल में सीबीएसई बास्केट बॉल टूर्नामेंट के तीसरे दिन के अंडर-14, एंड अंडर-17 वर्गों के रोमांचक मुकाबले खेले गए।



आशा दीदी ने मैच की शुरुआत कराते हुए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा उन्हें शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद दिया। सभी प्रतिभागी टीमों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित किया। तीसरे दिन का आयोजन भी पूर्ण उत्साह, ऊर्जा एवं खेल भावना के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य दीपक राजा, डिप्टी उप प्रधानाचार्या श्रीमती एकता कपूर एवं अन्य अध्यापकगण व अध्यापिकाएँ उपस्थित थीं। आज चन्द्र नगर स्थित विद्यालय में आयाेजित प्रतियोगिता में अंडर-14 आयु वर्ग में इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने 33-12 अंकों से आर.ए.एन पब्लिक स्कूल को हराया। सेंट. फेडालिस स्कूल ने 24-12 अंकों से द खेतान स्कूल को हराया, निर्मला कॉन्वेंट स्कूल ने 21-12 अंकों से डी.पी.एस सेक्टर- 155 नोएडा को हराया। एस्टर पब्लिक स्कूल ने 23-05 अंकों से पैसिफिक वर्ल्ड स्कूल को हराया। चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल ने 29-08 अंकों से प्रेसीडियम स्कूल इंदिरापुरम को हराया और मयूर स्कूल ने 17-10 अंको से डीपीएस बिजनौर स्कूल को हराया। दूसरी ओर अंडर-17 आयु वर्ग में आशा मॉडर्न स्कूल ने 32-16 अंकों से मेमोनिक कॉन्वेंट स्कूल को हराया। गायत्री पब्लिक स्कूल ने 16-08 अंकों से रोमबस वर्ल्ड स्कूल को हराया। रेनबो स्कूल ने 13-08 अंको से डी.पी.एस देवबंद स्कूल को हराया। निस्कोरट एफ.आर ऐंजल स्कूल ने 25-08 अंकों से यदु पब्लिक स्कूल को हराया। आर.एस.डी अकादमी ने 38-17 अंको से निर्मला कॉन्वेंट स्कूल को हराया, के.आर मंगलम स्कूल ने 17-06 अंकों से एस्टर पब्लिक स्कूल को हराया, संतोष इंटरनेशनल स्कूल ने 18-06 अंको से बीएमएलएमजी मीडोस स्कूल को हराया। डी.पी.एस सेक्टर-30 ने 19-04 अंकों से तक्षशिला पब्लिक स्कूल को हराया। नेहरु वर्ल्ड स्कूल ने 36-08 अंको से संसार द वर्ल्ड अकादमी को हराया। डी.पी.एस.जी मेरठ रोड ने 18-00 अंकों से द इन्फिनिटी स्कूल को हराया।

# टैरिफ पर घमासान

आखिरकार टैरिफ को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बराबर दी जा रही धमकी से भारत का अब धैर्य टूटता दिखाई दे रहा है। ट्रम्प लगातार भारत पर भारी-भरकम टैरिफ और जुर्माना लगाने की धमकी दे रहे हैं। ऐसा वह इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि भारत रूस के साथ बड़ा कारोबार कर रहा है। बड़े पैमाने पर उससे तेल और गैस खरीद रहा है।

सैन्य सामानों में भी वह अमेरिका के सामने रूस को तरजीह दे रहा है। जबकि रूस इन सब बातों से शक्ति पाकर यूक्रेन के लोगों को मार रहा है। भारत ने काफी हद तक धैर्य से काम लिया और ट्रम्प की किसी भी बात का सीधे जवाब नहीं दिया, लेकिन इसका मतलब यह नहीं था कि भारत जवाब नहीं दे सकता, बल्कि भारत चाहता है कि सारा मामला कूटनीति स्तर से निपटे, जोकि सबसे बेहतर तरीका भी है, लेकिन बात बनती न देख सीधे सोमवार को अमेरिका व ई-यू को सीधे निशाने पर ले लिया और कहा कि यह देश स्वयं बड़े पैमाने पर रूस से कारोबार कर रहे हैं और हमें नसीहत दे रहे हैं। भारत का कहना है कि अमेरिका अभी भी रूस से यूरेनियम, हैक्साफ्लोराइट, खाद्य और कैमिकल्स मंगा रहा है।

जहां तक ईयू की है, पिछले 2024 में करीब 85 बिलियन यूरो का व्यापार किया। असल में सारा झगड़ा इस बात पर है भारत के लिए अमेरिका सबसे बड़ा आयातक रहा है और दोनों देशों के बीच वित्त वर्ष 2024 में करीब 130 अरब डॉलर का कारोबार हुआ है। इसमें 87 अरब डॉलर का निर्यात भारत की तरफ से अमेरिका को होता है, तो वहीं अमेरिका को भारत की तरफ से 42 अरब डॉलर के उत्पादों का आयात करता है। इस तरह व्यापार घाटा करीब 46 अरब डॉलर का है जो भारत के पक्ष में जाता है। अमेरिका को यही व्यापार घाटा खल रहा है और वह चाता है कि यह घाटा किसी भी कीमत पर कम किया जाए। इसी को कम करने के लिए अमेरिका बराबर टैरिफ की धमकी दे रहा है। डोनाल्ड ट्रम्प इस टैरिफ के जाल में इस तरह उलझ गए हैं कि उन्हें दोस्त दुश्मन में भी कोई अंतर नजर नहीं आ रहा है और वह अमेरिका के साथ अन्य देशों के संबंधों की परवाह नहीं कर रहे हैं। कई देशों से उनकी ठन सी गई दिखती है। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा तो उनसे इतने खफा हैं कि उन्होंने उनसे बात करने से ही मना कर दिया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्राजील पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है।

हालांकि ट्रम्प उनसे बातचीत करने की पेशकश कर चुके हैं, लेकिन लूला बात करने के लिए तैयार नहीं हैं। उनका कहना है कि वह चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग, भारत के प्रधानमंत्री मोदी से बात करना ज्यादा पसंद करेंगे। रूस के साथ व्यापार को लेकर अमेरिका का नाम लेने पर अब डोनाल्ड ट्रम्प कह रहे हैं कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं, जांच कराएंगे। सभी अपने-अपने विकल्प तलाश करते दिखाई दे रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ऐसे माहौल में इस समय रूस के मोस्को में मौजूद हैं। ऐसा भी कहा जा रहा है कि भारतीय विदेश मंत्री इस महीने के आखिर में रूस जा सकते हैं, जाहिर है भारत ने भी अपने पत्ते खोलने शुरू कर दिए हैं। अमेरिका ज्यादा हठधर्मी से काम लेगा तो भारत के लिए विकल्प खुले हैं।

## अडानी के खिलाफ जांच से मोदी चुप



अमेरिका में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चहेते उद्योगपति अडानी के खिलाफ जांच चल रही है, इसलिए श्री मोदी अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिल रही धमकियों का जवाब नहीं दे पा रहे हैं, श्री ट्रम्प की बार-बार की धमकियों पर श्री मोदी की चुप्पी अमेरिका, अडानी और रूस के बीच वित्तीय संबंधों का खुलासा भी करती है, यही वजह है कि ट्रम्प के सामने श्री मोदी खड़े नहीं हो पा रहे हैं, भारत, कृपया समझे, प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रपति ट्रम्प की बार-बार की धमकियों के बावजूद, उनके सामने खड़े नहीं हो पा रहे हैं, मकी मोदी, एए और रूसी तेल सौदों के बीच वित्तीय संबंधों को उजागर करती है। मोदी के हाथ बंधे हुए हैं।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# हमें सिर्फ कश्मीर चाहिए, कश्मीरी नहीं





**पवन सिंह**

देश के नागरिकों की रूचि इस हकीकत को जानने में होगी कि सत्तारूढ़ दल की नजरों में कश्मीर और कश्मीरियों की हैसियत क्या है ? क्या वही है जो दुनिया के सामने प्रदर्शित की जाती है या कुछ अलग है ? उस कश्मीर की जिस पर हक़ को लेकर पाकिस्तान अगरजुबान भी खोलता है तो देशभक्तों का खून खौलने लगता है। भगवा तलवारें म्यानों से बाहर आने लगतीं हैं।

सवाल यह है कि हुक्मरानों और उनके समर्थकों की नजरों में क्या कश्मीर धरती पर बसा कोई स्वर्ग है? एक सैरगाह है या केवलजमीन का टुकड़ा है और इसी के साथ यह कि उनकी नजरों में वहां बसने वाले कश्मीरियों की औकात क्या है? क्या उन्हें भी विशालभारत देश की आत्मा का ही हिस्सा माना जाता है या फिर उनकी मौजूदगी में किसी अदृश्य पाकिस्तान की हरदम तलाश चलती रहती है? यानी हमें कश्मीर की तो जरूरत है कश्मीरियों की नहीं?

कश्मीर और कश्मीरियों के दर्द को समझने के लिए हमें 29 जुलाई की रात लोकसभा में दिए गए सिर्फ छह मिनटों के एक भाषण कीआत्मा में प्रवेश करना पड़ेगा। ऑपरेशन सिंदूर पर हुई धुआंधार बहस का यह दूसरा दिन था। देर रात हो चुकी थी, सदन लगभगखाली-सा था फिर भी कुछ सांसद थे जिन्हें बोलना था और सुनना था।

यह भाषण नगर से चुने गए नेशनल कांफ्रेंस के बेहतरीन सांसद आगा रूहुल्ला मेहंदी ने दिया था। मेहंदी अपनी गैर-सांप्रदायिकराजनीति के लिए पूरी कश्मीर घाटी में एक खास पहचान रखते हैं। मेहंदी ने सिर्फ छह मिनटों में अपनी बात को इतने ताकतवर लहजे मेंरख दिया कि प्रधानमंत्री पौने दो घंटों में भी नहीं रख पाए होंगे।

मेहंदी के कहे को अगर सार में बताना हो तो उन्होंने कहा पहलगाम में जब खूनी दहशतगर्दी हुई तो उसके खिलाफ पूरी घाटी सड़कों परनिकल आई, दुकानें और रोजगार बंद हो गए। घाटी की जनता को पता है कि खून का बहना क्या होता है, कत्ल क्या होता है। कश्मीर के लोगों ने अपनी जिम्मेदारी पूरी निभाई।

सांसद मेहंदी ने आगे कहा अफसोस इस बात का है कि जब भी इस तरह की घटनाएं होतीं हैं पाकिस्तान के साथ जंग छिड़ने के पहले कश्मीर के अवाम के साथ जंग छेड़ दी जाती है। बाकीयों के साथ बाद में छेड़ी जाती है। पुलवामा (14 फरवरी 2019) के लोग जब आज भी नगर के लिए ट्रैवल करते हैं, हर पांच किलोमीटर पर उनकी गाड़ियों को रोका जाता है।

पहलगाम के वाकए के बाद भी ऐसा ही हुआ। बाकी के साथ जंग बाद में छेड़ी गई कश्मीर के अवाम के साथ पहले छेड़ दी गई। दो हजार से ज्यादा लोगों को किसी भी कानून का लिहाज किए बगैर घरों से उठाकर जेलों में बंद कर दिया गया। देश के अलग-अलग हिस्सों में सौ से ज्यादा कश्मीरियों को पीटा गया, सड़कों से हटाया गया और उनकी दुकानें बंद करवाई गई। सिर्फ शक की बुनियाद पर कश्मीर में 12 घरों में यह मानकर ब्लास्ट कर दिया गया कि वे मुलजिमों के हो सकते हैं।

सत्ता पक्ष के सांसद अपना धैर्य खोने लगे थे, उनके सब्र का बांध टूटने लगा था। दो दिन से चल रही बहस के दौरान किसी ने भी ऐसे सवाल नहीं उठाए थे जो सांसद मेहंदी पूछ रहे थे। मेहंदी ने जब सत्ता पक्ष की ओर रुख करते हुए सवाल किया कि क्या कश्मीर आपके के लिए सिर्फ एक जमीन है? क्या मुल्क में कोई कानून है? सत्ता पक्ष की बेंचों की तरफ से किसी की आवाज सुनाई दी' तो इसमें गलत क्या है?'

जवाब सुनकर सांसद मेहंदी बिफर पड़े। अब तक सदन में शोर बढ़ने लगा था और काफी गर्माहट पैदा हो चुकी थी। अपनी सीट पर वापस बैठने से पहले मेहंदी ने पलटवार करते हुए आखिरी बात कह दी तो यही है कश्मीर आपके लिए। यह है आपकी हकीकत? यही है आपकी जम्हूरियत?

यकीन किया जाना चाहिए कि सांसद मेहंदी के द्वारा कही गई एक-एक बात 29 जुलाई की कार्रवाई के रिकॉर्ड में दर्ज हुई होगी। मेहंदी जब पुलवामा का जिक्र कर रहे थे, मुझे रह-रहकर याद आ रहा था कि उस हादसे के दौरान किस तरह देश के अलग-अलग हिस्सों में कश्मीर से आकर अध्ययन करने वाले बच्चों और छोटे-बड़े व्यापारियों के साथ मारपीट की गई थी। उन्हें आतंकवादी बताया गया था। उन्हें अपने घरों को वापस लौटने की धमकियां दी गईं थीं। सीआरपीएफ की हेल्पलाइन की मदद से उन्हें वापस भेजा गया था।

पुलवामा के कोई एक सप्ताह बाद (23 फरवरी 2019 को) राजस्थान के टोंक में हुई चुनावी सभा में पीएम ने कहा था हमारी लड़ाई आतंकवाद के खिलाफ है। कश्मीर और कश्मीरियों के खिलाफ नहीं है। देश के किसी भी कोने में कश्मीरी बच्चों के साथ बुरा व्यवहार नहीं होना चाहिए। वे अपने ही हैं। पीएम के कहे के बावजूद कश्मीरियों के खिलाफ तब हिंसा की घटनाएं बंद नहीं हुईं थी।

पहलगाम हादसे के बाद कश्मीरियों के खिलाफ घाटी-स्थित उनके घरों और देश के विभिन्न हिस्सों में हुई हिंसा की घटनाओं के खिलाफ पीएम ने न तो संसद के भीतर कुछ कहा और न ही बाहर किसी सभा में। सांसद आगा मेहंदी जब लोकसभा में बोल रहे थे मोदी उपस्थित नहीं थे। उन्हें बाद में तो पता चला ही होगा कि क्या कहा गया। क्या ऐसा मान लिया जाए कि सत्ता पक्ष की बेंचों ओर से किसी के द्वारा की गई टिप्पणी तो गलत क्या है? सरकार की भी मौन सहमति है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सवाल जांच एजेंसियों की विश्वसनीयता का

**जाहिर है इस कथन के तहत जांच एजेंसियों की रिपोर्ट्स का अति सूक्ष्म अध्यन व गवाहों से भरसक जिरह करना अदालत का दायित्व है परन्तु हम जांच एजेंसियों की दोषसिद्धि दर की भी अनदेखी नहीं कर सकते। मिसाल के तौर पर जब विपक्षी नेताओं के विरुद्ध सीबीआई और ईडी की कार्रवाई करती है तो सजा की दर केवल एक प्रतिशत होती है। जैसा कि राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में बताया गया था। हो सकता है कि यह आंकड़ा विशेष रूप से राजनीतिक मामलों तक ही सीमित हो परन्तु इसका दूसरा अर्थ यह भी है कि क्या जांच एजेंसियों की कार्रवाइयां भी पूर्वाग्रह से प्रेरित तथा सत्ता के इशारे पर की जाती हैं? इसी तरह आतंकवाद से संबंधित मामलों में ठोस सबूत जुटाना मुश्किल होता है, क्योंकि कई बार गवाह डर के कारण सामने नहीं आते या सबूत अपर्याप्त होते हैं। तो भी आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। कई बार हमारे देश में लंबी व जटिल कानूनी प्रक्रिया के चलते ATS द्वारा गिरफ्तार किए गए संदिग्धों को निचली अदालतों में सजा मिलती है, लेकिन उच्च न्यायालयों या सर्वोच्च न्यायालय में अपील के बाद वे बरी हो जाते हैं।**



**निर्मल रानी**

पिछले कुछ दिनों के भीतर विभिन्न न्यायालयों द्वारा कई बहुचर्चित व हाई प्रोफाइल मामलों से संबंधित कई ऐसे फैसले सुनाए गए, जिससे एक बार फिर जांच एजेंसियों की कारगुजारियों पर सवाल उठने लगे हैं। सवाल भी दो तरह के। एक तो यह कि यदि सम्बद्ध मामले में अदालत के अनुसार आरोपी बेगुनाह थे तो आखिर अपराध करने वाले कौन थे? उन्हें सामने लाने की जिम्मेदारी आखिर किस एजेंसी की है ? और दूसरा बड़ा सवाल यह कि लंबे समय तक जेल में रहने, कथित रूप से प्रताड़ना सहने, पूरे समाज में अपनी व अपने परिवार की बदनामी उठाने, इतने वर्षों तक अपने काम काज से मुक्त होकर जांच व जेल का सामने करने गोया आरोपियों का पूरा जीवन बर्बाद होने की भरपाई कैसे हो और कौन करेगा इसकी भरपाई ?

गत 21 जुलाई को बॉम्बे हाई कोर्ट की जस्टिस अनिल किलोर और जस्टिस श्याम चांडक की विशेष पीठ ने 2006 के मुंबई ट्रेन ब्लास्ट मामले से संबंधित मामले में 19 साल बाद, ऐतिहासिक फैसला सुनाया। इस फैसले में 12 में से 11 आरोपियों को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया, जबकि कमाल अहमद अंसारी नाम के एक आरोपी की 2021 में कोरोना के चलते जेल में ही मृत्यु हो चुकी थी। गौरतलब है कि 11 जुलाई 2006 को मुंबई की लोकल ट्रेनों में केवल 11 मिनट के भीतर सात स्थानों पर सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे। इन धमाकों में 189 बेगुनाह लोग मारे गए थे तथा 800 से अधिक घायल हुए थे। यह बम धमाका मुंबई की उन लोकल ट्रेन्स को लक्षित करके किया गया था, जिसमें रोजाना लाखों यात्री सफर करते हैं।

इसी तरह का दूसरा फैसला गत 31 जुलाई 2025 को मुंबई की विशेष राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए की अदालत ने सुनाया। यह मामला 29 सितम्बर 2008 को महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव में हुए बम धमाके से संबंधित था। मालेगांव बम विस्फोट मामले में 17 साल बाद सुनाए गए इस फैसले में भी अदालत ने सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। मुस्लिम बहुल इलाके में हुए इस मोटरसाइकिल बम विस्फोट में फरहीन उर्फ शगुफ्ता शेख लियाकत, शेख मुश्ताक यूसुफ, शेख रफीक मुस्तफा, इरफान जियाउल्लाह खान, सैयद अजहर सैयद निसार और हारून शाह मोहम्मद शाह जैसे 6 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 100 से अधिक लोग घायल हुए थे। 29 सितंबर 2008 को रमजान के पवित्र महीने और नवरात्रि से ठीक पहले, मालेगांव के भीकू चौक पर एक मोटरसाइकिल में बम विस्फोट कर इस घटना को अंजाम दिया गया था।

इस घटना के बाद देश में व्यापक विवाद व सांप्रदायिक तनाव पैदा हो गया था। यही वह घटना थी जिसमें प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद कांत पुरोहित, रिटायर्ड मेजर रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी जैसे लोगों पर गैर कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम UAPA, भारतीय दंड संहिता IPC और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए थे। अभियोजन पक्ष ने यह दावा किया था कि जिस मोटरसाइकिल में विस्फोटक लगाकर उड़ाया गया था वह प्रज्ञा ठाकुर के नाम पर थी जबकि कर्नल पुरोहित ने विस्फोटक सामग्री यानी आरडीएक्स उपलब्ध कराई थी। उस समय एटीएस ने यह दावा भी किया था कि यह हमला दक्षिणपंथी संगठन अभिनव भारत की साजिश के तहत किया गया था।

इसी तरह एक और बहुचर्चित मामला दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन से जुड़ा है। गत 4 अगस्त 2025 को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सत्येंद्र जैन के खिलाफ एक मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार कर ली। इस मामले में सत्येंद्र जैन पर लोक निर्माण विभाग में अनियमित नियुक्तियों का आरोप था परन्तु अदालत ने पिछले दिनों इसी मामले में अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि सीबीआई को लंबी जांच के बाद भी जैन के खिलाफ कोई आपराधिक सबूत नहीं मिले। अब आरोप लग रहा है कि ईडी ने जैन के विरुद्ध बिना ठोस सबूतों के कार्रवाई की, क्योंकि ED ने जैन के घर से नकद या सोना बरामद होने का जो दावा किया था अदालत ने उन दावों को ही झूठा माना और ईडी को फटकार भी लगाई। इन आरोपों में अपनी संलिप्तता से पूर्व दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य, बिजली, गृह और पी डब्लू डी जैसे महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री जैसे गरिमामई पद पर थे।

उदाहरणार्थ उपरोक्त तीनों मामलों का जिक्र यहां इसीलिए किया जा रहा है, क्योंकि यह मामले न केवल है प्रोफाइल थे बल्कि इन मामलों का गहरा सम्बन्ध देश की राजनीति से भी था। मीडिया में इन सभी मामलों ने भरपूर सुर्खियां बटोरी थीं और पक्षपाती मीडिया ने भी इन मामलों में अपने तरीके से मीडिया ट्रायल भी चलाया था। अन्यथा निश्चित रूप से ऐसे और भी फैसले आए दिन होते होंगे जिनमें वर्षों तक जेल भुगतने के बाद या जेल में मौत हो जाने के बाद आरोपियों को सुबूतों, साक्ष्यों व गवाहों के अभाव के चलते बरी कर दिया जाता हो। इन परिस्थितियों में कुछ महत्वपूर्ण सवाल उठने लाजिमी हैं। अदालतें यदि किसी भी आरोपी को साक्ष्यों व गवाहों के अभाव के कारण बरी करती हैं तो वह निश्चित रूप से स्वागत योग्य है, क्योंकि हमारे देश की न्याय व्यवस्था का यह कथन है कि भले ही सौ गुनहगार रिहा हो जाएं परन्तु किसी एक भी बेगुनाह को सजा नहीं होनी चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रक्षाबंधन: नारी रक्षा का संकल्प, एक सामाजिक चेतना

भारत की सांस्कृतिक परंपराओं और त्योहारों की भूमि पर रक्षाबंधन एक ऐसा पर्व है जो केवल भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज में आत्मीयता, कर्तव्यबोध और नैतिक मूल्यों के पुनर्संवेदन का पर्व है। यह पर्व नारी अस्मिता, समानता, सुरक्षा और प्रेम की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है। राखी का धागा जितना कोमल दिखता है, उतनी ही उसमें गहराई और दृढ़ता होती है, यह एक ऐसा लौकिक बंधन है, जो प्रेम, आदर्शों और जिम्मेदारियों से बंधा होता है।

रक्षाबंधन कोई साधारण पर्व नहीं, यह आदर्शों का हिमालय है, संकल्पों का सोपान है। यह पर्व सिर्फ भाई-बहन के प्रेम की रस्म नहीं, बल्कि पुरुष समाज द्वारा नारी को आश्वस्त करने, उसका मान-सम्मान बनाए रखने की शपथ का दिन है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि नारी केवल स्नेह की पात्र नहीं, वह शक्ति, श्रद्धा और समाज की दिशा तय करने वाली एक सशक्त प्रेरणा भी है। आज जब महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में बुलंदियों को छू रही हैं, सेना से लेकर विज्ञान, शिक्षा से लेकर खेल तक तब रक्षाबंधन उन्हें केवल भावनात्मक सुरक्षा नहीं, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक सम्मान दिलाने का भी माध्यम बनता है।

रक्षाबंधन की महत्ता को समझने के लिए उसके ऐतिहासिक संदर्भों को जानना आवश्यक है। भविष्य पुराण में उल्लेखित कथा के अनुसार जब देव-दानव युद्ध में दानव भारी पड़ने लगे, तब इंद्राणी ने अपने पति इन्द्र की रक्षा हेतु रेशम का धागा मंत्रों के साथ उनके हाथ पर बांधा, जिससे इंद्र विजई हुए। मुगल काल में रानी कर्मवती ने जब चितौड़ पर संकट देखा, तो बादशाह हुमायूं को राखी भेजकर रक्षा की याचना की। हुमायूं ने धर्म, संप्रदाय और सत्ता से ऊपर उठकर उस धागे की लाज रखी और चितौड़ की रक्षा में अपनी ताकत झोंक दी।

महाभारत में जब भगवान कृष्ण की उंगली से रक्त बहा, द्रौपदी ने अपनी साड़ी का पल्लू फाड़कर पट्टी बांध दी। कृष्ण ने उस प्रेम को जीवन भर निभाया और चीरहरण के समय द्रोपदी की रक्षा की। यह केवल ऋण चुकता नहीं था, यह आदर्शों की प्रतिज्ञा थी। इसी तरह सिकंदर और पुरू की कथा इस बात को दर्शाती है कि राखी का एक धागा युद्ध भूमि में भी जीवनदान का कारण बन सकता है। यह प्रसंग हमें बताते हैं कि राखी केवल प्रेम का प्रतीक नहीं, बल्कि रक्षा, आदर्श और सम्मान की जीवंत प्रतिमा है।

रक्षाबंधन आज सिर्फ पारंपरिक पर्व नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक आंदोलन जैसा है, लेकिन दुख इस बात का है कि इस पर्व की आत्मा धीरे-धीरे खोती जा रही है। आज बहनों के लिए यह पर्व सजने-संवरने और उपहार पाने का माध्यम बनता जा रहा है, जबकि भाइयों के लिए यह केवल एक औपचारिकता बनकर रह गया है। राखी के धागों की वह पवित्रता, भावनाओं की वह गहराई, अब कम होती जा रही है। यह पर्व अब बाजारवाद और दिखावे के जाल में उलझता नजर आ रहा है। इस बदलती सोच को थामना और मूल भावनाओं को पुन: प्रतिष्ठित करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस पर्व का मूल उद्देश्य नारी के प्रति श्रद्धा, सुरक्षा और कर्तव्य का निर्वहन है न कि केवल उपहार और दिखावे का आदान-प्रदान। भाइयों को चाहिए कि वे बहन की रक्षा की शपथ केवल शब्दों में नहीं, जीवन के प्रत्येक व्यवहार में निभाएं। बहनें भी राखी को केवल संबंध या औपचारिकता न समझें, बल्कि इस पर्व को नारी स्वाभिमान और सामाजिक बदलाव के एक माध्यम के रूप में लें। आज जब समाज में महिलाओं के साथ अपराध बढ़ रहे हैं, जब बच्चियों से लेकर वृद्धाओं तक को भय और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है, तब रक्षाबंधन एक ऐसा अवसर है जब हम केवल बहन नहीं, संपूर्ण नारी समाज की रक्षा का संकल्प लें।



एक ऐसा संकल्प जो केवल राखी तक सीमित न हो, बल्कि जीवन भर के आचरण में झलके। यह पर्व हमें यह संदेश देता है कि नारी केवल स्नेह की नहीं, सम्मान की अधिकारिणी है। रक्षाबंधन भारत के विभिन्न अंचलों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। उत्तर भारत में यह भाई-बहन के रिश्ते का पर्व है, वहीं महाराष्ट्र में नारली पूर्णिमा के रूप में समुद्र देवता को नारियल अर्पण कर मछुआरे समुद्र से अपने रिश्ते की रक्षा की प्रार्थना करते हैं। दक्षिण भारत में 'अवनी अविट्टम' के रूप में यह ब्राह्मणों का यज्ञोपवीत संकल्प का पर्व है। वहीं स्कन्द पुराण और मद्भागवत में उल्लिखित वामन अवतार की कथा में रक्षाबंधन को 'बलेव' के रूप में जाना जाता है, जब भगवान विष्णु ने तीन पग भूमि मांगकर राजा बलि का अभिमान तोड़ा था। इन सब कथाओं में एक ही संदेश है-अहंकार के स्थान पर समर्पण, दंभ के स्थान पर रक्षा और स्वार्थ के स्थान पर सेवा। आज रक्षाबंधन जैसे भावनात्मक और सांस्कृतिक पर्व भी कृत्रिम बुद्धिमता एवं संचार-क्रांति की आंधी में अपनी मूल आत्मा और संवेदना खोते जा रहे हैं। उपहारों की होड़, ब्रांडेड राखियों का प्रदर्शन, सोशल मीडिया पर दिखावे की होड़ ने इस पर्व को एक उपभोक्तावादी उत्सव में बदल दिया है। जहां पहले राखी एक भावनात्मक संबंध का प्रतीक थी, वहीं आज यह अधि. कतर लेन-देन और औपचारिकता का माध्यम बनती जा रही है। इस प्रवृत्ति से पर्व की आत्मा, जिसमें बहन के प्रेम और भाई की जिम्मेदारी का गहन बोध निहित था, वह पीछे छूटता जा रहा है। इसलिए आवश्यक है कि हम रक्षाबंधन की प्रासंगिकता को केवल उपहारों और खर्च की दृष्टि से नहीं, बल्कि नारी सम्मान, आत्मीय रिश्तों और सामाजिक जिम्मेदारियों के दृष्टिकोण से समझें और मनाएं।

राखी का पर्व हमें मानवीय रिश्तों की फिर से व्याख्या करने का अवसर देता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि हर स्त्री हमारी बहन है, समाज की, संस्कृति की, मानवता की। उसकी रक्षा केवल सामा. जिक कर्तव्य नहीं, बल्कि मानवीय धर्म है। जब हर पुरुष स्त्री के प्रति अपने कर्तव्य को राखी की तरह पवित्र समझेगा, जब हर बहन अपने भाई में केवल उपहार देने वाला नहीं, बल्कि एक मूल्य-धारी रक्षक देखेगी, तब रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, एक क्रांति का आरंभ बनेगा। रक्षाबंधन कोई मंच या मंचन नहीं है। यह प्रदर्शन का नहीं, आत्मचिंतन का पर्व है। हमें इस पर्व को बाजारवाद और औपचारिकता से निकालकर पुन: उसकी असली पहचान देना होगा। यह प्रेम और कर्तव्य के बीच की एक खूबसूरत कड़ी है। इस बार राखी के धागों को केवल कलाई तक न सीमित रखें, इन्हें हृदय से बांधें, ताकि यह पर्व भाई-बहन के रिश्तों से आगे बढ़कर पूरे समाज में एक सशक्त और सुरक्षित वातावरण का निर्माण कर सके। तभी राखी के यह धागे सच्चे अर्थों में आदर्श बनेंगे और संकल्पों का सोपान।

**-ललित गर्ग**

# रूस से अमेरिकी खरीद पर ट्रम्प अंजान

## पत्रकार के सवाल का अमेरिकी राष्ट्रपति ने कोई जवाब नहीं दिया




**वाशिंगटन।/नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नहीं जानते हैं कि अमेरिका रूस से क्या खरीद रहा है। रूस से अमेरिका के केमिकल और खाद आयात करने के सवाल पर ट्रम्प ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं हैं। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्राकारों के सवाल पर कहा कि मुझे इसके बारे में कुछ नहीं पता।

हमें इसकी जांच करनी होगी। यह बयान तब आया जब भारत ने सोमवार को कहा था कि अमेरिका अब भी रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, खाद और केमिकल्स मंगा रहा है। ट्रम्प ने इससे एक दिन पहले भी उन्होंने कहा था कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीद कर ओपन मार्केट में बेच रहा है। भारत को इस बात की कोई परवाह नहीं है कि रूस के हमले से यूक्रेन में कितने लोग मारे जा रहे हैं। इस वजह मैं भारत पर टैरिफ में भारी इजाफा करूंगा। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत रूस से सिर्फ 0.2 प्रतिशत (68 हजार बैरल प्रतिदिन) तेल इंपोर्ट करता था। मई 2023 तक यह बढ़कर 45 प्रतिशत (20 लाख बैरल प्रतिदिन) हो गया, जबकि 2025 में जनवरी से जुलाई तक भारत हर दिन रूस से 17.8 लाख बैरल तेल खरीद रहा है। पिछले दो साल से भारत हर साल 130 अरब डॉलर (11.33 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा का रूसी तेल खरीद रहा है।

> ■ भारत ने कहा था: रूस से यूरेनियम-खाद ले रहा यूएस-निक्की हेली बोलीं: भारत से रिश्ते खराब न करें
> ■ भारतीय एनएसए डोभाल मास्को पहुंचे, भारत रूसी तेल का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार

भारतीय-अमेरिकी रिपब्लिकन नेता निक्की हेली ने ट्रम्प पर निशाना साधते हुए कहा है कि अमेरिका को भारत जैसे मजबूत सहयोगी के साथ रिश्ते खराब नहीं करने चाहिए और चीन को छूट नहीं देनी चाहिए। साउथ कैरोलीना की पूर्व गवर्नर हेली ने एक्स पर लिखा कि भारत को रूस से तेल खरीदने से रोका जा रहा है, लेकिन चीन, जो विरोधी है और रूसी-ईरानी तेल का नंबर एक खरीदार है, उसे 90 दिन के लिए टैरिफ से छूट दी गई है। चीन को छूट न दें। भारत जैसे मजबूत सहयोगी के साथ संबंध खराब न कीजिए। निक्की हेली ट्रम्प की रिपब्लिनकन पार्टी की नेता हैं। वे संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजनयिक भी रह चुकी हैं। निक्की हेली ट्रम्प की रिपब्लिनकन पार्टी की नेता हैं।

वे संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजनयिक भी रह चुकी हैं। भारत और अमेरिका के बीच रूस से तेल खरीद को लेकर बढ़ते तनाव के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल रूस की राजधानी मास्को पहुंचे हैं। हालांकि, उनका यह दौरा पहले से तय था। डोभाल के दौरे का मकसद भारत-रूस संबंधों को और मजबूत करना है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस महीने के आखिर तक विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मास्को जा सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत का रूसी तेल खरीदना दोनों देशों के लिए फायदेमंद रहा है। यूक्रेन युद्ध से पहले रूस अपना क्रूड आयल यूरोपीय यूनियन की तरफ से तय 60 डॉलर प्रति बैरल की कीमत पर बेचता था, लेकिन वार के बाद से भारत इसे छूट पर खरीदता है।

# भारत को लेकर ट्रम्प का दोगलापन

**नई दिल्ली।** रूस से कारोबार को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार भारत पर भारी-भरकम टैरिफ और जुर्माना लगाने की धमकी दे रहे हैं।

भारत ने बीते कुछ महीनों से लगातार अपनी स्वतंत्र विदेश नीति का हवाला देते हुए रूस से तेल और हथियारों की खरीद को लेकर किसी भी दबाव में न झुकने की बात कही है। हालांकि, ट्रम्प की तरफ से लगातार तीखी होती टिप्पणियों के बाद भारत ने पहली बार पलटवार किया और भारत को निशाना बनाए जाने को अन्यापूर्ण और अनुचित करार दे दिया। नई दिल्ली ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ रूस-यूक्रेन संघर्ष जारी रहने के बावजूद रूस से अलग-अलग उत्पाद खरीद रहे हैं। भारत ने अमेरिका पर परमाणु कार्यक्रम के लिए उत्पाद खरीदने और ईयू पर ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए रूस से लगातार कारोबार जारी रखने की बात कही। साथ ही तेल खरीद के लिए भारत को

### रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद यूएस-यूरोप का मास्को से कितना कारोबार, आंकड़े खोल रहे पोल

बेवजह निशाना बनाए जाने की आलोचना की। भारत की तरफ से अमेरिका और ईयू को इस तरह तथ्यों के साथ जवाब देने की मुख्यत: दो वजहें हैं। पहला: ट्रम्प ने हाल ही में रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर टैरिफ के साथ-साथ जुर्माना लगाने की धमकी दी है। उन्होंने एक न्यूज चैनल के साथ इंटरव्यू में कहा कि भारत पर बढ़े हुए टैरिफ का एलान अगले 24 घंटे में हो सकता है। दूसरी तरफ यूरोपीय संघ ने जुलाई के अंतिम हफ्ते में भारत की बड़ी तेल रिफाइनिंग कंपनी नायरा पर प्रतिबंध लगाने का एलान किया था। इतना ही नहीं ईयू ने भारत से रिफाइन होकर आने वाले रूसी तेल के आयात को भी प्रतिबंधित कर दिया था। ईयू के इस फैसले के बाद अमेरिकी कंपनी माइक्रोसाफ्ट ने नायरा एनर्जी के अकाउंट्स को बंद कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### कैलिफ़ोर्निया में जंगल में लगी आग से सैकड़ों इमारतें खतरे में

**लॉस एंजिल्स।** मध्य कैलिफ़ोर्निया में तेज़ी से फैल रही एक जंगल की आग से सैकड़ों इमारतों के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आग ने पांच दिनों से भी कम समय में 82000 एकड़ (लगभग 332 वर्ग किमी) से जयादा क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया है। अमेरिकी वन सेवा और कैलिफ़ोर्निया वानिकी एवं अग्नि सुरक्षा विभाग के अनुसार, गिफ़र्ड फ़ायर नामक यह जंगल की आग शुक्रवार अपराह्न भड़की थी।

### चीन के गुआंगझो में भूस्खलन में सात लोग लापता

**गुआंगझो।** दक्षिणी चीन के गुआंगझो प्रांत की राजधानी गुआंगझो में बुधवार सुबह बारिश के बाद हुए भूस्खलन में सात लोग लापता हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे हुए इस भूस्खलन में बेयून जिले के दायुआन गांव में कई मकान ध्वस्त हो गए और कुल 14 लोग वहां फंस गए। दोपहर तक सात लोगों को मलबे से बाहर निकाल लिया गया और इन सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है। इस हादसे के बाद आस-पास के सभी घर खाली करा लिए गए हैं। अन्य लापता लोगों की तलाश जारी है।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 14 मछुआरों को गिरफ्तार किया

**चेन्नई।** श्रीलंका की नौसेना ने बुधवार को तमिलनाडु के 14 मछुआरों को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वे समुद्र में मछली पकड़ रहे थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रामनाथपुरम जिले के ये मछुआरे कल रात मछली पकड़ने के लिए समुद्र में गए थे तभी श्रीलंकाई नौसेना के जवानों ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पार करने के बाद अपने जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। मछुआरे कच्चातीवु द्वीप के पास दो नावों (एक नाव में दस और दूसरी में चार) में मछली पकड़ रहे थे, तभी उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और उनकी नावों को श्रीलंकाई नौसेना ने जब्त कर लिया।

### मछलियों के जीवन चक्र में आ रहा है बदलाव: विशेषज्ञ

**कोच्चि।** वैज्ञानिकों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन से मछलियों के जीवन चक्र में बदलाव हो रहा है जिससे मछलियों की प्रजनन दर प्रभावित हो रही है। केन्द्रीय समुद्रीय मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थ्थान के निदेशक के निदेशक डॉ. ग्रिसन जॉर्ज ने यह चौंकाने वाली जानकारी यहां आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में दी।

# गाजा में इजरायली हमलों में 83 फलस्तीनी मारे गए

## मृतकों में उत्तरी, मध्य और दक्षिणी गाजा में सहायता के लिए प्रतिक्षा कर रहे 58 लोग शामिल

**गाजा/बेरूत।** गाजा में मंगलवार को इजरायली हमले में कम से कम 83 फलस्तीनी मारे गए। गाजा नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ से कहा कि मृतकों में उत्तरी, मध्य और दक्षिणी गाजा में सहायता के लिए प्रतीक्षा कर रहे 58 लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इज़रायली हमलों में कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए गाजा के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

इन घटनाओं पर इज़रायली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। इस बीच, हमास की सशस्त्र शाखा, अल-क़स्साम ब्रिगेड ने एक बयान में कहा कि उसने अल-कुद्स ब्रिगेड और नासिर ब्रिगेड के साथ मिलकर गाजा पट्टी के दक्षिण में खान यूनिस के उत्तर में इज़रायली सैनिकों और वाहनों को मोर्टार के गोले दागे हैं।

> ■ पूर्वी लेबनान के ब्रिटल गांव में वाहन पर इजरायली ड्रोन हमले में हिजबुल्ला का सदस्य मारा गया

गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि 18 मार्च को इज़रायल द्वारा गाजा में तीव्र हमलों को फिर से शुरू करने के बाद से कम से कम 9519 फलस्तीनी मारे गए हैं और 38630 अन्य घायल हुए हैं। इसके बाद अक्टूबर 2023 से गाजा में इजरायल की ओर से शुरू किये गए अभियान में मरने वालों फलस्तनीनियों की कुल संख्या 61020 हो गई है और 150671 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 24 घंटों में भुखमरी और कुपोषण के कारण आठ नई मौतें दर्ज की गईं, जिससे अक्टूबर 2023 से इस तरह की कुल मौतों की संख्या 188 हो गई, जिनमें 94 बच्चे शामिल हैं। दूसरी ओर पूर्वी लेबनान के ब्रिटल गांव में मंगलवार को एक वाहन पर इजरायली ड्रोन हमले में हिजबुल्ला का एक सदस्य मारा गया। लेबनानी सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि मृतक हुसम घरायब हिजबुल्ला का सैन्य कार्यकर्ता था। एक अलग घटनाक्रम में, स्थानीय टीवी चैनल अल-जदीद ने बताया कि लेबनानी कैबिनेट ने मंगलवार को सेना को हिजबुल्लाह को हथियारविहीन करने के लिए एक योजना का मसौदा तैयार करने का काम सौंपा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस वर्ष के अंत तक सभी हथियार सरकार के पूर्ण नियंत्रण में हों। सेना को यह योजना इस माह के अंत तक कैबिनेट को सौंपने के लिए कहा गया है।

# अमेरिका के एरिजोना में विमान दुर्घटना में चार लोगों की मौत

**एरिजोना।** अमेरिका में एरिज़ोना प्रांत के नवाजो नेशन में बुधवार को एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से चार लोगों की मौत हो गई। नवाजो नेशन पुलिस ने फेसबुक पर बताया कि दुर्यघटना के समय यह छोटा विमान पास के एक अस्पताल से एक मरीज को लेने जा रहा था। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना अपराह्न करीब 12:40 बजे एरिज़ोना के चिनले के पास हुई। सीएनएन न्यूज चैनल ने अपनी रिपोर्ट में नवाजो पुलिस के हवाले से बताया कि हम पीड़ितों के परिवार और प्रियजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। संघीय उड्डयन प्रशासन के अनुसार राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने बताया कि विमान बीचक्राफ्ट 300 था, जो नवाजो नेशन के चिनले म्यूनिसिंपल हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एनटीएसबी की प्रवक्ता सारा टेलर सुलिक ने सीएनएन को बताया कि एनटीएसबी के जांचकर्ता घटनास्थल के लिए रवाना हो चुके हैं।




नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के दौरान (SIR) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते विपक्षी सांसद प्रियंका गांधी, संजय राउत, सुप्रिया सुले और काकोली घोष व अन्य।

# कंबोडियाई अधिकारियों की हत्या की योजना के आरोपों का खंडन

**बैंकॉक।** थाईलैंड के विदेश मंत्रालय ने उन रिपोर्टों का कड़ा खंडन किया है जिनमें कहा गया है कि उनका देश कथित तौर पर कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेत और सीनेट के अध्यक्ष हुन सेन की हत्या की योजना बना रहा है।

थाई विदेश मंत्रालय ने कहा कि कंबोडिया ने विदेशी खुफिया सूत्रों का हवाला देते हुए यह निराधार आरोप लगाया है कि थाईलैंड, हुन सेन और हुन मानेत की हत्या की साजिश रच रहा है लेकिन थाईलैंड सरकार इस निराधार आरोप का स्पष्ट रूप से खंडन करती है। उल्लेखनीय है कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच 24 जुलाई को सीमा को लेकर एक सशस्त्र टकराव में बदल गया था। सीमा क्षेत्र में झड़पों के बाद, दोनों पक्षों ने भारी गोलाबारी की और इसमें कई लोग हताहत भी हुए। इसके बाद गत सप्ताह कुआलालंपुर में मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम की मध्यस्थता में थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हुई बैठक हुई और तत्काल युद्धविराम समझौते की घोषणा की गई।

# पीएम मोदी गलवान झड़प के बाद पहली बार जाएंगे चीन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एसओसी समिट में शामिल होने के लिए चीन जाएंगे। यह दौरा 31 अगस्त और 1 सितंबर को होगा। यह 2020 में गलवान घाटी में भारत-चीन सैन्य झड़प के बाद मोदी की पहली चीन यात्रा होगी।

मोदी इससे पहले 2018 में वहां गए थे। प्रधानमंत्री के तौर पर पीएम मोदी का यह छठा चीन दौरा होगा, जो 70 सालों में किसी भी भारतीय पीएम की सबसे ज्यादा चीन यात्रा है। चीन से पहले पीएम मोदी 30 अगस्त को जापान पहुंचेंगे। यहां वो भारत-जापान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। पिछले महीने विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन का दौरा किया था, जहां उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग और विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात की। जयशंकर ने जल

> ■ एसओसी समिट में शामिल होंगे मोदी, 11 साल में पांच बार चीन जा चुके हैं भारत के प्रधानमंत्री

संसाधन डेटा शेयर करने, व्यापार प्रतिबंधों, एलएसी पर तनाव कम करने और आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने जैसे मुद्दों पर बात की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मुलाकात ने मोदी की चीन यात्रा का रोडमैप तैयार किया था। एस जयशंकर ने पिछले महीने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात कर उन्हें भारत-चीन के रिश्तों में हुई प्रगति के बारे में बताया था। मोदी और जिनपिंग ने आखिरी बार अक्टूबर 2024 में रूस के कजान में ब्रिक्स समिट के दौरान मुलाकात की थी।

# पाक के सिंधु डेल्टा में पानी 40% घटा

## ऊपरी इलाकों में नहरों और बांधों में रोका, समुद्र का पानी भरने से जमीन हुई खारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सबसे बड़ी नदी सिंधु के डेल्टा में जिंदगी खत्म होने की कगार पर है। सिंधु का पानी ऊपर के इलाकों में नहरों और बांधों में रोक लिया गया है।

इसकी वजह से सिंध प्रांत और डेल्टा क्षेत्र में पानी पहुंचना लगभग बंद हो गया है। 1950 के दशक से अब तक सिंधु डेल्टा में बहने वाले पानी में 80 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। दूसरी तरफ इसमें अरब सागर का खारा पानी घुस आया है। इससे यहां की जमीन खारी हो चुकी है। खेती बंद हो गई है। मछलियों की आबादी घटी है और झींगा-केकड़ों का जीवन संकट में है। डेल्टा में कभी 17 छोटी नदियां, दलदली जमीन, मैंग्रोव जंगल और मछलियों से भरे



कीचड़ भरे मैदान थे। आज वह मिट्टी नमकीन, पानी जहरीला और जमीन रहने लायक नहीं बची। सिंध सरकार के मुताबिक, यहां 80 प्रतिशत पानी पीने लायक नहीं बचा। समुद्र का खारा पानी अब जमीन के अंदर तक घुस आया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 1960 के दशक से अब तक मैंग्रोव का 86 प्रतिशत हिस्सा खत्म हो गया है। इससे मछलियों की आबादी में 80 प्रतिशत की गिरावट आई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले दो दशकों में अब तक 12 लाख से अधिक लोग डेल्टा छोड़कर कराची जैसे शहरों की ओर पलायन कर चुके हैं। पाकिस्तान फिशरफोक फोरम का कहना है कि तटीय इलाकों से हजारों मछुआरे परिवार विस्थापित हो चुके हैं। 54 साल के हबीबुल्लाह खट्टी ने अपना अब्दुल्ला मीरबहार गांव को छोड़ने दिया है। गांव छोड़ने से पहले उन्होंने अपनी मां की कब्र पर आखिरी सलाम किया। वो बताते हैं, कभी 40 गांवों वाले खारो चान इलाके में अब ज्यादातर गांव समंदर निगल चुका है।

# टैरिफ विवाद, ट्रम्प बोले: ब्राजील राष्ट्रपति जब चाहें, बात करें

**ब्रासीलिया।** ब्राजीली राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने राजधानी ब्रासीलिया में एक कार्यक्रम के दौरान ट्रम्प से बातचीत से इन्कार कर दिया।

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बातचीत के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। ट्रम्प ने कहा था कि लूला जब चाहें, मुझसे बात कर सकते हैं। लूला ने इस प्रस्ताव को ठुकराते हुए कहा कि मैं टैरिफ पर बात करने के लिए ट्रम्प को कॉल नहीं करूंगा। इसके बदले पीएम नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग जैसे नेताओं से बातचीत करना चाहूंगा। अमेरिका ने ब्राजील पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है। ब्राजील इससे

> ■ लूला दा सिल्वा का दो टूक जवाब-उनसे नहीं मोदी और जिनपिंग से चर्चा करना चाहूंगा

निपटने के लिए विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में जाने पर विचार कर रहा है।

लूला ने यह भी कहा कि भले ही ट्रम्प से उनकी बातचीत न हो, लेकिन वे नवम्बर में होने वाले डब्ल्यूटीओ-30 क्लाइमेट समिट में ट्रम्प को न्योता जरूर भेजेंगे। अमेरिका ने हाल ही में ब्राजील पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। ट्रम्प प्रशासन के मुताबिक यह टैरिफ पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के चलते लगाया गया है।

# नेतन्याहू ने पूरा गाजा कब्जाने का बनाया मन, आर्मी चीफ बोले: यह गलती मत कर देना

**तेल अवीव।** गाजा युद्ध शुरू होने के करीब दो साल बाद इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने अब पूरे गाजा पर कब्जा करने की योजना (बिग गाजा प्लान) पर काम शुरू कर दिया है। लेकिन, नेतन्याहू के इस बिग गाजा प्लान पर इजरायली सेना सहमत नहीं है। इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) के चीफ आफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एयाल जमीर ने योजना पर आपत्ति जताई है।

इससे इजरायली राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के बीच तनाव और अधिक बढ़ गया है। जमीर ने चेतावनी दी है कि गाजा पर कब्जे की कोशिश से वहां बंधक 20 इजरायली नागरिकों की जान को गंभीर खतरा हो सकता है। जमीर के मुताबिक इससे इजरायल गाजा में एक थकाऊ युद्ध में उलझ जाएगा।



**जमीर के मुताबिक इससे इजरायल गाजा में एक थकाऊ युद्ध में उलझ जाएगा**

फिलहाल गाजा के करीब 75 प्रतिशत हिस्से पर इजरायली सेना का नियंत्रण है। अब नेतन्याहू संपूर्ण गाजा पर कब्जा चाहते हैं। नेतन्याहू सरकार के कट्टरपंथी मंत्री गाजा पर सैन्य शासन लागू कर फिर से यहूदियों की बस्तियों की स्थापना करने की मांग कर रहे हैं। नेतन्याहू के करीबी सहयोगियों ने बिग गाजा प्लान के खिलाफ जाने पर आर्मी चीफ जमीर का इस्तीफा मांगा है। उनके एक करीबी अधिकारी ने एक इजरायली वेबसाइट से कहा कि अब फैसला हो चुका है, हम गाजा पर पूर्ण कब्जे की ओर बढ़ रहे हैं। अगर चीफ आफ स्टाफ जमीर को यह मंजूर नहीं है, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। गाजा युद्ध के दौरान इजरायली अधिकारियों ने पीएम नेतन्याहू के फैसलों पर सवाल उठाए हैं। आंतरिक खुफिया एजेंसी शिन बेट प्रमुख रानन बार को हटाने की नेतन्याहू की योजना कोर्ट ने रोक दी थी। आईडीएफ चीफ हर्शी हलेवी ने मार्च 2025 में इस्तीफा दे दिया था। नवम्बर 2024 में तत्कालीन रक्षा मंत्री गैलेंट को नेतन्याहू ने 'विश्वास संकट' का हवाला देकर हटा दिया था।

# संरा ने गाजा में इजरायली सैन्य अभियानों के विस्तार को लेकर दी चेतावनी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र गाजा पट्टी के माध्यम से इजराईली सैन्य अभियानों के संभावित विस्तार के खिलाफ चेतावनी दी है। यूरोप पश्चिम एशिया और अमेरिका के लिए संयुक्त राष्ट्र के सहायक महासचिव मिरोस्लाव जेंका ने मंगलवार को कहा कि इज़रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा पूरे गाजा पट्टी में इज़रायली सैन्य अभियानों का विस्तार करने के संभावित निर्णय से संबंधित नवीनतम रिपोर्टें यदि सच हैं, तो बेहद चिंताजनक हैं। उन्होंने सुरक्षा परिषद को बताया कि इससे लाखों फलस्तीनियों के लिए विनाशकारी परिणाम सामने आएंगे और गाजा में शेष (इजरायली) बंधकों के जीवन को और भी खतरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अंतर्राष्ट्रीय कानून स्पष्ट है। गाजा फलस्तीनी राज्य का एक अभिन्न अंग है और उसे बना रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसा कि अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने जुलाई 2024 में कहा था कि इज़रायल का दायित्व है कि वह सभी नई बस्तियां बसाने की गतिविधियों को तुरंत बंद करे।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108